नई दिल्ली, सोमवार 13 अप्रैल 2026 ■ वैशाख मास कृष्ण पक्ष - 11 ■ वर्ष : 29, अंक : 359 ■ पृष्ठ : 12 मूल्य : 2.00 * मौसम अधि. 34 न्यून. 21 haribhoomi.com

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



दिग्गज गायिका आशा भोसले का 92 साल की उम्र में निधन, आज होगा अंतिम संस्कार

# हमेशा जिंदा रहेंगी 'आशा,...बस, वे गाएंगी नहीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारतीय संगीत जगत की महान गायिका आशा भोसले का 92 वर्ष की उम्र में निधन हो गया, उन्होंने मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में रविवार दोपहर अंतिम सांस ली। बेटे आनंद भोसले ने कहा कि सोमवार सुबह 11 बजे उनके घर पर अंतिम दर्शन किए जा सकते हैं। अंतिम संस्कार सोमवार शाम 4 बजे शिवाजी पार्क में किया जाएगा। आशी जी को शनिवार को अत्यधिक थकान और चेस्ट में इन्फेक्शन की वजह से अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सात दशकों से अधिक समय तक अपनी जादुई आवाज ▶▶ शेष पेज 7 पर

» **बड़ी बहन लताजी की उम्र में ही दुनिया से विदा हुईं**

» **'दादासाहेब फाल्के' व 'पद्म विभूषण' से सम्मानित थीं**



### 'नया दौर' फिल्म से मिली सफलता

आशा भोसले ने 10 साल की उम्र में गाना शुरू किया और 1943 की मराठी फिल्म 'माझा बाल' के गीत 'चला चला नव बाला' से अपने करियर की शुरुआत की। पांच साल बाद उन्होंने फिल्म 'चुनरिया' (1948) के गीत 'सावन आया' से हिंदी सिनेमा में कदम रखा। उन्हें असली पहचान फिल्म 'नया दौर' (1957) के गीतों 'मांग के साथ तुम्हारा' और 'उड़ें जब जब जुल्फें तेरी' से मिली।

**भावुक हुए पीएम मोदी**

## कहा-उनके गीत हमेशा लोगों की जिंदगी में गूंजते रहेंगे

पीएम नरेंद्र मोदी ने कई तस्वीरें शेयर कर लिखा कि उनका अनोखा संगीत सफर दशकों तक चला, जिसने हमारी सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध किया और दुनियाभर के अनगिनत लोगों के दिलों को छुआ। भावपूर्ण गीतों से लेकर जोशीले संगीत तक, उनकी आवाज में हमेशा एक खास चमक रही। उनके साथ हुई मेरी ▶▶ शेष पेज 7 पर



नरेंद्र मोदी

## गृह मंत्री शाह ने दी श्रद्धांजलि- वे मधुर आवाज, अद्वितीय प्रतिभा की धनी

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने दिग्गज गायिका आशा भोसले के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने न केवल अपनी मधुर आवाज और अद्वितीय प्रतिभा से एक अनूठी पहचान बनाई, बल्कि अपने सुरों के माध्यम से भारतीय संगीत को और भी समृद्ध किया। आज हर भारतीय और विशेषकर मेरे जैसे हर संगीत प्रेमी के लिए दुःखद दिन है।



अमित शाह



▶▶ पढ़ें पेज 06 भी

inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला

एसआरएच आरआर

शाम 7.30 बजे से

**खबर संक्षेप**

### आज नारी सम्मेलन को पीएम मोदी करेंगे संबोधित



नई दिल्ली। पीएम नरेंद्र मोदी आज सोमवार को राजधानी में राष्ट्रीय स्तर के 'नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को संबोधित करेंगे। यह सम्मेलन विज्ञान भवन में सुबह 11 बजे रखा गया है। इसमें सरकार, शिक्षा जगत, विज्ञान, खेल, उद्यमिता जैसे विभिन्न क्षेत्रों की अग्रणी महिलाएं शामिल होंगी।

### अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से, 15 से रजिस्ट्रेशन



नई दिल्ली। अमरनाथ यात्रा 2026 की घोषणा हो चुकी है। श्री अमरनाथ जी श्राइन बोर्ड के अनुसार, इस साल की वार्षिक तीर्थयात्रा 3 जुलाई 2026 से शुरू होगी। समापन 28 अगस्त को रक्षा बंधन के पावन अवसर पर होगा। 15 अप्रैल से पंजीयन होंगे।

### एफआईआर के बाद पति का दावा, मोनालिसा गायब



नई दिल्ली। प्रयागराज महाकुंभ वायरल गर्ल केस में नया मोड़ सामने आ गया है। मोनालिसा के पति फरहान ने दावा किया है कि वह उसे छोड़कर भाग गई है, जिसकी तलाश के लिए वह राजस्थान के अजमेर में भटक रहा है। उसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

अमेरिका-ईरान शांति वार्ता » इस्लामाबाद में 21 घंटे की मैराथन शांति वार्ता विफल, भड़के ट्रंप ने कहा-ईरान में जो कुछ बचा है उसे भी खत्म कर देंगे

# कोई फॉर्मूला न बन पाने पर रूस के राष्ट्रपति बोले-हम मध्यस्थता करेंगे

अमेरिका-ईरान के बीच शांति वार्ता भले ही विफल हो गई हो पर अंतिम अवसर अभी भी बचा है। पर दो हफ्तों तक सीजफायर के दौरान कोई बात नहीं बनती है तो युद्ध और भीषण रूप ले सकता है



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लीजिए, पाकिस्तान फेल हो गया। मिडिल ईस्ट का नया चौधरी बनने की उसकी ख्वाहिश धरी की धरी रह गई। पाक के पीएम शाहबाज शरीफ अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के पीछे भागते नजर आए। पर, वेंस अपने 4 साथियों के साथ वॉशिंगटन लौट गए। ईरान का 70 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल भी तेहरान चला गया। 21 घंटे तक चली शांति वार्ता में पाक कोई समाधान नहीं सुझा सका और दोनों पक्षों को किसी भी फॉर्मूले पर राजी कर सका।

पाक की इस विफलता के बाद रूस सामने आया है। राष्ट्रपति पुतिन ने कहा है कि वे इस मसले पर मध्यस्थता करने को तैयार हैं। उनके पास फॉर्मूला ▶▶ शेष पेज 7 पर

**वार्ता विफल रहने पर भी सीजफायर रहेगा कायम**



इस्लामाबाद में शांति वार्ता के दौरान की तस्वीर

### अमेरिका ने क्या रखी शर्त

- ईरान परमाणु हथियार हासिल न करे
- स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को फौरन खोल दे

### ईरान ने क्या रखी शर्त

- लेबनान पर तत्काल हमले बंद हों
- परमाणु कार्यक्रम शांतिपूर्ण रहेगा

» **पुतिन ने ईरान के राष्ट्रपति पेजेश्कियन से शांति प्रयासों पर बात की**

» **संभवतः अगली शांति वार्ता मास्को में आयोजित की जाए**




### अमेरिका ने दिया 'अंतिम प्रस्ताव'

जेडी वेंस ने कहा कि अमेरिका ने ईरान के सामने अपना अंतिम और सबसे अच्छा प्रस्ताव रखा था। हमें उनकी ओर से इस बात की स्पष्ट प्रतिबद्धता दिखनी चाहिए कि वे परमाणु हथियार हासिल करने की कोशिश नहीं करेंगे और न ही ऐसे ▶▶ शेष पेज 7 पर

**बोले ईरानी स्पीकर**

### भरोसा हासिल करने में नाकाम रहा अमेरिका

ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बाघेर गालिबफ ने कहा कि अमेरिका ईरान का भरोसा हासिल करने में नाकाम रहा, जबकि उन्होंने इसे तेहरान की अच्छी नीयत से बातचीत करने की इच्छा बताया। ईरानी डेलीगेशन के रखे गए प्रस्तावों से आखिरकार कोई तरक्की नहीं हुई। अमेरिका ने हमारे लॉजिक और प्रिंसिपल्स को समझ लिया है, और अब यह तय करने का समय है कि वह हमारा भरोसा जीत सकता है या नहीं।



भारत ने अरुणाचल पर चीन के दावों को किया खारिज, कहा

## मनगढ़ंत कहानियों से नहीं बदलेगी हकीकत अरुणाचल प्रदेश भारत का अविभाज्य हिस्सा

- ऐसी किसी शरारती कोशिश को भारत बर्दाश्त नहीं करेगा
- चीन की हरकतें द्विपक्षीय संबंधों को नुकसान पहुंचाती हैं



विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्रालय ने चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश की कुछ जगहों को फर्जी नाम देने की कोशिश को पूरी तरह अस्वीकार कर दिया है। एमईए के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा है कि ऐसी किसी भी शरारती कोशिश को भारत बर्दाश्त नहीं करेगा। चीन ने हाल ही में अरुणाचल प्रदेश की कई जगहों, पहाड़ों, दर्रों, नदियों और बस्तियों के लिए चीनी नाम जारी किए हैं। भारत इसे दक्षिण तिब्बत मानकर अपना दावा जताता रहा है, लेकिन भारत सरकार ने स्पष्ट किया है कि यह क्षेत्र भारत का अभिन्न अंग है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि हमने देखा है कि चीन भारतीय राज्य अरुणाचल प्रदेश में जगहों के नामकरण के अपने व्यर्थ और बेतुके प्रयासों को जारी रखे हुए है। हमारे सैद्धांतिक रुख के अनुरूप, हम इन प्रयासों को स्पष्ट रूप से खारिज करते हैं।

### क्रिएटिव नामकरण से सच्चाई नहीं बदलेगी

रणधीर जायसवाल ने कहा कि क्रिएटिव नामकरण इस निर्विवाद वास्तविकता को नहीं बदल सकता कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा। चीन की ओर से झूठे दावे पेश करना और बेबुनियाद कथानक गढ़ना इस हकीकत को नहीं बदल सकता। मंत्रालय ने चेतावनी दी कि चीन की ये हरकतें भारत-चीन द्विपक्षीय संबंधों को स्थिर और सामान्य बनाने के प्रयासों को नुकसान पहुंचाती हैं।

### भारत शांतिपूर्ण समाधान के पक्ष में

*जायसवाल ने कहा कि चीन की ये कार्रवाइयां संबंधों में नकारात्मकता घोलती हैं और बेहतर समझ विकसित करने के प्रयासों को कमजोर करती हैं। चीन को ऐसी कार्रवाइयों से बचना चाहिए जो संबंधों में नकारात्मकता डालें। विदेश मंत्रालय ने जोर दिया कि दोनों पड़ोसी देशों को ऐसी हरकतों से दूर रहना चाहिए जो द्विपक्षीय संबंधों को प्रभावित करें। भारत हमेशा शांतिपूर्ण समाधान और सीमा क्षेत्र में शांति बनाए रखने के पक्ष में रहा है।*

### भारत का अडिग रुख


*भारत ने पहले भी चीन की इसी तरह की कई कोशिशों को खारिज किया है। हर बार सरकार ने दोहराया है कि नाम बदलने से जमीनी हकीकत नहीं बदलती। अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न हिस्सा है और रहेगा। यह बयान ऐसे समय में आया है जब दोनों देश सीमा मुद्दों पर बातचीत जारी रखे हुए हैं, लेकिन चीन की ओर से बार-बार उठाए जा रहे ऐसे कदम संबंधों में तनाव बढ़ा सकते हैं।*

## विदेश मंत्री जयशंकर ने यूएई के डिप्टी पीएम नाहयान से की भेंट

एजेंसी ▶▶ अबू धाबी

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर, दो दिन की संयुक्त अरब अमीरात यात्रा पर हैं। इस दौरान डॉ. जयशंकर ने संयुक्त अरब अमीरात के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान से अबू धाबी में मुलाकात की, जिसमें क्षेत्रीय स्थिति में हो रहे बदलाव और उसके प्रभावों पर चर्चा केंद्रित रही। विदेश मंत्री ने भारतीय समुदाय की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने में संयुक्त अरब अमीरात सरकार के समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। दोनों पक्षों ने सहयोग की समीक्षा की और व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के तरीकों पर विचार किया। बता दें विदेश मंत्री एस. जयशंकर 9 से 12 अप्रैल तक मॉरीशस और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की अपनी चार दिवसीय यात्रा के अंतिम चरण में अबू धाबी में हैं। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबू धाबी में राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जाएद अल नाहयान से मुलाकात की। उन्होंने पश्चिम एशिया संघर्ष के दौरान अमीरात में भारतीय समुदाय के हितों का ध्यान रखने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी की ओर से आभार प्रकट किया। जयशंकर ने दोनों देशों के व्यापक सामरिक संबंधों को मज़बूती प्रदान करने के लिए भी अमीरात के राष्ट्रपति को धन्यवाद दिया।

**क्षेत्रीय स्थिति में बदलावों पर हुई चर्चा**



### यूएई के प्रयासों की सराहना की

*जयशंकर ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि शनिवार शाम अबू धाबी में संयुक्त अरब अमीरात के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान से मिलकर बहुत खुशी हुई। हमारी बातचीत क्षेत्रीय स्थिति में हो रहे बदलावों और उनके प्रभावों पर केंद्रित रही। जयशंकर ने कहा कि उन्होंने खाड़ी देश में भारतीय समुदाय का कल्याण सुनिश्चित करने के लिए संयुक्त अरब अमीरात के नेतृत्व द्वारा किए जा रहे प्रयासों को लेकर भारत की ओर से गहरी सराहना व्यक्त की। दोनों देशों ने यह भी विश्वास व्यक्त किया कि भारत-संयुक्त अरब अमीरात व्यापक रणनीतिक साझेदारी और आगे बढ़ती रहेगी। जयशंकर मॉरीशस की अपनी यात्रा समाप्त करने के बाद शनिवार को संयुक्त अरब अमीरात पहुंचे, जहां उन्होंने नौवें हिंद महासागर सम्मेलन में हिस्सा लिया था।*

कांग्रेस ने डॉ. अंबेडकर के सम्मान में मैराथन का किया आयोजन, राहुल गांधी ने दिखाई हरी झंडी

## राहुल गांधी बोले- डॉ. अंबेडकर की सोच को खत्म करना ही भाजपा व आरएसएस का एकमात्र लक्ष्य

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने रविवार सुबह नई दिल्ली में 'रन फॉर अंबेडकर, रन फॉर कॉन्स्टिट्यूशन' नामक सामाजिक परिवर्तन मैराथन को हरी झंडी दिखाकर उसका शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर जी की सोच और हिंदुस्तान के संविधान को खत्म करना ही भाजपा-आरएसएस का एकमात्र लक्ष्य है, क्योंकि वो नहीं चाहते हैं कि देश के सभी लोगों को एक समान माना जाए। इस मैराथन का




आयोजन पार्टी के अनुसूचित जाति विभाग द्वारा ओबीसी विभाग के समन्वय से किया गया था, जिसमें हजारों प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर के महान योगदान का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि संविधान डॉ. अंबेडकर जी का मुख्य संदेश था। राहुल गांधी ने जोर देकर कहा कि संविधान के बिना हमारे देश का मौजूदा स्वरूप संभव नहीं होता। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि भाजपा नेता चाहे अंबेडकर जी की प्रतिमा के सामने हाथ जोड़ते हों, लेकिन उनका असली मकसद अंबेडकर जी की सोच और संविधान को खत्म करना ही है। कांग्रेस के दृष्टिकोण को स्पष्ट करते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी का लक्ष्य संविधान की रक्षा करने के साथ उसके संदेश को देश के कोने-कोने तक फैलाना व इसे और अधिक मजबूत करना है। इसी उद्देश्य से कांग्रेस द्वारा 'रन फॉर अंबेडकर, ▶▶ शेष पेज 7 पर

समुद्री सुरक्षा और रणनीति पर शीर्ष नेतृत्व करेगा मंथन

# भारतीय नौसेना की कमांडर्स कॉन्फ्रेंस 14-16 अप्रैल को

» *चुनौतियों से निपटने की रणनीतियों की समीक्षा करेंगे*

» *यह महत्वपूर्ण सम्मेलन नौसेना भवन में आयोजित होगा*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना के टॉप कमांडर की एक महत्वपूर्ण बैठक होने जा रही है। यहां नौसेना के कमांडर्स समुद्री सुरक्षा, परिचालन तैयारियों और राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए रणनीतिक दिशा तय करेंगे। इसमें नौसेना का शीर्ष नेतृत्व, ऑपरेशनल कमांडर और वरिष्ठ अधिकारी भाग लेंगे। यह नौसेना की कमांडर्स कॉन्फ्रेंस हैं।



नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी

दरअसल, भारतीय नौसेना 'कमांडर्स कॉन्फ्रेंस 2026' का पहला संस्करण आयोजित करने जा रही है। नौसेना के मुताबिक, यह 'कमांडर्स कॉन्फ्रेंस' नई दिल्ली में 14 अप्रैल से 16 अप्रैल तक आयोजित की जाएगी। नौसेना प्रमुख और अन्य वरिष्ठ कमांडर वर्तमान भू-राजनीतिक परिस्थितियों का गहन ▶▶ शेष पेज 7 पर

### समुद्री सुरक्षा और तैयारियों पर होगी चर्चा

*यह सम्मेलन 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद नौसेना की ऑपरेशनल सिद्धांतों की पुष्टि, तीनों सेनाओं के बीच समन्वय को मजबूत करने व तकनीक आधारित प्रतिक्रिया तंत्र को और प्रभावी बनाने के दृष्टिकोण से भी विशेष महत्व रखता है। यह तीन दिवसीय महत्वपूर्ण सम्मेलन नौसेना भवन में आयोजित होगा, जिसमें नौसेना के शीर्ष नेतृत्व, ऑपरेशनल कमांडर और वरिष्ठ अधिकारी भाग लेंगे। दूसरी ओर यह सम्मेलन समुद्री सुरक्षा, परिचालन तैयारियों और राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए रणनीतिक दिशा तय करने का प्रमुख मंच माना जाता है।*

### त्वरित तैनाती और समुद्री निगरानी पर विशेष ध्यान

*इस संदर्भ में सम्मेलन के दौरान त्वरित तैनाती, समुद्री निगरानी और संकट के समय समन्वित प्रतिक्रिया पर विशेष फोकस रह सकता है। इस महत्वपूर्ण नौसैनिक सम्मेलन में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ और गृह सचिव भी शामिल होंगे। वरिष्ठ अधिकारियों की ओर से राष्ट्रीय सुरक्षा के व्यापक दृष्टिकोण को सामने रखा जाएगा। इनके साथ विचार-विमर्श के माध्यम से तीनों सेनाओं के बीच तालमेल, संयुक्त संचालन और रणनीतिक समन्वय को मजबूत बनाने पर जोर दिया जाएगा। यह मंच राष्ट्रीय नेतृत्व और नौसेना के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच संवाद को भी सुदृढ़ करेगा।*

### एआई आधारित समाधानों पर फोकस

*इस नौसैनिक सम्मेलन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित समाधानों और डेटा-ड्रिवन तकनीकों की पर फोकस रहेगा। इन्हें नौसेना के संचालन में शामिल करने की दिशा में की गई प्रगति की समीक्षा की जाएगी। इससे निर्णय लेने की क्षमता, निगरानी प्रणाली और मिशन की सटीकता में सुधार होगा। सम्मेलन में स्वदेशीकरण, नवाचार और रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता को बढ़ाने के प्रयासों पर भी विचार किया जाएगा।*

## खबर संक्षेप

### 'एक पेड़ माँ के नाम' से जुड़ रहा हर घरः चहल

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से चल रहे 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान को नई दिल्ली में लगातार व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है और हर घर इस अभियान से जुड़ रहा है। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने रविवार को लक्ष्मीबाई नगर स्थित गोल मार्केट में आयोजित 'एक पेड़ माँ के नाम ऑन संडे' कार्यक्रम के दौरान यह बात कही। इस अवसर पर आरडब्ल्युए के पदाधिकारीगण अमित कुमार, सुदेश किंगरा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय निवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पौधारोपण किया और इस अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप देने में सक्रिय योगदान दिया।

### दिल्ली को किसान का दर्जा नहीं दे रही दिल्ली सरकार : डॉ नरेश कुमार

नई दिल्ली। दिल्ली कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. नरेश कुमार ने कहा कि हाल ही में हुई बेमौसम बारिश से किसानों की फसल को भारी नुकसान हुआ, लेकिन 50 हजार रुपये प्रति एकड़ मुआवजे की मांग को भी सरकार ने नजरअंदाज कर दिया। डॉ. नरेश कुमार ने कहा कि भाजपा ने सत्ता में आने से पहले यह मुद्दा जोर-शोर से उठाया था कि शीला दीक्षित ने दिल्ली का किसान राज्य का दर्जा खत्म कर दिया, लेकिन खुद सत्ता में आने के बाद भाजपा भी इस मुद्दे को भूल गई। अब भाजपा सरकार तुरंत दिल्ली को किसान राज्य का दर्जा दे और किसानों से किया गया वादा पूरा करे। साथ ही डॉ नरेश कुमार ने दिल्ली सरकार को लेकर कहा कि किसानों को उनकी फसल का एमएसपी पर खरीद की गारंटी भी नहीं दी गई, जिसके कारण आज भी किसान अपनी उपज बाजार भाव से कम कीमत पर बेचने को मजबूर हैं।

### दिल्ली में मुख्यमंत्री बदलने की जल्दी में भाजपा : सौरभ

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने नवनियुक्त उपराज्यपाल को लोगों के बीच सक्रिय दिखने पर भाजपा पर तंज कसा है। उन्होंने एलजी की सक्रियता को सीएम रेखा गुप्ता की कुर्सी के लिए खतरा बताया है। उन्होंने कहा कि भाजपा दिल्ली में मुख्यमंत्री बदलने की जल्दी में है, तभी एलजी को मुख्यमंत्री के समानांतर सक्रिय कर दिया है। ऐसा लगता है कि एक साल में ही भाजपा नेतृत्व को सीएम रेखा गुप्ता की अक्षमता का एहसास हो गया है। इसलिए एलजी को आगे कर दिया गया है, ताकि जनता सीएम रेखा गुप्ता के कामकाज पर कम ध्यान दे और भाजपा उनकी अक्षमता को दिखाकर नया मुख्यमंत्री बना सके। रविवार को एक्स पर पोस्ट कर सौरभ भारद्वाज ने कहा कि मुझे लगता है कि भाजपा को यह एहसास हो गया है कि उनकी मुख्यमंत्री पद की पसंद रेखा गुप्ता अक्षम हैं। उन्हें इतनी जल्दी हटाना पार्टी के लिए बहुत शर्मनाक होगा।

### गड़बड़ी करने वालों पर होगी कार्रवाई

# सरकारी उपक्रमों के शराब बिक्री के खातों की होगी सघन जांच : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

शराब के बिक्री में शामिल सरकारी उपक्रमों के 5 साल के वित्तीय रिकॉर्ड का क्रॉस-वेरिफिकेशन किया जाएगा और इनके खातों की संघन जांच भी जाए। यह निर्देश मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिए हैं। मुख्यमंत्री 0रेखा गुप्ता ने स्पष्ट किया है कि राजधानी में शराब की रिटेल बिक्री से जुड़े सरकारी उपक्रमों के वित्तीय मामलों में किसी भी प्रकार की अनियमितता, लापरवाही या गड़बड़ी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि हाल ही में यह तथ्य सामने आया है कि शराब बिक्री से जुड़े कुछ सरकारी उपक्रमों में लंबे समय तक खातों का समुचित मिलान नहीं किया गया, जिसके चलते वित्तीय अनियमितताओं और सरकारी खजाने को संभावित नुकसान की स्थिति बनी है। मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली में शराब की खुदरा बिक्री का संचालन दिल्ली उपभोक्ता सहकारी थोक भंडार, दिल्ली पर्यटन एवं परिवहन विकास निगम, दिल्ली राज्य नागरिक आपूर्ति निगम और दिल्ली राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम जैसे सरकारी संस्थानों को सौंपा गया है, जिन्होंने शहर के विभिन्न हिस्सों में रिटेल आउटलेट स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य न केवल वित्तीय रिकॉर्ड की शुद्धता सुनिश्चित करना है, इसके लिए खातों की सख्त निगरानी, मिलान और रिकॉर्ड का वेरिफिकेशन और वैलिडेशन की व्यापक प्रक्रिया लागू की जा रही है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने निर्देश दिए हैं कि सभी संबंधित संस्थाएं अपने पिछले पांच वर्षों के वित्तीय एवं संचालन से जुड़े रिकॉर्ड का व्यापक मिलान करें। इसमें बिक्री, खरीद, स्टॉक और नकद खातों से संबंधित सभी प्रविष्टियों की गहन जांच शामिल होगी। साथ ही इन संस्थाओं को दिल्ली सरकार के आबकारी विभाग के साथ करीबी समन्वय स्थापित करते हुए सभी रिकॉर्ड का वेरिफिकेशन और वैलिडेशन सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए आबकारी आयुक्त द्वारा इन संस्थाओं के बिक्री, स्टॉक और राजस्व संबंधी आंकड़ों का स्वतंत्र रूप से क्रॉस-वेरिफिकेशन किया जाएगा ताकि किसी भी प्रकार की वित्तीय कुप्रबंधन या गड़बड़ी की पूरी तरह पहचान की जा सके।



#### किसी प्रकार की ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी

मुख्यमंत्री ने सख्त लहजे में कहा कि अगर जांच में किसी भी स्तर पर अनियमितता, वित्तीय कुप्रबंधन या सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचाने के तथ्य सामने आते हैं तो जिम्मेदार अधिकारियों एवं संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने दो टूक कहा कि सार्वजनिक धन की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी।

#### आबकारी विभाग दो माह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट वित्त विभाग को प्रस्तुत करे

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने निर्देश दिया कि सभी संबंधित संस्थाएं और आबकारी विभाग इस पूरी प्रक्रिया की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर आदेश जारी होने की तिथि से दो माह के भीतर वित्त विभाग को अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि इन सख्त कदमों से न केवल वित्तीय पारदर्शिता मजबूत होगी, बल्कि राजस्व वसूली की प्रक्रिया भी अधिक प्रभावी और जवाबदेह बनेगी।

### एक विकसित भारत युवाओं की सार्थक भागीदारी से होता है परिभाषित : विजेंद्र



नई दिल्ली। एक विकसित भारत केवल आर्थिक आंकड़ों से नहीं, बल्कि उसकी संस्थाओं की मजबूती और युवाओं की सार्थक भागीदारी से परिभाषित होता है। यह विचार रविवार को दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स (एसआरसीसी) में आयोजित 'माय भारत बजट फेस्ट 2026' को संबोधित करते हुए व्यक्त किया। युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम मेंउपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि केंद्रीय बजट केवल एक वित्तीय दस्तावेज नहीं है, बल्कि यह राष्ट्रीय संकल्प की अभिव्यक्ति और देश के भविष्य का मार्गदर्शक है। इस अवसर पर श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स की प्राचार्या प्रोफेसर सिमरित कौर तथा युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। गुप्ता ने कहा कि 'महिला मॉक संसद' मात्र एक प्रतीकात्मक अभ्यास नहीं है, बल्कि यह एक सुविचारित मंच है, जो युवा महिलाओं को विधायी प्रक्रिया की गहराई, अनुशासन और जिम्मेदारी से परिचित कराता है। यह उन्हें शासन से जुड़े विषयों पर संरचित एवं विचारशील तरीके से संवाद करने का अवसर प्रदान करता है। गुप्ता ने कहा कि ऐसे मंचों में भागीदारी से विचारों में स्पष्टता और अभिव्यक्ति में आत्मविश्वास का विकास होता है। यह तर्कसंगत संवाद, विभिन्न दृष्टिकोणों के प्रति सम्मान और सामूहिक निर्णय निर्माण की प्रक्रिया के प्रति समझ को प्रोत्साहित करता है, जो प्रभावी नेतृत्व और सशक्त लोकतंत्र की आधारशिला हैं। गुप्ता ने कहा कि आज यहां 325 युवा महिलाओं की उपस्थिति सार्वजनिक जीवन के प्रति दृष्टिकोण में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन को दर्शाती है।

## बवाना में हुई पंचायत में दिल्ली देहात के मुद्दों पर हुई चर्चा, सरकार से समाधान की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- चौधरी धारा सिंह को बवाना बावनी का आजीवन प्रधान चुना गया

दिल्ली देहात के बवाना गाँव में बवाना 52 गाँव कि पंचायत चौधरी साहब सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमे सर्वसम्मति से चौधरी धारा सिंह को बवाना बावनी का प्रधान चुना गया। पंचायत में अपना संबोधन देते हुए पालम 360 के प्रधान चौधरी सुरेन्द्र सोलंकी ने कहा कि चौधरी धारा सिंह पिछले 30 वर्षों से लगातार बवाना 52 के प्रधान के रूप में अच्छा कार्य कर रहे हैं उनके परिवार का पूरे दिल्ली देहात और देश में नाम है इसे को देखते हुए बवाना 52 के सभी गांवों ने आजीवन प्रधान के रूप मे चुना है, समस्त दिल्ली देहात उनके इस फैसले का स्वागत करता है ।

पंचायत में दिल्ली देहात लंबित मुद्दों पर भी चर्चा हुई जैसे सर्किल रेट, मास्टर प्लान, 74/4 , 20 सूत्री योजना के तहत आवंटित जमीन और प्लॉट का मालिकाना हक देने की मांग, सम्पूर्ण हाउस टैक्स मुक्त गांव, लालडोरा विस्तार जैसे मुद्दों पर सरकार से वार्ता कर जल्द समाधान की मांग की गई। नरेला 17 के प्रधान चौ रणबीर खत्री, कराला 17 के प्रधान चौ समुंदर, नांगलोई 9 के प्रधान सुरेश शोकीन समेत बवाना 12 के सभी गाँव ने दिल्ली देहात के जरूरी मुद्दों का समर्थन किया। पंचायत में नरेश प्रधान लाड़ोसराय 96, विनोद प्रधान कुंडल 8, वेदपाल प्रधान खेड़ा जतराना 8, डबास खाप से करण सिंह, जय प्रकाश प्रधान बवाना ग्रामीण गौशाला, पंडित कृष्ण पहलवान, योगेश शर्मा, यगदत्त कौशिक प्रधान ब्राह्मण सभा, रामचंद्र,रामकिशन घोघा, सुरेन्द्र कुमार पूर्व विधायक, पवन सहरावत निगम पार्षद, पूर्व निगम पार्षद नारायण सिंह, पौनी पहलवान पूर्व बाजे प्रधान बाल्मीकि समाज चेयरमैन तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### स्वरूप नगर बस स्टैंड और एफओबी का जर्जर शेड हुआ दुरुस्त

नई दिल्ली। दिल्ली के राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर जीटी करनाल मार्ग स्थित स्वरूप नगर बस स्टैंड और उसके पास बने फुट ओवर ब्रिज के जर्जर शेड को लेकर प्रकाशित खबर के बाद स्टैंड और ब्रिज के शेड को दूरूस्त कर दिया गया है। गत माह 'हरिभूमि' के दिल्ली अंक में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाए जाने के बाद संबंधित विभाग ने संज्ञान लेते हुए शेडों की मरम्मत कर दी है, जिससे अब राहगीरों और बस यात्रियों को काफी राहत मिली है। बता दें कि पहले इस फुट ओवर ब्रिज का शेड बेहद खस्ता हालत में था और बस स्टैंड का शेड भी टूटा हुआ था। कई स्थानों पर फाईबर टिन की चादरें उखड़ी हुई थीं और कुछ जगहों पर शीटें ढीली होकर हवा में हिलती नजर आती थीं, जिससे कभी भी हादसा होने की आशंका बनी रहती थी। खासकर बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों के लिए यह स्थिति बेहद जोखिमभरी थी। हालांकि, प्रशासन की इस कार्रवाई के बावजूद क्षेत्रीय लोगों और यात्रियों में आंशिक संतोष ही देखने को मिल रहा है। कारण यह है कि खबर में कई बस स्टैंडों की बदहाली का भी जिक्र किया गया था, उस दिशा में अभी तक दिल्ली सरकार द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

## मेट्रो और डबल-डेकर फ्लाईओवरों से सुधरेगा ट्रैफिक

### दिसंबर तक दिल्ली को मिलेगी बड़ी सौगात, मेट्रो-सड़क परियोजनाओं में आएगी तेजी : सीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



मेट्रो और डबल-डेकर फ्लाईओवरों से दिल्ली का ट्रैफिक सुधारा जाएगा। यह बात दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली मेट्रो और उससे जुड़े सड़क एवं फ्लाईओवर परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा बैठक करने के बाद कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजधानी में आधुनिक और सशक्त सार्वजनिक परिवहन प्रणाली विकसित करना सरकार की प्राथमिकता है, जिससे ट्रैफिक जाम कम हो, यात्रा सुगम बने और प्रदूषण में कमी आए। दिल्ली सचिवालय में हाल में आयोजित इस बैठक में दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) के प्रबंध निदेशक सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। दिल्ली में डीएमआरसी कई फ्लाइओवरों का भी निर्माण कर रहा है। मुख्यमंत्री का कहना है कि कुछ परियोजनाओं में आ रही अड़चनों को लगातार दूर किया जा रहा है। बैठक में दिल्ली का परिवहन सिस्टम सुधारने व प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए बेहतर तालमेल पर जोर दिया गया। मुख्यमंत्री को बताया गया कि दिल्ली मेट्रो का वर्तमान नेटवर्क 416 किलोमीटर में फैला है, जिसमें 303 स्टेशन, 12 लाइनें और 32 इंटरचेंज स्टेशन शामिल हैं।

इसके अतिरिक्त 104.45 किलोमीटर लंबा नेटवर्क और 81 स्टेशन निर्माणाधीन हैं। फेज-4 के प्राथमिक कॉरिडोर में तेज प्रगति हुई है और कुल भौतिक प्रगति 79.57 प्रतिशत तथा वित्तीय प्रगति 80.60 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है। बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने बताया कि मजलिस पार्क से मौजपुर, दीपाली चौक से मजलिस पार्क और जनकपुरी पश्चिम से कृष्णा पार्क एक्सटेंशन जैसे महत्वपूर्ण सेक्शन चालू हो चुके हैं। वहीं, कृष्णा पार्क एक्सटेंशन से दीपाली चौक, मजलिस पार्क से आर के आश्रम और तुगलकाबाद से एरोसिटी जैसे प्रमुख कॉरिडोर दिसंबर 2026 तक पूरे किए जाने का लक्ष्य है। इन कॉरिडोरों में कृष्णा पार्क से दीपाली चौक (लगभग 6.6 किमी), मजलिस पार्क से डेरावल नगर (3.5 किमी), डेरावल नगर से आर. के. आश्रम (7.4 किमी), तुगलकाबाद से संगम विहार (6.3 किमी), संगम विहार से साकेत जी ब्लॉक (4.3 किमी) और साकेत जी ब्लॉक से एरोसिटी (12.6 किमी) शामिल हैं, जो दिल्ली के विभिन्न हिस्सों को बेहतर तरीके से जोड़ेंगे।

### ड्रग सिंडिकेट से जुड़े छह गिरफ्तार

नई दिल्ली। पूर्वी जिला के एंटी नारकोटिक्स स्क्वाड ने अंतरराज्यीय ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़ करते हुये छह तस्करों को गिरफ्तार किया हैं। इनसे 58.7 किलो गांजा और 5.31 लाख नकद बरामद हुये। इनमें एक सप्लायर, एक स्थानीय रिसीवर और बिहार स्थित दो स्रोत शामिल हैं। मामले में दो आरोपियों को पहले पकड़ा गया था, जबकि चार को आगे की जांच के दौरान बाद गिरफ्तार किया गया। बरामद गांजे की बाजार कीमत लगभग 30 लाख के आसपास आंकी गई है। पुलिस के अनुसार एएनएस टीम पहले से ही 2 अप्रैल को पांडव नगर थाने में दर्ज एनडीपीएस एक्ट के एक मामले की जांच कर रही थी। इस मामले में पहले नदीम और मोनू उर्फ अभिषेक निवासी शशि गार्डन, दिल्ली को गिरफ्तार किया गया था। उनके पास से 45 किलोग्राम 760 ग्राम गांजा बरामद हुआ था। इसके अलावा 2,65,400 रुपये नकद, एक इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन और खुदरा वितरण के लिए उपयोग की जाने वाली पैकेजिंग सामग्री जिसमें प्लास्टिक पाउच, स्टेपलर, चिपकने वाला टेप आदि शामिल थे बरामद की गई थी। आगे की जांच के दौरान 9 अप्रैल को नदीम से मिली जानकारी के आधार पर उसके साथी व आपूर्तिकर्ता शेर खान निवासी पावी सड़कपुर, लोनी, गाजियाबाद को गिरफ्तार किया गया। शनिवार को ड्रग पेडलर पिंकी कौर उर्फ डॉन निवासी ब्लॉक-11, कल्याणपुरी को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से 2 किलो 636 ग्राम गांजा और 2,66,180 रुपये नकद बरामद किए गए।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम 'नारी तू नारायणी' के भाव को साकार करने का है राष्ट्रीय संकल्प : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश की करोड़ों माताओं और बहनों के सम्मान, अधिकार और आत्मविश्वास का सशक्त उद्घोष है। यह केवल एक कानून नहीं, बल्कि 'नारी तू नारायणी' के भाव को साकार करने का राष्ट्रीय संकल्प है। यह बातें मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सिंड्रेला फार्म (टिवोली गार्डन के पास), छतरपुर, नई दिल्ली में आयोजित आत्मनिर्भर नारी सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के दशकों बाद यह वह ऐतिहासिक क्षण है, जब देश ने नारी शक्ति को केवल सम्मान देने की बात नहीं की, बल्कि उसे निर्णय और नेतृत्व के केंद्र में स्थान देने का संकल्प लिया है। यह अधिनियम महिलाओं को केवल प्रतिनिधित्व नहीं, बल्कि नीति निर्माण से लेकर राष्ट्र निर्माण तक निर्णायक भूमिका देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए देश की हर महिला की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आभार। इस अवसर पर सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी, विधायक करतार सिंह तंवर, जिलाध्यक्ष रविंद्र सोलंकी, मधु गुप्ता, फोर्टिस वसंत कुंज की निदेशक डॉ. प्रियंका खरबंदा, प्रसिद्ध लेखिका सुरभि सहित सम्मानित अतिथियों और जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### दिल्ली और पंजाब का कुख्यात लुटेरा यूपी से अरेस्ट

नई दिल्ली। क्राइम ब्रांच ने दिल्ली और पंजाब में डकैती और लूट के कई मामलों में 2012 से वांछित अपराधी को यूपी के गोंडा से गिरफ्तार किया है। सेंट्रल रेंज की टीम के हत्थे चढ़े अपराधी का नाम 44 वर्षीय अर्जुन प्रसाद उर्फ अर्जुन पासी बताया गया है। यह बदमाश पिछले लगभग 14 वर्षों से गिरफ्तारी से बचता आ रहा था। पुलिस के अनुसार अर्जुन पासी एक शातिर अपराधी है, जो 2012 से ही कई राज्यों की पुलिस के शिकंजे से सफलतापूर्वक बचता आ रहा था। दिल्ली के पंजाबी बाग, मोती नगर और पंजाब के लुधियाना स्थित मॉडल टाउन पुलिस थानों में दर्ज डकैती और लूट के कई हाई-प्रोफाइल मामलों में इसकी तलाश थी। एसीपी सतेंद्र मोहन के नेतृत्व में इंस्पेक्टर सुनील कालखंडे, एसआई बीरपाल आदि की टीम ने इसे यूपी के गोंडा जिले में स्थित जानकी नगर की एक नई विकसित कॉलोनी से धर दबोचा। आरोपी ने अपनी असली पहचान छिपाने और पुलिस से बचने के लिए अपना पैतृक गांव छोड़ दिया था। 21 सितंबर 2012 में पंजाबी बाग में एक बड़ी लूट की घटना का मुख्य साजिशकर्ता भी पासी ही था। लगभग 400 ग्राम सोने की लूट की गई थी। यह डकैती एक बंगले में की गई थी, जिसमें महिला और उसके बेटे के हाथ पैर बांधकर और उनके मुंह में कपड़ा ठूंसकर वारदात को अंजाम दिया गया था। 5 अगस्त 2016 को मोती नगर में एक नाबालिग को घरेलू नौकर के तौर पर घर में घुसाकर 25 लाख के गहने और एक लाइसेंसी पिस्तौल चोरी करने में भी यह अपराधी शामिल था। इस गिरफ्तारी से पहले तक यह मामला अनसुलझा ही रहा। 12 जनवरी 2018 को मॉडल टाउन थाना, लुधियाना में एक डकैती गिरोह का नेतृत्व भी इसने किया था। वारदात में 40 लाख नकद और 1.25 किलो सोना लूटा गया था। अर्जुन पासी, जवाहर उर्फ बच्चू, करण पासी, राजू और अनिल सोनी नाम के एक स्थानीय सुनार से मिलकर बेहद सटीक और सुनियोजित तरीके से काम करता था।

### दिल्ली नगर निगम के दावों की खुली पोल

# 'रेलवे ट्रैक पर आवारा पशुओं की हलचल, कूड़ा हटाने के दावे पर उठे सवाल'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली में साफ-सफाई को लेकर किए जा रहे दावों की जमीनी हकीकत कुछ और ही तस्वीर बयां कर रही है। सड़कों के साथ-साथ अब रेलवे ट्रैक के किनारे भी आवारा गायों और अन्य पशुओं का जमावड़ा देखने को मिल रहा है, जो न सिर्फ स्वच्छता व्यवस्था पर सवाल खड़ा करता है, बल्कि सुरक्षा के लिहाज से भी गंभीर चिंता का विषय बन चुका है। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) प्रशासन की ओर से लगातार यह दावा किया जा रहा है कि रेलवे ट्रैक के आसपास से कूड़ा-कचरा हटाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। लेकिन मौके पर जाकर देखने पर स्थिति इसके बिल्कुल विपरीत नजर आती है। पंजाबी बाग इलाके में रेलवे ट्रैक के किनारे जगह-जगह कूड़े के ढेर अब भी पड़े हुए हैं, जिनके बीच मवेशी भोजन की तलाश में घूमते दिखाई दे रहे हैं। ऐसे में जरूरी है कि संबंधित विभाग दिल्ली नगर निगम और रेलवे प्रशासन मिलकर इस दिशा में ठोस कदम उठाएं और कागजी दावों के बजाय जमीनी स्तर पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें, ताकि राजधानी की स्वच्छता और सुरक्षा दोनों को कायम रखा जा सके।



#### ट्रेन संचालन के लिए भी साबित हो सकता है बड़ा खतरा

आसपास के स्थानीय और जागरूक लोगों का कहना है कि यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन इस ओर कोई विशेष ध्यान नहीं दिया जा रहा है। कूड़े के ढेर और पशुओं की मौजूदगी से न केवल आसपास के इलाके में गंदगी फैल रही है, बल्कि ट्रेन संचालन के लिए भी यह एक बड़ा खतरा साबित हो सकता है। जनहित में यह मुद्दा इसलिए भी अहम है क्योंकि रेलवे ट्रैक के आसपास की सफाई और सुरक्षा सीधे तौर पर लाखों यात्रियों की जिंदगी से जुड़ी है। लोगों का मानना है कि यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा भी हो सकता है।

### रोहिणी सेक्टर-20 में कम्युनिटी सेंटर का निर्माण कार्य शुरू : इंद्राज

नई दिल्ली। रोहिणी सेक्टर 20 में करीब 32 वर्षों से लंबित अंबेडकर के नाम से कम्युनिटी सेंटर का निर्माण कार्य रविवार से शुरू हो गया है। रविवार को मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह की उपस्थितित इस कम्युनिटी सेंटर के निर्माण कार्य का भूमि पूजन कराया गया। लगभग 3 करोड़ 62 लाख रुपये की लागत से बनने वाला यह भव्य कम्युनिटी सेंटर आगामी 2 वर्षों में तैयार कर क्षेत्रवासियों को समर्पित किया जाएगा। इसके साथ ही क्षेत्र के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए 3 करोड़ 61 लाख रुपये की लागत से वाल्मीकि पार्क के सौंदर्यीकरण एवं सीवर लाइन के नवीनीकरण का कार्य भी किया जाएगा जिससे स्थानीय निवासियों को स्वच्छ, सुरक्षित और बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने कहा कि प्रस्तावित कम्युनिटी सेंटर में पूर्णतः वातानुकूलित डबल स्टोरी भवन, सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए आधुनिक हॉल तथा भविष्य में अटल कैंटीन एवं आरोग्य सेवाओं जैसी सुविधाओं का भी प्रावधान किया जाएगा। यह केंद्र आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए निजी बैंक्वेट हॉल का एक सशक्त विकल्प बनेगा। निर्माण कार्य की सुचारु निगरानी एवं रख-रखाव सुनिश्चित करने के लिए एक सुदृढ़ समिति का गठन किया जाएगा जिसका मुख्य उद्देश्य कार्य की गुणवत्ता और समयबद्धता पर पूर्ण ध्यान देना होगा।

### अधिनियम प्रचार अभियान के लिए भाजपा ने जारी किया मिस्ड काल नंबर

नई दिल्ली। नारी शक्ति वंदन अधिनियम प्रचार अभियान के लिए भाजपा ने मिस्ड काल नंबर 9667173333 जारी किया है और सभी से अपील है कि इस नंबर पर मिस्ड कॉल देकर अपनी सहमति दर्ज कराएं। सांसद एवं दिल्ली प्रदेश भाजपा महामंत्री कमलजीत सहरावत और सांसद एवं प्रदेश मंत्री बांसुरी स्वराज ने रविवार को एक संयुक्त प्रेसवार्ता को सम्बोधित करके यह जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने एक हैश टैग भी जारी किया नारीशक्तिवंदन। वहीं, प्रेसवार्ता का संचालन प्रदेश प्रवक्ता न्योमा गुप्ता ने किया और इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष योगिता सिंह, महिला मोर्चा प्रभारी श्यामबाला, मोर्चा महामंत्री प्रियल भारद्वाज और वैशाली पोद्दार भी उपस्थित थी।

# GALGOTIAS UNIVERSITY

# Ranked Globally. Committed to making India Proud.

NAAC GRADE A+ Accredited University

QS WORLD UNIVERSITY RANKINGS

BY SUBJECT 2026

For Computer Science and Information Systems

**Ranked**
**11*th***
*in* India amongst Private Universities

**Ranked**
**2*nd***
*in* Uttar Pradesh amongst Private Universities

**Ranked**
**30*th***
*in* India amongst all Private *and* Government Universities

**Ranked**
**601-650**
Band Globally

## Launched India's Finest Active Learning Campus

In consultancy collaboration with

**INSPIRE**
**NANYANG TECHNOLOGICAL UNIVERSITY**
**SINGAPORE**


**G-SCALE**
GALGOTIAS STUDENT CENTERED ACTIVE LEARNING ECOSYSTEM
• Critical Thinking • Collaboration • Engagement • Experiential Learning

G-SCALE moves education beyond passive lectures to an environment where students actively engage in real-world problem-solving, collaboration, and experiential learning.

Centre for Drone Intelligence & Simulation



Next Gen Structure and Smart Hydraulics Lab




Centre of Excellence - Tableau AI Data Lab




HP-Intel AI for Future Workforce Lab



Semiconductor Research Lab




## INDUSTRY INTEGRATED ACADEMIC CENTRES




Centre for Supercomputing & Advanced AI Research anchored by NVIDIA DGX H200 GPUs



Advanced Geotechnical and Earth Science Centre



Centre for Design Thinking & Augmented Reality



TATA Technologies Learning Centre



CISCO Networking Academy

Cisco Centre of Excellence

**APPLY TODAY FOR CAREER FOCUSSED 2026–27 UG/PG/DIPLOMA/Ph.D. PROGRAMMES**

Computer Science and Engineering | Electronics and Communication Engineering | Electrical Engineering | Mechanical Engineering | Civil Engineering | Computer Applications and Technology | Defence Technology | Artificial Intelligence | Business | Aviation | Logistics and Supply Chain Management | Tourism Management | Liberal Education | Languages | Finance & Commerce | Basic Sciences | Biosciences and Technology | Forensic Sciences | Agriculture | Law | Pharmacy | Allied Health Sciences | Nursing | Media and Communication Studies | Hospitality | Design | Education | Polytechnic | Vocational Education | Skilling and Entrepreneurship

For Admissions Scan to Apply

GALGOTIAS UNIVERSITY

**#GetYourSelfPlaced**

Galgotias Admissions Helpline No.: **9810162221, 9717300418, 9582847072** **9971026175** **0120-4370000**

**Web:** www.galgotiasuniversity.edu.in | **Email:** admission@galgotiasuniversity.edu.in

## संत नगर में विकास की ऐतिहासिक पहल

# कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने 5 करोड़ की परियोजनाओं का किया शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने आज संत नगर वार्ड.31 एवं वार्ड-14 में लगभग 5 करोड़ की लागत से विभिन्न जनकल्याणकारी विकास कार्यों का विधिवत शिलान्यास कर क्षेत्र के विकास को नई गति प्रदान की।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री श्री गोयल ने कहा कि प्रदेश सरकार सबका साथ-सबका विकास सबका विश्वास के मूल मंत्र पर चलते हुए हर क्षेत्र में समान रूप से विकास कार्यों को आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि संत नगर में हो रहे विकास कार्य इस बात का सशक्त प्रमाण हैं कि सरकार केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं है बल्कि धरातल पर ठोस और स्थायी परिवर्तन लाने के लिए निरंतर कार्यरत है।

मंत्री श्री गोयल ने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि इन परियोजनाओं के अंतर्गत क्षेत्र में आरएमसी सडक़ों का निर्माण, नई सीवर लाइन, पेयजल के लिए आधुनिक वाटर लाइन, आरसीसी ड्रेनेज सिस्टम, 50 नई सोलर लाइट्स तथा 5 नए ट्यूबवेल स्थापित किए जाएंगे। इन सभी कार्यों के पूर्ण होने से संत नगर में लंबे समय से चली आ रही मूलभूत समस्याओं जैसे जलभराव, सीवरेज व्यवस्था की कमी, टूटी सडक़ों और पेयजल की असुविधा का स्थायी समाधान सुनिश्चित होगा।

उन्होंने कहा कि पहले जहां क्षेत्रवासियों को खराब सडक़ों, धूल, कीचड़ और गंदगी जैसी समस्याओं से जूझना पड़ता था वहीं अब संत नगर एक आधुनिक, स्वच्छ और सुविधायुक्त क्षेत्र के रूप में विकसित होगा। यह परिवर्तन केवल भौतिक सुविधाओं तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि लोगों के जीवन स्तर और सम्मान को भी नई ऊंचाई देगा।

- आरएमसी सडक़ें, सीवर-पानी लाइन, आधुनिक ड्रेनेज, सोलर लाइट्स और ट्यूबवेल से संत नगर बनेगा फरीदाबाद की नई पहचान

कैबिनेट मंत्री ने अपने संबोधन में स्पष्ट किया कि उनका राजनीति में आने का उद्देश्य केवल पद प्राप्त करना नहीं बल्कि जनसेवा करना है। उन्होंने कहा कि मेरे लिए राजनीति सत्ता का साधन नहीं बल्कि जनता की सेवा का माध्यम है। मैं कुर्सी के लिए नहीं बल्कि जनता के विश्वास के लिए काम करता हूं।

उन्होंने आगे कहा कि उनका संकल्प उत्कृष्ट फरीदाबाद का निर्माण करना है जिसके अंतर्गत शहर के प्रत्येक वार्ड, प्रत्येक गली और प्रत्येक नागरिक तक विकास की रोशनी पहुंचाई जाएगी। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि इन सभी कार्यों की नियमित रूप से निगरानी की जाएगी और गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से इन्हें पूरा कराया जाएगा।

श्री गोयल ने क्षेत्रवासियों के स्नेह, समर्थन और विश्वास के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता द्वारा दिया गया यह विश्वास उनके लिए सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि आपका यह समर्थन मेरे लिए केवल वोट नहीं बल्कि एक मजबूत रिश्ता है जिसे निभाना मेरा कर्तव्य है।

उन्होंने यह भी कहा कि संत नगर आने वाले समय में फरीदाबाद की पहचान के रूप में उभरेगा और अन्य क्षेत्रों के लिए एक आदर्श उदाहरण बनेगा कि किस प्रकार सामूहिक प्रयासों से विकास को गति दी जा सकती है।

अपने संबोधन के अंत में कैबिनेट मंत्री ने कहा कि आज जिन विकास कार्यों की नींव रखी जा रही है वे केवल वर्तमान को बेहतर बनाने के लिए नहीं हैं बल्कि आने वाली पीढिय़ों के लिए एक मजबूत और समृद्ध भविष्य का निर्माण करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे और विकास कार्यों के लिए मंत्री श्री गोयल का आभार व्यक्त किया।

इस दौरान मेयर प्रवीन बत्रा जोशी, पार्षद शैफाली सिंगला, कर्ण सिंगला, नरेश नंबरदार, रिंकू सिलानी, सचिन शर्मा, जसवंत सैनी एवं पवन लोहिया सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने भाग लिया और सभी ने मिलकर विकास कार्यों के शिलान्यास अवसर को उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ सफल बनाया।

## बुलेट मोटर साइकिल व दो दुकानों में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



अलग-अलग स्थानों पर हुई आगजनी की घटनाओं में एक बाइक जलकर स्वाह हो गई तथा प्रैस कालोनी में दो दुकानों में आग से लाखों का सामान जलकर राख हो गया।

ओल्ड फरीदाबाद फ्लाईओवर पर हाईवे किनारे खड़े ऑटो से टकराने के बाद बुलेट मोटरसाइकिल में आग लग गई। हादसे में बाइक सवार व्यक्ति बाल-बाल बच गया, जबकि मोटरसाइकिल पूरी तरह जलकर खाक हो गई।

पुलिस के अनुसार डबुआ निवासी राजकुमार उम्र 60 साल किसी काम से बदरपुर बॉर्डर गए थे। लौटते समय ओल्ड फरीदाबाद फ्लाईओवर पर उनकी बुलेट हाईवे किनारे खड़े ऑटो से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि मोटरसाइकिल काफी दूर तक सडक़ पर घिसटती चली गई और उसमें आग लग गई।

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल राजकुमार को बादशाह खान नागरिक अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार चल रहा है। पुलिस ने बताया कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

इसके अलावा पुरानी प्रेस कॉलोनी में रविवार को एक प्लास्टिक सामान की दुकान व फास्ट फूड की दुकान में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी भीषण थी कि दुकान के अंदर रखा सारा सामान जलकर राख हो गया।

जानकारी के अनुसार दुकान जवाहर कॉलोनी निवासी महेंद्र की बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। प्रारंभिक अनुमान के मुताबिक आग से करीब 10 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है, हालांकि शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है।

## कलयुगी मामा ने की चार वर्षीय भांजी की दुष्कर्म के बाद हत्या

**गाजियाबाद।** शालीमार गार्डन थानाक्षेत्र में एक कलयुगी मामा ने अपनी चार वर्षीय भांजी की हत्या कर शव को कार के नीचे छिपा दिया। आरोप है कि मामा ने हत्या से पहले भांजी के साथ दुष्कर्म भी किया। पुलिस ने बच्ची के शव को बरामद कर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है तथा जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

एसीपी शालीमार गार्डन अतुल कुमार सिंह ने बताया कि बच्ची टीलामोड़ थानाक्षेत्र की रहने वाली है। जांच में पता चला कि बच्ची का मामा उसे घर से खिलाने के बहाने ले गया था। इसके बाद अपने किराये के कमरे में ले जाकर हत्या कर दी और शव को छिपाने के लिए गाड़ी के नीचे फेंक दिया। एसीपी ने बताया कि आरोपी को तलाश किया जा रहा है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## जीडीए ने प्रताप विहार योजना में डीपीएस चौराहे से लीलावती चौक तक सौंदर्यकरण कार्य किया शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद



प्रताप विहार योजना के अंतर्गत डीपीएस चौराहे से लीलावती चौक तक प्रस्तावित सौंदर्यकरण कार्य का विधिवत उद्घाटन मेयर सुनीता दयाल ,विधायक संजीव शर्मा तथा प्राधिकरण उपाध्यक्ष नन्द किशोर कलाल ने संयुक्त रूप से किया।

इस महत्वपूर्ण परियोजना के अंतर्गत डीपीएस चौराहे से लीलावती चौक तक दोनों ओर के डिवाइडर, सेंट्रल वर्ज एवं प्रमुख चौराहों का समग्र विकास किया जाएगा। योजना के तहत चयनित स्थानों पर आकर्षक पत्थर संरचनाएं स्थापित की जाएंगी, जिनमें एक स्थान पर मसाल-आधारित थीम एवं अन्य स्थान पर विशेष डिजाइनयुक्त पत्थर की आकृतियां विकसित की जाएंगी, जिससे क्षेत्र की दृश्यात्मक सुंदरता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

लगभग 4.70 करोड़ रुपये की लागत से संचालित इस परियोजना में फुटपाथों का सुदृढ़ीकरण, सेंट्रल वर्ज का विकास तथा आधुनिक लैंडस्केपिंग कार्य सम्मिलित है। कार्य पूर्ण होने के उपरांत यह क्षेत्र न केवल अधिक सुव्यवस्थित एवं आकर्षक बनेगा, बल्कि आमजन को बेहतर नागरिक सुविधाएं भी प्राप्त होंगी।

यह परियोजना शहर के सौंदर्यीकरण एवं नागरिक सुविधा विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो स्थानीय निवासियों के लिए लाभकारी सिद्ध होगी।

## आलोक चौधरी बने राष्ट्रीय लोकदल सहकारिता प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष




**गाजियाबाद।** आलोक चौधरी को राष्ट्रीय लोकदल सहकारिता प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष बनाया गया है। यह घोषणा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अमरजीत सिंह बिड्डी ने मेरठ रोड स्थित राष्ट्रीय लोकदल कार्यालय पर एक प्रेस वार्ता में की । विडडी ने कहा कि आलोक पूरी निष्ठा से पार्टी में काम करेंगे जो जिम्मेदारी इनको दी गई है । पार्टी के प्रति कोई वफादारी से उसका निर्वाह करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी ने की । कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय महासचिव अरुण चौधरी भुल्लन ने किया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी , चौ तेजपाल सिंह , चेयरमैन अमरजीत बिड्डी , अमरीश त्यागी , एडवोकेट कुंवर अय्यूब अली , अंकुर त्यागी , लोकेश चौधरी ,कृष्ण पाल डायरेक्टर , रणजीत सिंह तेवतिया , हिमांशु नागर , अरुण शर्मा , वीर सिंह सलेमाबाद , नीरज सेहरावत , मनिंदर बिल्ला , दीपू शर्मा , वेद प्रकाश प्रजापति , शांतनु त्यागी , इमरान इलाही, संजय बिंदल , विनीत त्यागी,आलोक चौधरी , शिवम गर्ग , अभिषेक चौधरी , विक्रांत चौधरी ,अमित गर्ग अपूर्व निगम , रहीसुद्दीन , हाजी तोहिद , जुनेद चौधरी ऋषिपाल सिंह उद्देश्य कुमार ज्ञानेंद्र सिंह आदि इस अवसर पर मौजूद रहे।

## फ्री कैंप में 61 मरीजों के कान के पर्दे बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाज़ियाबाद

शहर में अवेकनिंग इंडिया और हर्ष ईएनटी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे निःशुल्क ईएनटी कैंप में छठे दिन तक 61 मरीजों के कान के पर्दे सफलतापूर्वक बनाए जा चुके हैं। इस विशेष चिकित्सा शिविर में अत्याधुनिक एंडोस्कोपिक कार्टिलेज टिंपनोप्लास्टी तकनीक के माध्यम से मरीजों का इलाज किया जा रहा है। कैंप में अब तक कुल 114 मरीजों ने पंजीकरण कराया है, जिनमें से कई मरीजों का ऑपरेशन किया जा चुका है, जबकि अन्य का उपचार प्रक्रिया में है। इस कैंप का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के उन मरीजों को राहत पहुंचाना है, जो कान से जुड़ी गंभीर समस्याओं से जूझ रहे हैं लेकिन महंगे इलाज के कारण उपचार नहीं करा पाते। इस शिविर में प्रोफेसर (डॉ) ब्रजपाल त्यागी के नेतृत्व में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम लगातार सेवाएं दे रही है। टीम में डॉ नितिन, डॉ गरिमा, डॉ महादेव, डॉ अर्जुन, सैफी सहित हॉस्पिटल का पूरा स्टाफ सक्रिय रूप से सहयोग कर रहा है। सभी डॉक्टर आधुनिक तकनीक का उपयोग कर सटीक और सुरक्षित ऑपरेशन कर रहे हैं। एंडोस्कोपिक कार्टिलेज टिंपनोप्लास्टी एक उन्नत सर्जिकल तकनीक है, जिसमें बिना बड़े चीरे के कान के पर्दे को ठीक किया जाता है। इससे मरीज को कम दर्द होता है और रिकवरी भी तेजी से होती है। इस तकनीक के जरिए मरीजों को बेहतर सुनने की क्षमता वापस मिलने की उम्मीद रहती है। कैंप में आने वाले मरीजों को न सिर्फ सर्जरी बल्कि जांच, परामर्श और दवाइयां भी निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं। साथ ही मरीजों को ऑपरेशन के बाद की देखभाल और सावधानियों के बारे में भी विस्तार से बताया जा रहा है। आयोजकों का कहना है कि इस तरह के कैंप समाज के लिए बेहद जरूरी हैं, क्योंकि इससे जरूरतमंद लोगों को समय पर बेहतर इलाज मिल पाता है। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में और भी मरीजों के ऑपरेशन किए जाएंगे और अधिक से अधिक लोगों को इस सुविधा का लाभ देने का प्रयास जारी रहेगा। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर गरीब और जरूरतमंद मरीजों के लिए किसी वरदान से कम नहीं हैं। इससे न केवल उनकी स्वास्थ्य समस्याएं दूर होती हैं, बल्कि जीवन की गुणवत्ता में भी सुधार आता है।

## स्कॉर्पियो चालक पर दो युवकों ने किया हमला

**फरीदाबाद।** सैनिक कॉलोनी के पास स्कॉर्पियो कार सवार का पीछा कर दो युवकों ने मारपीट और तोडफ़ोड़ की। पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर.21डी निवासी चंद्रहास ने बताया कि वह रात करीब आठ बजे स्कॉर्पियो से घर लौट रहे थे। सैनिक कॉलोनी के पास मोटरसाइकिल सवार दो युवक उनका पीछा करने लगे। युवकों ने दिल्ली मस्जिद के पास मोटरसाइकिल कार के आगे लगाकर जबरन रोक लिया। आरोपियों ने कार का अगला और साइड शीशा तोड़ दिया और उन्हें बाहर खींचकर मारपीट की। युवकों पर चांदी का ब्रेसलेट और नकदी छीनने का भी आरोप लगाया गया है। पुलिस के अनुसार दोनों पक्ष चौकी अनखीर पहुंचे थे और दोनों का मेडिकल कराया गया। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी गई। फुटेज में दोनों वाहनों के टकराने के बाद विवाद और मारपीट होना सामने आया है। सूरजकुंड थाना पुलिस ने शिकायत और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर कैश निवासी एसजीएम नगर और मोबीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### साइबर थाना बल्लभगढ़ की कार्रवाई

## मोबाइल टॉवर लगवाने के नाम पर लाखों की ठगी, दो खाताधारक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

मोबाइल टॉवर लगवाने के नाम पर 42,63,500 रुपये की ठगी के एक मामले में कार्रवाई करते हुये साइबर थाना बल्लभगढ़ की टीम ने आरोपित अवनीश व अरसौनी निवासी फिरोजाबाद उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता अनुसार गांव जुन्हेडा बल्लभगढ़ निवासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना बल्लभगढ में दी अपनी शिकायत में बताया कि 17 अक्टूबर 2024 को उसके पास इंडस टावर कंपनी से एक कथित महिला कर्मचारी का फोन आया जिसने कहा की उनकी कंपनी इंडस टॉवर लिमिटेड, जियो के मोबाइल टावर लगाने का काम करती है फिर उसने कहा कि उनकी कंपनी 1 टॉवर लगवाने का 20 साल का एग्रीमेंट करती है और फिर 40 लाख एडवांस, 25000 रुपये प्रत्येक महीना, एक व्यक्ति को टॉवर पर नौकरी व 40 लाख टॉवर लगने के बाद देती है। शिकायतकर्ता ने आगे बताया कि दिनांक 29-10-2024 से 10-06-2025 तक अलग-अलग चार्ज जैसे रजिस्ट्रेशन चार्ज, जीएसटी चार्ज, आरबीआई चार्ज, एलटीसी चार्ज, टीडीएस चार्ज, सिक्यूरिटी चार्ज, स्टाम्प ड्यूटी चार्ज, ग्रीन कार्ड चार्ज, पेमेंट ट्रान्सफर चार्ज व कमीशन आदि के नाम पर ठगों ने उससे करीब 42,63,500 रूपये ट्रांसफर करवा लिये जिसके बाद उसे कोई पैसा वापस नही मिला। जिस शिकायत पर साइबर थाना बल्लभगढ में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपी खाताधारक है। अवनीश के खाता में 1.25 लाख व अरसौनी के खाता में 6.73 लाख रुपये आये थे। दोनों आरोपी अलग-अलग सीएससी सेंटर चलाते है। दोनों को माननीय न्यायालय में पेश कर 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

## रक्तदान शिविर का आयोजन

**फरीदाबाद।** वी जी इंडस्ट्रियल एंटरप्राइजेज में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन लोक उत्थान क्लब एवं रोटरी क्लब के सहयोग द्वारा किया गया, जिसमें स्थानीय नागरिकों, युवाओं और कर्मचारियों ने बढ़-चढक़र भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में थाना प्रभारी सीमा यादव व लोक उत्थान क्लब के संस्थापक आर.पी. हंस ने शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बिश्वरंजन साहू, बी.आर. गोला, राजीव कौशिक एवं श्रीमती एकता ने अतिथियों का फूलों का बुक्के देकर स्वागत किया। इस अवसर पर थाना प्रभारी सीमा यादव ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है, जो किसी की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। शिविर में लगभग 42 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। रक्तदान देने वालों में सुनील, संजीव, किरण, अशोक, विनोद आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## फरीदाबाद पुलिस ने एक सप्ताह में 27 साइबर अपराधी किए गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** पुलिस उपायुक्त मुख्यालय हिमाद्री कौशिक के नेतृत्व में फरीदाबाद पुलिस की साइबर थानों की टीम द्वारा ठगों पर लगातार कार्रवाही की जा रही है। 4 अप्रैल से 10 अप्रैल के बीच फरीदाबाद पुलिस के तीनों साइबर थानों की टीम ने एक सप्ताह में 27 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर 96,67,859 रुपए बरामद किये हैं।

पुलिस प्रवक्ता अनुसार फरीदाबाद पुलिस की साइबर थानों की टीम ने 6 मुकदमों में कार्रवाई करते हुए 27 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। जिसमें साइबर थाना एनआईटी का 1, सेंट्रल के 2 व बल्लभगढ़ के 3 मामले शामिल है। इस दौरान साइबर थाना की टीमों ने 96,67,859 रूपए बरामद किये हैं। इसी प्रकार 343 शिकायतों का निस्तारण कर 4,01,383खातों में फ्रिज कराये हैं। यह कार्रवाई साइबर थानों की टीम ने 4 अप्रैल से 10 अप्रैल तक एक सप्ताह के दौरान की है।

गिरफ्तार आरोपियों में राशिदुल, मोहित, सोनू मीणा, कुलदीप मीणा, अमन कुमार, अमन सिंह, रिधम, रबियुल, राहुल, राहुल गोयल, विपिन, लालजीत, मोहम्मद असलम रजा, रोहित कुमार, सचिन मित्तल, मुकेश गुप्ता, राहुल, शुभम, अभिनीत यादव, हर्ष गोस्वामी, राज सहानिया, नवीन कुमार, जितेन, गौरव शर्मा, मनोज महापात्रा, सूरज जायसवाल व मोहम्मद दाऊद नाम शामिल है।

हिमाद्री कौशिक पुलिस उपायुक्त मुख्यालय ने कहा कि जागरूकता ही साइबर अपराध से लड़ाई का एक प्रभावी हथियार है। साइबर ठगी के मामले में तुरंत 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज करें।

## शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी

**फरीदाबाद।** 11 अप्रैल को साइबर थाना एनआईटी की टीम ने 2 आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान हिमांशु व ओमबीर निवासी सेवा ग्राम कालोनी कानपुर उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्रीन फील्ड कॉलोनी फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना एनआईटी में शिकायत दी थी। शिकायत में बताया गया कि 17 अगस्त 2025 को फेसबुक चलाते समय उसे स्टॉक मार्केट से संबंधित एक मास्टर क्लास का विज्ञापन दिखाई दिया। इसके बाद वह एक व्हाट्सएप ग्रुप से जुड़ गया, जहां उसे निवेश करने के लिए प्रेरित किया गया और अधिक लाभ का लालच दिया गया। ठगों के झांसे में आकर उसने कुल 34,05,000 रुपये का निवेश किया, लेकिन उसे कोई भी राशि वापस नहीं मिली। इस संबंध में साइबर थाना एनआईटी में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया।

## अवैध हथियार रखने व उपलब्ध करवाने वाले दो गिरफ्तार, दो देसी कट्टे बरामद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

फरीदाबाद पुलिस की अपराध शाखाओं की टीम ने 2 अलग-अलग मामले में 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर 2 देसी कट्टा बरामद किए है।

पुलिस प्रवक्ता अनुसार 11 अप्रैल को अपराध शाखा सेक्टर-48 की टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुये बबली निवासी छांयसा फरीदाबाद को अवैध देसी कट्टा सहित नाहर सिंह स्टेडियम रोड से गिरफ्तार किया था। जिसने दौराने पूछताछ बताया कि वह देसी कट्टा धर्मजीत निवासी छांयसा फरीदाबाद से 5000 रुपये में खरीद कर लाया था। जिस पर कार्रवाई करते हुये अपराध शाखा सेक्टर-48 की टीम ने धर्मजीत को गिरफ्तार किया है।

वहीं एक अन्य मामले में अपराध शाखा सेक्टर-56 की टीम ने कार्रवाई करते हुये मोनू गुप्ता निवासी सुरदास कॉलोनी गांव मिर्जापुर फरीदाबाद को अवैध देसी कट्टा सहित टोल टैक्स धौज के नजदीक से गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को माननीय न्यायलय में पेश कर जेल भेजा गया है।

# भविष्य में फरीदाबाद की देश के मानचित्र पर एक अलग पहचान होगी: कृष्ण पाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

फरीदाबाद के वार्ड नंबर-16 और वार्ड नंबर-30 में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय सहकारिता राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने लगभग 5.30 करोड़ रुपये के विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इन कार्यों में वार्ड नंबर 16 में लगभग ढाई करोड़ रुपये की लागत से गलियों के निर्माण का कार्य सहित 2 करोड़ की लागत से बीके चौक से बीके हॉस्पिटल तक जाने वाली सडक़ का निर्माण कार्य शामिल है। वहीं वार्ड 30 में आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए 80.8 लाख की लागत से बनने वाली 9 गलियों के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया।

- केंद्रीय सहकारिता राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने वार्ड 16 और 30 में लगभग 5 .30 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का किया शुभारंभ और शिलान्यास

केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विकास कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं, ताकि स्थानीय लोगों को शीघ्र लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के प्रयासों से फरीदाबाद में हो रहे चौतरफा विकास के कारण भविष्य में देश के मानचित्र पर फरीदाबाद की एक अलग पहचान होगी।

उन्होंने बताया कि फरीदाबाद को बिजली के तारों के जाल से मुक्त करने के लिए 2700 करोड़ की लागत से हाईटेंशन लाइनों को भूमिगत किया जाएगा, जिसकी शुरुआत जल्द होगी। कनेक्टिविटी सुधारने के लिए मेट्रो का विस्तार जेवर एयरपोर्ट तक करने के प्रयास जारी हैं, जबकि पलवल मेट्रो विस्तार का कार्य 2026 में शुरू करने की योजना है। लगभग 30 हजार करोड़ की इन परियोजनाओं के पूरा होने से फरीदाबाद की दिल्ली, नोएडा और जेवर एयरपोर्ट तक सीधी पहुंच होगी, जो शहर को एक नई पहचान दिलाएगी।

उन्होंने आगे जानकारी दी कि पुराने रेलवे फाटकों को चरणबद्ध तरीके से समाप्त कर उनकी जगह ओवरब्रिज और अंडरपास का निर्माण किया जा रहा हैए जिससे यातायात बाधाओं और जाम की समस्या से आमजन को राहत मिलेगी। आने वाले समय में फरीदाबाद में पारंपरिक रेलवे फाटक समाप्त हो जाएंगे और उनकी जगह अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि बडख़ल विधानसभा क्षेत्र में लगभग 1500 करोड़ रुपये की लागत से एलिवेटेड सडक़ों का निर्माण कराया जाएगा। साथ ही दिल्ली आश्रम से सराय ख्वाजा तक एलिवेटेड सडक़ बनाने की परियोजना तैयार है जिसके पूरा होने के बाद दोनों स्थानों के बीच की दूरी को 10 मिनट में तय कर सकेंगे।

बडख़ल विधानसभा क्षेत्र के विधायक धनेश अदलखा ने कहा कि क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में समान रूप से विकास कार्य कराए जाएंगे और कोई भी कार्य अधूरा नहीं छोड़ा जाएगा।

## कुमाऊं सांस्कृतिक मंडल द्वारा बैसाखी उत्सव धूमधाम से मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

कुमाऊं सांस्कृतिक मण्डल फरीदाबाद के तत्वावधान में शनिवार को जगदम्बा मंदिर एयर फोर्स रोड, कुमाऊं चौक फरीदाबाद में उत्तराखंड की लोक संस्कृति को समर्पित बैसाखी उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उत्तराखंड समाज के लोगों के साथ-साथ शहर के गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बल्लभगढ़ के विधायक पं. मूलचंद शर्मा रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप मे मनोनीत पार्षद जसवंत पंवार सैनी ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों का मंडल के पदाधिकारियों द्वारा पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत व सम्मान किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में पं. मूलचंद शर्मा ने कहा कि उत्तराखंड की संस्कृति, परंपराएं और लोकगीत हमारी भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर हैं। ऐसे सांस्कृतिक आयोजन समाज को अपनी जड़ों से जोडऩे का कार्य करते हैं और नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं से परिचित कराते हैं। उन्होंने कुमाऊं सांस्कृतिक मंडल द्वारा किए जा रहे इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि फरीदाबाद में बसे उत्तराखंड समाज ने अपनी संस्कृति को जीवित रखने का सराहनीय कार्य किया है।

संस्था के अध्यक्ष दिगंबर सिंह बिष्ट ने जानकारी देते हुए बताया कि बैसाखी उत्सव के अवसर पर मां नंदा देवी के डोले की पारंपरिक झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही, जिसने उत्तराखंड की समृद्ध लोक संस्कृति और परंपराओं की झलक प्रस्तुत की।

## खबर संक्षेप

### राजघाट बस डिपो के पास झाड़ियों में लगी आग, कोई हताहत नहीं

**नई दिल्ली।** राजघाट बस डिपो के पास रविवार दोपहर झाड़ियों में भीषण आग लग गई। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अधिकारियों के अनुसार दोपहर एक बजकर 35 मिनट पर आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद दमकल की 11 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। आग लगने के सटीक कारण का पता लगाने के लिए जांच जारी है। आग के बाद धुएं का गुब्बार कई किलोमीटर दूर तक दिखाई दे रहा था। इस दौरान आसपास के मार्गों पर कुछ देर के लिये यातायात भी जैसे थम गया था।

### केमिकल फैक्ट्री में लगी भीषण आग

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली के मंडोली इलाके में रविवार दोपहर एक केमिकल फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। दमकल विभाग की कई गाड़ियों ने एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मिली जानकारी के अनुसार पास के लोहे के प्लांट में वेल्डिंग की चिंगारी से केमिकल में आग लगी। इसके बाद आसमान में काला धुआं छा गया। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। लेकिन आग से फैक्ट्री का लाखों का माल जलकर खाक हो गया। इस दौरान आसपास के लोगों में दहशत फैल गई थी क्योंकि देखते ही देखते आग की लपटें तेज हो गईं और कुछ ही मिनटों में आग ने विकराल रूप ले लिया था। दमकल विभाग और पुलिस ने एहतियातन आसपास के इलाके को खाली करवा लिया था।

### जिम ट्रेनर लग्जरी कारों के साथ गिरफ्तार

नई दिल्ली। क्राइम ब्रांच की एआरएससी टीम ने जयपुर से एक ग्रेजुएट जिम ट्रेनर को गिरफ्तार किया है। इसके पास से चोरी की गई दो नई लग्जरी कारें बरामद की गई हैं। बरामद कारों में स्कार्पियों एन और क्रेटा शामिल है। इन कारों को मुखर्जी नगर से चुराया गया था। आरोपी अपने ग्राहकों की मांग पर उन्हें कारें सप्लाई करता था। इसके साथ ही ग्राहकों के सामने रौब जमाने के लिए खुद भी लग्जरी कारों का इस्तेमाल करता था। पुलिस ने मोहम्मद अशरफ खान को राजस्थान के झोटवाड़ा इलाके से गिरफ्तार किया। जांच के दौरान इसने खुलासा किया कि चोरी की गाड़ियां जयपुर के रहने वाले शकील से खरीदी थी।

### पुलिस टीम ने कई जगहों पर की छापेमारी

# साइबर धोखाधड़ी सिंडिकेट का भंडाफोड़, पांच गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



आउटर नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट साइबर पुलिस ने एक संगठित और अंतरराज्यीय साइबर धोखाधड़ी सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। यह सिंडिकेट धोखाधड़ी के लिए इस्तेमाल होने वाले बैंक खातों के संचालन और देश विदेश में धोखाधड़ी से हासिल की गई बड़ी रकम को इधर-उधर भेजने में शामिल था।

डीसीपी हरेश्वर स्वामी के अनुसार 4 अप्रैल को जिले के साइबर थाने में केस दर्ज किया गया था। यह केस नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल के माध्यम से प्राप्त कई शिकायतों के आधार पर और साथ ही चल रहे विशेष अभियान साइबर हॉक 4.0 के दौरान विकसित विश्वसनीय तकनीकी जानकारियों के आधार पर दर्ज हुआ था। जांच के दौरान पुलिस टीम ने सुनियोजित योजना और आपसी तालमेल के साथ कई जगहों पर छापेमारी की।

इस कार्रवाई में टीम को सफलता मिली और उन्होंने पांच आरोपियों को डिजिटल और भौतिक दोनों तरह के ठोस सबूतों के साथ गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये लोगों के नाम राहुल (22), बंटी (22), अंकित (19), सलीम उर्फ ढांचा (22) और नूरे आलम (19) है। ये सभी आरोपी नरेला क्षेत्र के रहने वाले हैं। आरोपियों से जुड़े 28 बैंक खातों की पहचान की गई है और उनका विश्लेषण किया गया है। एनसीआरपी पर कुल 43 शिकायतें दर्ज पाई गई। इनमें लगभग 2.31 करोड़ रुपये की ठगी की गई थी। ये शिकायतें महाराष्ट्र, केरल, तमिलनाडु, असम, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल और अन्य राज्यों से दर्ज करवाई गई थी। धोखाधड़ी से मिली रकम को बिनान्स जैसे प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करके सुनियोजित तरीके से क्रिप्टोकरेंसी में बदला जाता था, जिससे पहचान छिपी रहती थी और सीमा पार रकम भेजना आसान हो जाता था। क्रिप्टोकरेंसी को टेलीग्राम के जरिए विदेशी हैंडलरों तक पहुंचाया जाता था, जिससे सिंडिकेट के अंतरराष्ट्रीय संबंधों का पता चलता है। तकनीकी विश्लेषण से पता चला है कि ऐसे ही एक हैंडलर का आईपी एड्रेस कंबोडिया का है, जिससे विदेशी साइबर अपराधियों की संलिप्तता का पुख्ता संकेत मिलता है।

# साइबर धोखाधड़ी में मदद करने के आरोप में बैंक कर्मचारी अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच ने साइबर धोखाधड़ी में मदद करने के आरोप में एक बैंक कर्मचारी को गिरफ्तार किया है। आरोपी बैंक कर्मचारी पर बिना उचित केवाईसी वेरिफिकेशन के धोखाधड़ी वाला खाता खोलने में जालसाज की मदद का आरोप है। वह सह आरोपियों के साथ मिलकर धोखाधड़ी से हासिल रकम को इधर उधर करने के लिए इस खाते का इस्तेमाल कर रहा था। जांच में पता चला कि कई पीड़ितों से करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी की गई थी। गिरफ्तार आरोपी का नाम इरशाद मलिक (35) है। वह गाजियाबाद का रहने वाला है।

इरशाद आरबीएल बैंक का कर्मचारी है। इस संबंध में द्वारका जिले के साइबर थाने में 10 अक्टूबर 2023 को केस दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने बताया कि उनके एसबीआई खाते से बिना उनकी सहमति या ओटीपी के तीन फर्जी लेन देन के जरिए 88 हजार रुपये की अनाधिकृत निकासी की गई। धोखाधड़ी से हासिल यह रकम बाद में आरबीएल बैंक के एक खाते में ट्रांसफर कर दी गई, जो लॉरी ट्रेड एग्जिम के नाम पर था। बाद में इस मामले की जांच क्राइम ब्रांच को सौंपी गई थी। जांच के दौरान यह खुलासा हुआ कि उक्त बैंक खाता फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल करके मनमोहन सिंह के नाम पर धोखाधड़ी से खोला गया था। एफएसएल रिपोर्ट ने इस बात की पुष्टि की कि खाता खोलने के फॉर्म पर किए गए हस्ताक्षर मनमोहन सिंह के असली हस्ताक्षरों से मेल नहीं खाते थे, जिससे यह साबित हो गया कि इसमें जालसाजी की गई थी। आगे की जांच में पता चला कि मनमोहन सिंह ने नौकरी के लिये अपने आधार कार्ड, पैन कार्ड और फोटो सह आरोपी हरजिंदर उर्फ सन्नी के साथ शेयर किए थे। सीडीआर विश्लेषण से भी इस बात की पुष्टि हुई कि मनमोहन सिंह कभी दिल्ली नहीं आए थे। उन्होंने ऐसा कोई भी खाता खोलने से साफ इनकार किया था। इससे पहले केस में चार आरोपियों हरजिंदर निवासी पहाड़गंज, कुलविंदर सिंह निवासी तिलक नगर, हरजी सिंह निवासी जनकपुरी और हिमांशु कपूर निवासी तिलक नगर को गिरफ्तार किया गया था और वे फिलहाल कोर्ट से मिली जमानत पर बाहर हैं। आरोपी इरशाद मलिक ने बताया कि उसने अपनी ग्रेजुएशन मेरठ से पूरी की है। उसके पिता का निधन 2010 में हो गया था। उसके तीन भाई और दो बहनें हैं। मां एक गृहिणी हैं। आरोपी शादीशुदा है और उसकी पत्नी भी गृहिणी है। इसकी एक 10 साल की बेटी है। आरोपी ने आरबीएल बैंक की तीन ब्रांचों में रिलेशनशिप मैनेजर के तौर पर काम किया था और उसका काम करंट अकाउंट खोलना था। साल 2023 में आरबीएल बैंक की सफदरजंग एन्क्लेव ब्रांच में उसकी मुलाकात हरजिंदर से हुई थी। हरजिंदर ने उसे बताया कि वह लोगों के नाम पर बैंक अकाउंट खुलवाने और कमीशन के बदले उन अकाउंट्स के जरिए पैसे का लेनदेन करने का काम करता है। हरजिंदर के कहने पर आरोपी ने अपने पद का गलत इस्तेमाल किया और जाली दस्तावेज़ों के आधार पर बैंक अकाउंट खुलवाने में मदद की थी।

### निवेश स्कैम में तीन गिरफ्तार, 47 लाख का किया था फ्रॉड

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच ने साइबर फ्रॉड इन्वेस्टमेंट स्कैम का भंडाफोड़ करते हुये तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। 47.20 लाख के फ्रॉड में आरोपी शामिल थे। एक नकली ऑनलाइन इन्वेस्टमेंट प्लेटफॉर्म के जरिए फ्रॉड रैकेट चलाया जा रहा था और कमीशन के आधार पर हासिल किए गए बैंक खातों के जरिए धोखाधड़ी वाले वित्तीय लेनदेन को रूट करने में ये लोग शामिल थे। इनके पास से अपराध को अंजाम देने में इस्तेमाल की गई बैंक किट, सिम कार्ड और मोबाइल फोन बरामद किए गये हैं। मामले में आगे की जांच जारी है। डीसीपी आदित्य गौतम के अनुसार दक्षिण पश्चिम जिले के साइबर थाने में केस दर्ज किया गया था। पीड़ित को एक धोखाधड़ी वाले ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए स्टॉक्स, इक्विटी और आईपीओ में निवेश करने का लालच दिया गया था। आरोपियों के नाम जींद निवासी विशाल चौहान (47), ऋत्विक यादव और प्रियल प्रताप यादव (22) निवासी मैनपुरी यूपी है।

### बस की टक्कर से बच्ची की मौत, चालक गिरफ्तार

नई दिल्ली। पटेल नगर इलाके में एक डीटीसी बस की टक्कर से 11 वर्षीय बच्ची की मौत हो गयी। यह घटना शनिवार रात करीब 9:30 बजे शादीपुर डिपो के पास हुई। नजफगढ़ निवासी बस चालक कप्तान सिंह (40) को अरेस्ट कर बस को जांच के लिए जब्त कर लिया गया है। पुलिस के मुताबिक पटेल नगर थाने में सड़क हादसे की पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी, जिसके बाद एक टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए गये। जांच अधिकारी ने बच्ची के शव को पोस्टमॉर्टम के लिये राम मनोहर लोहिया अस्पताल भिजवाया। शुरुआती तफ्तीश में पता चला कि 11 वर्षीय प्रियंका हादसे के समय अपने माता-पिता के पास जा रही थी, जो पास ही चाय की दुकान चलाते हैं। उसी समय बस ने उसे कुचल दिया। बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। पटेल नगर थाने में लापरवाही से गाड़ी चलाने और मौत का कारण बनने की संबंधित धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

### युवक संदिग्ध परिस्थितियों में मकान की छत से गिरा, हालत गंभीर

नई दिल्ली। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के मानसरोवर पार्क थाना क्षेत्र में शनिवार रात एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में मकान की छत से गिर गया। घायल दिनेश को तुरंत उपचार के लिए जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बताई गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस के अनुसार घायल दिनेश मंडोली रोड, रामनगर का रहने वाला है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि वह नशे की हालत में घर लौट रहा था। इसी दौरान पास में चल रहे एक जागरण कार्यक्रम में उसका कुछ युवकों से विवाद हो गया। विवाद के बाद हाथापाई होने पर वह वहां से भाग निकला। युवकों से बचने के लिए वह एक घर में घुस गया और अंदर से दरवाजा बंद कर छत पर चढ़ गया। इसके बाद वह एक के बाद एक दो मकानों की छत कूदते हुए तीसरे मकान तक पहुंच गया। वहीं से नीचे उतरने के प्रयास में वह संतुलन खो बैठा और छत की बाउंड्री के साथ ईंटों के साथ ही नीचे खड़ी कार पर गिर गया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है।

### द्वारका एक्सप्रेसवे पर 15 लाख की लूट में तीन गिरफ्तार, 12 लाख बरामद

नई दिल्ली। द्वारका सेक्टर 23 पुलिस ने 15 लाख की लूट का मामला सुलझाते हुये लगभग 12 लाख रुपये बरामद किये है। इस सिलसिले में तीन लुटेरे गिरफ्तार हुये हैं। लूटे गए पैसों से खरीदा गया एक मोबाइल फोन भी जब्त किया गया है। केस दर्ज होने के 24 घंटे के भीतर यह बरामदगी की गई। डीसीपी कुशल पाल सिंह के अनुसार 6 अप्रैल को द्वारका एक्सप्रेसवे पर दिल्ली अपार्टमेंट्स, सेक्टर-22 के सामने 15 लाख की लूट की सूचना मिली थी। इस संबंध में जांच पड़ताल के बाद 9 अप्रैल को केस दर्ज किया गया। एसीपी द्वारका किशोर कुमार रेवाला की देखरेख में सेक्टर 23 थाने के एसएचओ बिजेंद्र छिल्लर के नेतृत्व वाली टीम ने जिसमें एएसआई विनय, हेड कांस्टेबल शेर सिंह, विक्की और कांस्टेबल राजेश ने जांच शुरू की। मोबाइल ट्रैकिंग और सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण के आधार पर आरोपी संदीप निवासी हरि नगर, दिल्ली को पकड़ा गया। पूछताछ के दौरान इसने खुलासा किया कि साथी संतोष महतो निवासी तंदूर चौक के पास, तिहाड़ गांव भी इस अपराध को अंजाम देने में शामिल था और लूटा गया पैसा उसी के पास है। इसके बाद संतोष महतो को पैराडाइज होटल, नांगलोई से पकड़ा गया। अदालत में पेशी के बाद रिमांड ली गई। पुलिस कस्टडी के दौरान लूटी गई रकम में से 10 लाख की राशि उसके कब्जे से बरामद की गई। इसके अलावा, एक मोबाइल, जिसे लूटी गई रकम से खरीदा गया था भी बरामद किया गया। आगे की जांच से तीसरा साथी सूरज सोनकर निवासी स्वर्ण वाली गली, ईदगाह रोड, सदर बाजार, दिल्ली भी इस मामले में गिरफ्तार किया गया। उसके पास से 1,96,000 रुपये बरामद हुये। अपराध करने में इस्तेमाल की गई स्कूटी की भी पहचान कर ली गई है। मामले की आगे की जांच जारी है।



















*आशा भोसले की गायकी का फलक अत्यंत विस्तृत है। चाहे वह चुलबुले और नटखटी गीत हों, रूमानी नगमे हों या फिर थिरकने पर मजबूर कर देने वाले कैबरे। हर विधा में उन्हें महारथ हासिल थी। जहां उन्होंने 'इन आंखों की मस्ती के' जैसी गजलों में रूहानियत और गहराई भरी, वहीं 'दम मारो दम' और 'पिया तू अब तो आजा' जैसे गीतों के ज़रिए भारतीय संगीत में आधुनिकता, साहस और नई ऊर्जा का संचार किया। इसलिए कहा जाता था कि आशा भौंसले की उम्र बढ़ी लेकिन आवाज जस की तस रही। आशा भोंसले का नाम केवल प्रशंसकों के दिलों में ही नहीं, बल्कि गिनीज वर्ल्ड रिकॉड्र्स में भी दर्ज है।*

# आशा के 'अमर' सुर.. कभी बूढ़ी नहीं हुई 'आवाज'

**1000** से ज्यादा फिल्मों में गाने गाए

**20** भाषाओं में गाने गाने का रिकॉर्ड

**12** हजार से ज्यादा गाने गाए

### झुमका गिरा रे... बरेली को दी पहचान

आशा भोसले का गाया गीत झुमका गिरा रे, बरेली के बाज़ार में, जिसे फिल्म मेरा साया में अभिनेत्री साधना पर फिल्माया गया था। यह गीत आशा भोसले की सुरीली आवाज, भावपूर्ण संगीत और जीवंत माहौल के कारण लोकप्रिय हुआ। भले ही यह गीत 54 साल पुराना है। करीब पांच दशक बाद बरेली ने आखिरकार इस प्रतिष्ठित गीत को अपनाते हुए 14 फीट ऊंचा झुमका स्थापित किया है। इस गीत ने बरेली को 'झुमका सिटी' के रूप में नई पहचान दी।

### 1948 में गाया पहला गाना

आशा के कॅरियर का पहला गीत साल 1948 में आई फिल्म चुनरिया का गीत सावन आया... है। साल 1957 में संगीतकार ओपी नैय्यर के संगीत निर्देशन में बनी निर्माता-निर्देशक बीआर चोपड़ा की फिल्म नया दौर आशा के कॅरियर का अहम पड़ाव साबित हुई। वहीं फिल्म तीसरी मंजिल में आशा भोंसले ने आरडी बर्मन के संगीत में आजा आजा मैं हूं प्यार तेरा... गाने को अपनी आवाज दी। ये गाना सुपरहिट रहा।



## आइडियल थीं लता दीदी

आशा भोसले तो लता दीदी को अपना आदर्श मानती थीं। लेकिन कम उम्र में ही आशा भोसले के कारण लता मंगेशकर का दिल दुखा था। दरअसल, आशा भोसले ने 16 साल की उम्र में लता मंगेशकर के सचिव गणपत राव भोसले से प्रेम विवाह कर लिया। गणपत राव आशा से 20 साल बड़े थे। इस रिश्ते को लता मंगेशकर और उनके परिवार ने स्वीकार नहीं किया।

### लता मंगेशकर और आशा भोसले के रिश्तों पर बनी फिल्म

बॉलीवुड में एक फिल्म साज भी बनी थी, इसे साई परांजपे ने बनाई थी। कहा जाता है कि यह फिल्म लता मंगेशकर और आशा भोसले के रिश्तों पर थी। फिल्म में लीड रोल में शबाना आजमी और अरुणा ईरानी थीं, इन्होंने फिल्म में दो बहनों का रोल किया था। एक इंटरव्यू में इस फिल्म के बारे में आशा भोसले ने कहा था, यह बिल्कुल भी सच नहीं है। दो महिलाओं को फिल्म में लेना, कुछ घटनाओं को चुनना और उन्हें बढ़ा-चढ़ाकर 3 घंटे की फिल्म बना देना, यह तो समय की पूरी बर्बादी है। जबकि डायरेक्टर ने कहा था कि इसका आइडिया उन्हें एक्ट्रेस शबाना आजमी से मिला था। एक्ट्रेस ने उनसे एक प्लेबैक सिंगर पर फिल्म बनाने को कहा था। डायरेक्टर ने यह भी कहा कि फिल्म में दो बहनों की जो कहानी दिखाई गई है, वह एक राइटर के तौर पर उनके खुद के अनुभवों और भावनाओं पर आधारित है।

### पहले पति ने प्रेग्नेंसी की हालत में घर से बाहर निकाल दिया था

आशा भोसले और गणपत राव की शादी ज्यादा नहीं चली। 11 साल बाद आशा भोसले पति से अलग हो गईं। गणपत राव से आशा भोसले को तीन बच्चे हुए। गणपत राव ने आशा भोसले को 2 बच्चों और प्रेग्नेंसी के हालत में घर से निकाल दिया था। गणपत का परिवार रूढ़िवादी था, वह एक सिंगिंग स्टार को स्वीकार नहीं कर सका।



### सिंगर न होतीं तो कुक बनतीं आशा भोसले

आशा भोसले को आज दुनिया एक मशहूर गायिका के रूप में जानती है। अगर वह कभी सिंगर ना बन पातीं तो कुक के प्रोफेशन को चुनतीं। आशा भोंसले ने एक इंटरव्यू में बताया था कि अगर वह सिंगर नहीं बनती तो वह एक कुक होतीं। बता दें कि दुबई, कुवैत में उनके नाम से रेस्टोरेंट भी है। यहां पर भारतीय खाना मिलता है। एक खबर के अनुसार इंटरनेशनल कुक रसेल स्कॉट ने आशा ब्रांड के राइट्स खरीदे थे। वह ब्रिटेन में लगभग 40 रेस्टोरेंट खोलने की योजना बना रहे थे।

### बेटी और बेटे के गुजर जाने से टूटा दुखों का पहाड़

पति आरडी बर्मन को आशा भोसले पहले ही खो चुकी थीं। फिर उनकी जिंदगी से जुड़े दो खास लोग भी दुनिया को अलविदा कह गए। आशा भोसले की बेटी वर्षा ने साल 2012 में आत्महत्या कर ली। वहीं चार साल बाद यानी 2015 में बेटे हेमंत का कैंसर के कारण निधन हो गया। दो बच्चों की मौत ने आशा भोसले को भीतर से तोड़ दिया।

### बड़े पर्दे पर दिखाया एक्टिंग का हुनर

आशा भोसले ने अपने करियर में एक से बढ़कर एक बेहतरीन गीत गाए। हिंदी के अलावा वह कुल 20 भारतीय और विदेशी भाषाओं में गाने गा चुकी हैं। सिंगिंग के अलावा आशा भोसले ने एक्टिंग में भी हाथ आजमाया था। साल 2013 में आशा भोसले ने एक मराठी फिल्म 'माई' में अभिनय किया। इसमें उनके अभिनय को खूब सराह गया था।

### छह साल छोटे आरडी बर्मन से प्यार और दूसरी शादी

पहली शादी टूटने के बाद आशा भोसले की जिंदगी में फिर से प्यार की बहार आई। एक गाने की रिकॉर्डिंग के दौरान संगीतकार आरडी बर्मन और आशा भोसले की मुलाकात हुई। आरडी बर्मन ने आशा भोसले के सामने अपने प्यार का इजहार किया था। वह आशा भोसले से 6 साल छोटे थे। आरडी बर्मन से आशा भोसले ने 1980 में शादी की। लेकिन इनकी शादी की राह आसान नहीं थी। आशा भोसले के तीन बच्चे पहली शादी से थे, ऐसे में आरडी बर्मन के परिवार वाले इस शादी के राजी नहीं थे। लेकिन आरडी बर्मन नहीं माने, उन्होंने आशा से शादी की। आगे चलकर दोनों ने बेहतरीन गीतों पर काम किया। साल 1994 में आरडी बर्मन का निधन हुआ, इसके बाद आशा अकेली पड़ गईं।

**जन्म : 08 सितंबर 1933**    **अवसान : 12 अप्रैल 2026**

## आशा का वो गाना, जो रेडियो पर बैन तो दूरदर्शन से हटाया

देव आनंद, जीनत अमान और मुमताज अभिनीत फिल्म हरे रामा हरे कृष्णा में आशा भोसले की आवाज में दम मारो दम गाना रिलीज होते ही विवादों में घिर गया था। आरडी बर्मन का संगीत और आनंद बख्शी के बोल इस गाने में थे। गाने में जीनत अमान को हिप्पी स्टाइल में चिलम फूंकते हुए दिखाया गया था, जो नशे के कल्चर को एक तरह से ग्लैमराइज करने का तरीका था और इस पर गंभीर आरोप भी लगा। कई लोगों ने इसे भारतीय संस्कृति के खिलाफ और युवाओं में नशे को बढ़ावा देने वाला बताया।



बेस्ट प्लेबैक सिंगर फीमेल का अवॉर्ड

### रेडियो पर हुआ बैन

इस गाने को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि ऑल इंडिया रेडियो ने गाने पर प्रतिबंध तक लगा दिया। यही नहीं दूरदर्शन ने फिल्म के टीवी प्रसारण के दौरान इस गाने तक को काट दिया। जब फिल्म टीवी पर आई तो दम मारो दम को पूरी तरह हटा दिया गया था। गजब की बात यह है कि आशा भोसले को इस गाने के लिए बेस्ट प्लेबैक सिंगर फीमेल का अवॉर्ड भी मिला था। देवानंद ने फिल्म में इसे एंटी-ड्रग मैसेज के तौर पर रखा था लेकिन गाने की कैची धुन और बोल्ड विजुअल्स ने इसे अलग ही पहचान दे दी।

## आशा भोसले को मिले अवॉड्र्स



- पद्म विभूषण – 2008
- दादासाहेब फाल्के – 2000
- राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार (सर्वश्रेष्ठ महिला प्लेबैक गायिका) – 1981 और 1986
- फिल्मफेयर पुरस्कार (सर्वश्रेष्ठ महिला प्लेबैक गायिका) – 1968, 1969, 1972, 1973, 1974, 1975 और 1979
- फिल्मफेयर स्पेशल अवॉर्ड (फिल्म रंगीला) – 1996
- फिल्मफेयर लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड – 2001
- आइफा अवार्ड (सर्वश्रेष्ठ महिला प्लेबैक गायिका) – 2002, फिल्म लगान के गीत राधा कैसे न जले के लिए
- नाइटिंगेल ऑफ एशिया अवॉर्ड – 1987
- सिंगर ऑफ द मिलेनियम – 2000 (दुबई)
- बीबीसी लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड – 2002
- पद्म विभूषण से सम्मानित, दादासाहेब फाल्के और नेशनल अवॉर्ड तक
- गिनीज बुक वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी नाम है दर्ज
- साल 2011 में उन्हें गिनीज ने 20 अलग-अलग भाषाओं में 12,000 से ज्यादा गाना रिकॉर्ड करने के लिए उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया था।




*सेवंती मंगेशकर(मां), लता मंगेशकर, आशा भोसले, ऊषा मंगेशकर, मीना खाड़ीकर, हृदयनाथ मंगेशकर*

## कई शैलियों में गातीं थीं आशा

### चुलबुले और रूमानी गीत

आशा जी को कैबरे और पश्चिमी धुन वाले गानों की रानी माना जाता है। उन्होंने आरडी बर्मन के साथ मिलकर संगीत में एक नई जान फूंकी थी।
**उदाहरण:** दम मारो दम, पिया तू अब तो आजा, ओ हसीना ज़ुल्फ़ों वाली

### ठुमरी और शास्त्रीय संगीत

हालांकि, उनकी छवि एक मॉडर्न गायिका की थी, लेकिन कठिन शास्त्रीय बंदिशों और ठुमरी में उनका कोई सानी नहीं है। फिल्म उत्सव और उमराव जान के गानों में इसकी झलक मिलती है।
**उदाहरण:** मन क्यों बहका रे बहका, दिल चीज़ क्या है

### भावपूर्ण गज़लें

फिल्म उमराव जान के लिए उन्होंने अपनी गायकी का अंदाज़ पूरी तरह बदल लिया था। उनकी आवाज़ की गंभीरता और शब्दों के सही उच्चारण (तलफ़्फ़ुज़) ने गज़लों को अमर बना दिया।
**उदाहरण:** इन आंखों की मस्ती के, जुस्तजू जिसकी थी।

### भजन और भक्ति गीत

उनकी आवाज़ में जहां एक तरफ मादकता थी, वहीं दूसरी तरफ भक्ति गीतों में उतनी ही पवित्रता और सादगी भी थी।
**उदाहरण:** तोरा मन दर्पण कहलाए

### पॉप और रिमिक्स

90 के दशक में जब पॉप संगीत का दौर आया, तब भी आशा जी ने जानम समझा करो और कही आग लगे जैसे गानों से युवा पीढ़ी के बीच अपनी धाक जमाए रखी।

### लोक संगीत और लावणी

मराठी होने के नाते, उन्होंने लावणी (महाराष्ट्र का लोक संगीत) में जो ऊर्जा भरी, वह बेमिसाल है।

## खबर संक्षेप

### 200 गोलियों के साथ 2 शातिर तस्कर गिरफ्तार



**मुजफ्फरपुर।** जिले में स्थित बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय के हॉस्टल में रहकर कारतूसों की तस्करी करने वाले नेटवर्क का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। काजी मोहम्मदपुर थाने की पुलिस ने छापेमारी कर 200 जिंदा कारतूसों के साथ दो तस्करों को रंगे हाथ दबोचा है। पकड़े गए तस्करों की पहचान अभिषेक तिवारी और अनमोल कुमार के रूप में हुई है।

### यूपी के पूर्व मंत्री हरिनारायण का निधन



**लखनऊ।** यूपी के पूर्व मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता हरिनारायण राजभर का रविवार को निधन हो गया। उनके परिजनों ने यह जानकारी दी। 76 वर्षीय राजभर को सांस लेने में तकलीफ होने की शिकायत के बाद शनिवार रात लखनऊ के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली।

### आंबेडकर जयंती पर प्रधानमंत्री मोदी का बड़ा तोहफा

# 210 किमी लंबे दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे का करेंगे उद्घाटन, ढाई घंटे में पूरी होगी यात्रा

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती पर बड़ा तोहफा देंगे। दरअसल, 14 अप्रैल को दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे के उद्घाटन करेंगे। इसे लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। 210 किलोमीटर लंबे और छह लेन वाले इस एक्सप्रेसवे के लोकार्पण को लेकर प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह सतर्क हैं।

कार्यक्रम की तैयारियां अपर पुलिस महानिदेशक मेरठ जोन भानु भास्कर, सहारनपुर मंडलायुक्त डॉ. रूपेश कुमार, जिलाधिकारी मनीष बंसल, एसएसपी अभिनंदन सिंह, एनएचएआई अध्यक्ष संतोष यादव, राज्यमंत्री जसवंत सैनी तथा भाजपा जनप्रतिनिधियों की निगरानी में पूरी की गई हैं। सुरक्षा के मद्देनजर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है और कार्यक्रम स्थल पर 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

*210 किमी लंबा 6 लेन का एक्सप्रेसवे, टोल 675 रुपए*

*काली देवी मंदिर में पीएम मोदी व सीएम योगी करेंगे पूजा-अर्चना*



#### 100 किमी प्रतिघंटा की गति से फर्राटा भर सकेंगे वाहन

एक्सप्रेसवे पर वाहन 100 किमी प्रतिघंटा की गति से फर्राटा भर सकेंगे, जिससे यात्रा न केवल तेज बल्कि कहीं अधिक सुगम भी होगी। दिल्ली में यह एक्सप्रेसवे अक्षरधाम से शुरू होता है और उत्तर प्रदेश के बागपत, शामली और सहारनपुर होते हुए उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में प्रवेश करता है। यह मार्ग हरिद्वार, ऋषिकेश और मसूरी जाने वाले यात्रियों के लिए भी बड़ी राहत लेकर आएगा। खासकर वीकेंड टूरिज्म के लिहाज से यह एक्सप्रेसवे गेमचेंजर साबित होने वाला है।

#### यूपी के इन जिलों को करेगी कवर

यह एक्सप्रेसवे दिल्ली के अक्षरधाम से शुरू होकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बागपत, बड़ौत, मुजफ्फरनगर, शामली और सहारनपुर होते हुए उत्तराखंड की राजधानी देहरादून तक जाएगा। इससे दिल्ली से देहरादून की यात्रा पहले की तुलना में काफी तेज और सुगम हो जाएगी। एक्सप्रेसवे का निर्माण चार चरणों में किया गया है जिसमें पहला चरण अक्षरधाम से बागपत के खेकड़ा तक 32 किमी का है जबकि दूसरा चरण बागपत से सहारनपुर के लाखनौर तक 32 किमी,तीसरा चरण लाखनौर से गणेशपुर-बिहारीगढ़ तक 42 किमी और चौथा चरण गणेशपुर टोल से देहरादून तक 18 किमी लंबा है। अंतिम चरण में 12 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड कॉरिडोर बनाया गया है, जो राजाजी नेशनल पार्क से होकर गुजरेगा। सहारनपुर-देहरादून सीमा पर 340 मीटर लंबी डांट काली सुरंग का निर्माण किया गया है। यहां स्थित मां डांट काली देवी मंदिर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पूजा-अर्चना करेंगे। उद्घाटन कार्यक्रम के लिए गणेशपुर-मनोहरपुर में 65,875 वर्गफीट क्षेत्रफल में 15 हजार लोगों की क्षमता वाला वातानुकूलित जर्मन हैंगर पंडाल बनाया गया है। मंच पर बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाई गई है, जिसके जरिए देहरादून के महेंद्र ग्राउंड से प्रधानमंत्री के संबोधन का सीधा प्रसारण दिखाया जाएगा। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी सभा को संबोधित करेंगे।

### संत कबीर कुटीर में जनता दरबार



**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को संत कबीर कुटीर में प्रदेश भर से आए लोगों की समस्याएं सुनीं व अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए।

### पुलिस तक पहुंचा मामला

## ललितपुर के मंदिर की खुदाई में निकली 16 सोने की ईंटें?

एजेंसी ▶▶ ललितपुर

ललितपुर जिले के तालबेहट कोतवाली क्षेत्र के सुनौरी गांव में स्थित सवालखिया गौड़ बब्बा स्थान पर मंदिर निर्माण के दौरान खुदाई हो रही थी। स्थानीय लोगों के अनुसार, गुरुवार शाम करीब छह बजे मंदिर निर्माण के पिलर की जेसीबी मशीन से खुदाई हो रही थी। जेसीबी मशीन का पंजा पड़ा तो एक पीतल पैली निकली। जब उससे कपड़ा हटाकर देखा गया तो उसमें छोटी-छोटी 16 ईंटें मिलीं, जिसे सोने की बताई जा रही हैं।

#### रात में गायब हो गईं ईंटें

ग्रामीणों के अनुसार ईंटों को साफ करके गौड़ बाबा के समक्ष रखकर विधि-विधान से पूजन करके उसी स्थान पर फिर दोबारा से दबा दिया गया।

### निजी निवेश के माध्यम से परियोजना को विकसित किया जाएगा

## यूपी के 49 बस स्टेशनों को लेकर योगी सरकार का बड़ा कदम, फेज-2 परियोजना को दी मंजूरी

एजेंसी ▶▶ लखनऊ



यूपी में परिवहन व्यवस्था को आधुनिक बनाने की दिशा में योगी सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। योगी सरकार ने फेज-2 परियोजना को मंजूरी दे दी है। इसके तहत प्रदेश के 49 बस स्टेशनों का कायाकल्प कराया जाएगा। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि यह परियोजना उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम द्वारा पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल पर लागू की जाएगी।

दयाशंकर सिंह ने बताया कि इस परियोजना के अंतर्गत प्रदेश के विभिन्न प्रमुख जनपदों में स्थित बस स्टेशनों को आधुनिक, विश्वस्तरीय और बहुउद्देश्यीय बस टर्मिनल के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके लिए जल्द ही निविदा प्रक्रिया शुरू की जाएगी और पारदर्शी तरीके से डेवलपर्स का चयन किया जाएगा। परियोजना के तहत बनने वाले बस टर्मिनलों में यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इनमें स्वच्छता, सुरक्षा, डिजिटल सूचना प्रणाली, सुव्यवस्थित पार्किंग, वाणिज्यिक परिसर और अन्य सहायक सेवाएं शामिल होंगी। साथ ही स्मार्ट और टिकाऊ (सस्टेनेबल) अवसंरचना विकसित की जाएगी।

#### यात्रियों के लिए सुविधाजनक सेवाएं उपलब्ध करवाएगा परिवहन

परिवहन मंत्री ने कहा कि यह परियोजना न केवल यात्रियों को सुरक्षित, सुविधाजनक और बेहतर परिवहन सेवाएं उपलब्ध कराएगी, बल्कि रोजगार सृजन, आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि और शहरी विकास को भी गति देगी। उन्होंने बताया कि यह परियोजना डिजाइन, बल्डि, फाइनेंस, ऑपरेट और ट्रांसफर मॉडल पर आधारित होगी। इसमें राज्य सरकार या परिवहन निगम पर कोई प्रत्यक्ष पूंजीगत व्यय नहीं आएगा, बल्कि निजी निवेश के माध्यम से परियोजना को विकसित किया जाएगा। भूमि का स्वामित्व निगम के पास रहेगा, जबकि विकास और संचालन का अधिकार कंसेशनायर को दिया जाएगा। दयाशंकर सिंह ने बताया कि फेज-2 के लिए बिड डॉक्यूमेंट को केंद्र सरकार के नवीनतम दिशानिर्देशों के अनुरूप तैयार किया गया है, जिससे निवेशकों के लिए प्रतिस्पर्धात्मक और आकर्षक माहौल बनेगा।

#### मुख्यमंत्री ग्रामीण परिवहन सेवा के तहत चलाई जाएंगी सात नई बसें

वहीं देवरिया में मुख्यमंत्री ग्रामीण परिवहन सेवा के तहत ग्रामीण अंचलों से सात नई बसें चलाई जाएंगी। परिवहन विभाग ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। अप्रैल माह के अंतिम सप्ताह से नई बसों के चलने की उम्मीद है। इससे ग्रामीण क्षेत्र के यात्रियों को काफी राहत मिलेगी। वर्तमान में देवरिया डिपो से कुल 229 बसों का संचालन किया जाता है। इनमें से 86 निगम व 143 अनुबंधित बसें शामिल हैं। अभी भी कई ग्रामीण क्षेत्रों में परिवहन विभाग की बसों का संचालन नहीं होता है।

### भोजपुर और बक्सर एमएलसी उपचुनाव

## एनडीए ने उम्मीदवार का किया ऐलान, आरजेडी से होगी सीधी टक्कर

एजेंसी ▶▶ आरा

भोजपुर-बक्सर स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन क्षेत्र से एनडीए ने कन्हैया प्रसाद को अपना अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा और संदेश विधायक राधाचरण साह की उपस्थिति में कन्हैया के नाम पर अपनी सहमति प्रदान की। इसके बाद औपचारिक रूप से उन्हें प्रत्याशी घोषित करने का सहमति पत्र दिया। इस फैसले को एनडीए के भीतर आपसी समन्वय और संगठन की मजबूती का संकेत माना जा रहा है। सीएम द्वारा प्रत्याशी बनाए जाने पर संदेश विधायक ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार जताते हुए कहा कि उनके पुत्र कन्हैया प्रसाद पर भरोसा जताकर नेतृत्व ने क्षेत्र का मान बढ़ाया है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि कन्हैया पार्टी की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे और क्षेत्र के विकास के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करेंगे।

## बोकारो में युवती की हत्या मामले में 28 पुलिसकर्मी सस्पेंड

एजेंसी ▶▶ बोकारो

झारखंड के बोकारो में 8 महीने से लापता 18 वर्षीय युवती की हत्या का सनसनीखेज खुलासा हुआ है। पुलिस ने आरोपी दिनेश महतो को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर युवती की हड्डियां और बाल बरामद किए हैं। जांच में सामने आया कि आरोपी ने शादी के दबाव के कारण युवती की चाकू मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले में गंभीर लापरवाही और आरोपी के साथ मिलीभगत के आरोप में थाना प्रभारी सहित 28 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया है। इन पुलिसकर्मियों पर आरोप है कि ये हत्या आरोपी के साथ पार्टी करते थे। बोकारो के पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने बताया कि जिले के पिंडराजोरा थाना क्षेत्र के चास कॉलेज चास के पास से युवती पुष्पा महतो (उम्र 18 साल) का अपहरण कर लिया गया था। पिछले साल 24 जुलाई को मृतक की मां रेखा देवी की ओर से पुलिस में शिकायत दी गई थी कि उनकी बेटी कुमारी पुष्पा महतो का अपहरण कर लिया गया है। इसके बाद 4 अगस्त 2025 पिण्ड्रोजोरा थाने में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया गया। इसके बाद मृतका की मां पुलिस थाने के चक्कर लगाती रही। हालांकि पुलिस की ओर से ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इससे निराश होकर मृतका की मां ने झारखंड हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया।

## पेज एक का शेष

### हमेशा जिंदा रहेंगी...

से करोड़ों दिलों पर राज करने वाली आशा ताई ने भारतीय संगीत को अनगिनत अमर गीत दिए और अपने पीछे एक अतुलनीय विरासत छोड़ गईं। आशा जो को पद्म विभूषण और दादासाहेब फाल्के जैसे बड़े अवॉर्ड मिले। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में उन्हें सबसे ज्यादा गीत रिकॉर्ड करने वाली गायिका के रूप में स्थान मिला। आशा भोसले के निधन के बाद प्रधानमंत्री मोदी, मप्र के सीएम डॉ. मोहन यादव समेत लोगों ने शोक व्यक्त किया है। इतना ही नहीं, आरएसएस प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने पोस्ट शेयर कर श्रद्धांजलि दी है।

### कहा-उनके गीत...

बातचीतों की यादें मैं हमेशा संजोकर रखूंगा। वे आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेंगी और उनके गीत हमेशा लोगों की ज़िंदगी में गूंजते रहेंगे।

### कोई फॉर्मूला न ...

है। दोनों पक्ष इस पर राजी हो सकते हैं। व्लादिमीर पुतिन ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन से बातचीत की। इस दौरान दोनों नेताओं ने इस्लामाबाद में विफल वार्ता पर चर्चा की। वार्ता के टूटने के बाद दुनिया भर के नेताओं ने अमेरिका और ईरान से अपील की है कि वे मौजूदा अस्थायी युद्धविराम का पालन करें और कूटनीतिक रास्ता अपनाएं। बातचीत विफल होने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भड़क उठे हैं। उन्होंने धमकी दी है कि अमेरिका तत्काल प्रभाव से होर्मुज में प्रवेश करने या बाहर निकलने की कोशिश करने वाले जहाजों की नाकेबंदी शुरू कर देगा । अगर इसके रास्ते में कोई आता है तो उसे उड़ा दिया जाएगा।

### अमेरिका ने दिया ...

साधन हासिल करने की कोशिश करेंगे, जिनसे वे बहुत जल्दी परमाणु हथियार हासिल कर सकें।

### राहुल गांधी बोले...

रन फॉर कॉन्स्टिट्यूशन' मैराथन का आयोजन किया गया है। इस दौरान अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष राजेन्द्र पाल गौतम, भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान मोहम्मद अज़हरूद्दीन, पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी, कांग्रेस नेता के राजू, दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव, सांसद दीपेन्द्र हुड्डा, तनुज पुनिया, कर्मवीर बौद्ध, राजस्थान के नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, ममता भूपेश, राजकुमार वेरका समेत अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

### भारतीय नौसेना की...

विश्लेषण करेंगे। बहुआयामी चुनौतियों से निपटने की रणनीतियों की समीक्षा करेंगे। सम्मेलन में ब्लू-वॉटर क्षमताओं के विस्तार, आधुनिक प्रशिक्षण, मानव संसाधन प्रबंधन, प्लेटफॉर्म्स की युद्धक तैयारियों और टिकाऊ रखरखाव प्रणाली पर विस्तार से चर्चा होगी। साथ ही, बिना चालक वाले सिस्टम्स और उन्नत तकनीकों के प्रभावी उपयोग पर भी विशेष जोर रहेगा।

हरियाणा सरकार
चयन परीक्षण 2026
KHELO INDIA
खेलो इंडिया राज्य उत्कृष्टता केंद्र, पंचकूला
17-18 अप्रैल, 2026
ताऊ देवी लाल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स सैक्टर 3, पंचकूला
आयु वर्ग
13-23 वर्ष
(01 जनवरी, 2026 के अनुसार)



खेल विधाएं
Contact Details: एथलेटिक्स 83848-78223 | बॉक्सिंग 94656-78059 | बैडमिंटन 76965-11990
के.आई.एस.सी.ई., पंचकूला में उपलब्ध सुविधाएं
स्पोर्ट्स साइंस स्टाफ
• फिजियोथेरेपिस्ट (पुरुष एवं महिला)
• न्यूट्रिशनिस्ट
• बायोमैकेनिक्स विशेषज्ञा
• मसाज थेरेपिस्ट (पुरुष एवं महिला)
• स्ट्रेंथ एवं कंडीशनिंग विशेषज्ञा
• (लीड एवं ग्रेड-।।)
अन्य सुविधाएं
• लड़कों एवं लड़कियों के लिए वातानुकूलित हॉस्टल
• आधुनिक जिम एवं पुनर्वास
• (रिहैबिलिटेशन) सुविधा
• मेस सुविधा
प्रवेश सुविधाएं
ट्राइसिटी (पंचकूला, चंडीगढ़, मोहाली) के स्कूलों, कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों में शिक्षण सुविधाएं
विशेषज्ञा प्रशिक्षण
अनुभवी कोचों द्वारा विशेषज्ञा प्रशिक्षण
वेबसाइट : www.haryanasports.gov.in
ई-मेल : sportshry@gmail.com
ऑनलाइन फॉर्म जमा करने हेतु ई-मेल: kisceharyana@gmail.com
पंजीकरण हेतु क्यू आर कोड स्कैन करें
ऑन द स्पॉट रजिस्ट्रेशन भी सिर्फ 17 अप्रैल, 2026 को ही स्वीकार किया जाएगा
(8:00 AM to 11:00 AM)
खेलो इंडिया - प्रतिभा को निखारना, चैंपियन तैयार करना
खेल विभाग, हरियाणा
सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

## चिंतन

# कूटनीति की मेज पर फिर बढ़ा अविश्वास का साया

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच तनाव को लेकर इस्लामाबाद में अमेरिका और ईरान के बीच चली दो दौर की लंबी और बहुप्रतीक्षित वार्ता बिना किसी ठोस नतीजे के समाप्त हो गई। करीब 21 घंटे तक चली इस बातचीत के बाद अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने साफ शब्दों में कहा कि हमने अपना अंतिम और सर्वोत्तम प्रस्ताव दे दिया है, अब देखना है कि ईरान इसे स्वीकार करता है या नहीं। यह बयान केवल एक असफल वार्ता का संकेत नहीं, बल्कि वैश्विक कूटनीति में गहराते अविश्वास और टकराव की नई परतों को भी उजागर करता है। इस पूरे घटनाक्रम में इस्लामाबाद एक अहम कूटनीतिक मंच बनकर उभरा, जहां पाकिस्तान ने मध्यस्थ की भूमिका निभाई। वेंस द्वारा पाकिस्तान की सराहना यह दर्शाती है कि वार्ता की विफलता का कारण मेज़बान देश नहीं, बल्कि दोनों पक्षों के बीच बुनियादी मतभेद हैं। खासकर परमाणु कार्यक्रम, प्रतिबंधों में ढील और क्षेत्रीय सुरक्षा जैसे मुद्दों पर सहमति का अभाव साफ नजर आया। वार्ता के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य में ईरान का टोल टैक्स वसूलने का निर्णय और उस पर अमेरिका की नाकाबंदी की चेतावनी खाड़ी में एक बड़े संघर्ष की नींव रख रही है। यह स्पष्ट है कि ईरान अब अपनी शर्तों पर क्षेत्रीय दबदबा बढ़ाना चाहता है, जो न केवल अमेरिका के लिए, बल्कि भारत सहित पूरी दुनिया के लिए एक बड़ी चुनौती है। भारत अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं (तेल और गैस) के लिए मिडिल ईस्ट पर बहुत अधिक निर्भर है। होर्मुज में चल रहे इस विवाद से भारतीय जहाजों की आवाजाही प्रभावित हो सकती है और ईंधन की कीमतें बढ़ सकती हैं। दूसरी तरफ, अमेरिका की प्राथमिक चिंता ईरान का परमाणु कार्यक्रम है। वेंस ने दो टूक कहा कि अमेरिका को साफ और ठोस प्रतिबद्धता चाहिए कि ईरान भविष्य में परमाणु हथियार विकसित नहीं करेगा। हालांकि, ईरान की ओर से इस पर कोई स्पष्ट आश्वासन न मिलना इस वार्ता के टूटने की बड़ी वजह बना। यह स्थिति बताती है कि 2015 के परमाणु समझौते के बाद जो भरोसा धीरे-धीरे बना था, वह अब लगभग समाप्त हो चुका है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का रुख भी कम चिंताजनक नहीं है। उनका यह कहना कि समझौता हो या न हो, कोई फर्क नहीं पड़ता, यह कूटनीति की गंभीरता को कमतर आंकने जैसा है। ट्रंप की आक्रामक रणनीति और त्वरित परिणामों की चाह, दीर्घकालिक शांति प्रयासों के रास्ते में बाधा बनती दिख रही है। होर्मुज़ जलडमरूमध्य वैश्विक तेल आपूर्ति का अहम मार्ग है और इसका बंद होना न केवल क्षेत्रीय बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए गंभीर खतरा है। इस पूरी प्रक्रिया में एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि लगभग आधी सदी की दुश्मनी के बाद दोनों देश आमने-सामने बैठे। यह अपने आप में एक सकारात्मक संकेत है, लेकिन इसके साथ ही यह भी स्पष्ट है कि संवाद की यह शुरुआत बेहद नाज़ुक है। अगर इसे सही दिशा नहीं मिली, तो यह अवसर भी अतीत की तरह विफलता में बदल सकता है। इस्लामाबाद वार्ता की असफलता यह संदेश देती है कि केवल फाइनल ऑफर देने से कूटनीति सफल नहीं होती। इसके लिए धैर्य, लचीलापन और आपसी भरोसे की आवश्यकता होती है। अंततः, यह वार्ता भले ही किसी समझौते पर खत्म न हुई हो, लेकिन इसे एक अवसर के रूप में देखा जाना चाहिए। एक ऐसा अवसर, जो भविष्य में संवाद के नए रास्ते खोल सकता है। यदि दोनों पक्ष अपने रुख में नरमी लाते हैं और क्षेत्रीय हितों को प्राथमिकता देते हैं, तो यह असफलता भी एक बड़ी सफलता की भूमिका बन सकती है।

# 'अभी न जाओ छोड़ कर...'



श्रद्धा स्मरण
डॉ. घनश्याम बादल

भारतीय सिने-संगीत की समृद्ध परंपरा में आशा भोसले का नाम एक ऐसे स्वर के रूप में दर्ज है, जिन्होंने समय, शैली और सीमाओं को लगातार लांघते हुए हर पीढ़ी को अपना मुरीद बनाया। 8 सितंबर 1933 को सांगली में जन्मीं आशा, अपने समय के प्रसिद्ध शास्त्रीय संगीतज्ञ-गायक दीनानाथ मंगेशकर की पुत्री थीं और उसी संगीत-सिक्त वातावरण में पली-बढ़ीं, जहां सुर ही जीवन का पहला और अंतिम सत्य था। पिता के निधन के बाद परिवार की जिम्मेदारियां अचानक उनके और बड़ी बहन लता मंगेशकर के कंधों पर आ गईं। यही वह दौर था जब बचपन ने बिना आहट युवावस्था का रूप ले लिया और संघर्ष ने उनकी आवाज़ में एक अनोखी परिपक्वता भर दी।

पिछले कुछ वर्षों में भारतीय फ़िल्म जगत को लगातार बड़े नाम के जाने से झटका लगा है। अभी चले गए कलाकारों के गम को सिने जगत भूल भी नहीं पाया था कि रविवार 12 अप्रैल को चंचल, शोख व रोमांटिक फिल्मी गीतों की अद्भुत गायिका, गायन क्षेत्र की लाइट हाउस, सुरों की मल्लिका और गीत, ग़ज़ल, पॉप के साथ-साथ भजन एवं शास्त्रीय गीतों की स्टूडियो में सबसे ज्यादा एकल गीत रिकॉर्ड करने वाली आशा भोसले भी छोड़ कर चली गई हैं।

भारतीय सिने-संगीत की समृद्ध परंपरा में आशा भोसले का नाम एक ऐसे स्वर के रूप में दर्ज है, जिन्होंने समय, शैली और सीमाओं को लगातार लांघते हुए हर पीढ़ी को अपना मुरीद बनाया। 8 सितंबर 1933 को सांगली में जन्मीं आशा, अपने समय के प्रसिद्ध शास्त्रीय संगीतज्ञ-गायक दीनानाथ मंगेशकर की पुत्री थीं और उसी संगीत-सिक्त वातावरण में पली-बढ़ीं, जहां सुर ही जीवन का पहला और अंतिम सत्य था। पिता के निधन के बाद परिवार की जिम्मेदारियां अचानक उनके और बड़ी बहन लता मंगेशकर के कंधों पर आ गईं। यही वह दौर था जब बचपन ने बिना आहट युवावस्था का रूप ले लिया और संघर्ष ने उनकी आवाज़ में एक अनोखी परिपक्वता भर दी। परिवार में बड़ी दीदी लता मंगेशकर के साथ उनका संबंध हमेशा विशेष रहा। दोनों ही बहनें अपने-अपने ढंग से संगीत की साधक थीं। यद्यपि पेशेवर प्रतिस्पर्धा की चर्चाएं समय-समय पर होती रहीं, परंतु निजी जीवन में यह रिश्ता सम्मान, स्नेह और एक-दूसरे की कला के प्रति गहरी समझ से भरा रहा। छोटी बहन उषा मंगेशकर के साथ भी उनका रिश्ता आत्मीयता और सहयोग का रहा, जहां परिवार की डोर ने हर उतार-चढ़ाव में उन्हें जोड़े रखा। यह वही पारिवारिक पृष्ठभूमि थी, जिसने आशा को न केवल एक महान गायिका बनाया, बल्कि जीवन के हर मोड़ पर दृढ़ बने रहने की शक्ति भी दी। कम उम्र में उन्होंने गणपत राव भोसले से विवाह किया, जो परिवार की इच्छा के विरुद्ध था।

यह संबंध अधिक समय तक टिक नहीं सका और वैवाहिक जीवन में आए तनावों ने अंततः अलगाव का रूप ले लिया। इस टूटन ने उन्हें भीतर तक झकझोर दिया, लेकिन यहीं से उनके जीवन का वह अध्याय शुरू हुआ, जहां उन्होंने अपने अस्तित्व को पूरी तरह संगीत के हवाले कर दिया। वे अपने बच्चों के साथ एक नई शुरुआत के लिए खड़ी हुईं और संघर्ष के उस कठिन दौर में भी अपनी आवाज़ को कभी थकने नहीं दिया। फिल्मी दुनिया में शुरुआती दौर आसान नहीं था। जहां एक और उनकी बड़ी बहन लता मंगेशकर स्वर कोकिला के रूप में फिल्म जगत में छाई हुई थी, वहीं उन्हें लंबे समय तक छोटे बजट की फिल्मों और तथाकथित 'दूसरे दर्जे' के गीतों तक सीमित रखा गया। उनकी असाधारण प्रतिभा को पहचानने वालों में सबसे प्रमुख रहे संगीतकार ओ. पी. नैय्यर, जिन्होंने आशा की आवाज़ में वह चंचलता और ऊर्जा देखी, जो मुख्यधारा के संगीत में एक नई ताजगी ला सकती थी। "आईये मेहरबान" और "जरा हौले-हौले चलो" जैसे गीतों ने उन्हें नई पहचान दी।



इसके बाद आर. डी. बर्मन के साथ उनका रचनात्मक और व्यक्तिगत संबंध भारतीय संगीत इतिहास की सबसे सफल साझेदारियों में गिना जाने लगा। "पिया तू अब तो आजा", "दम मारो दम" और "चुरा लिया है तुमने" जैसे गीतों ने न केवल उन्हें लोकप्रियता के शिखर पर पहुंचाया, बल्कि यह भी सिद्ध किया कि वे हर शैली, चाहे वह कैबरे हो, ग़ज़ल हो या पॉप सबमें समान अधिकार से गा सकती हैं। फिल्म निर्माताओं और निर्देशकों के साथ भी उनके संबंध बेहद पेशेवर और सृजनात्मक रहे। गुरुदत्त की फिल्मों में उनकी आवाज़ ने संवेदनशीलता को नया आयाम दिया, तो विजय आनंद की फिल्मों में उनकी गायकी ने आधुनिकता और रोमांच का नया रंग भरा। संगीतकारों में खय्याम के साथ फिल्म उमराव जान के गीत "इन आंखों की मस्ती" ने उनकी गायकी के शास्त्रीय पक्ष को अमर कर दिया। इसी तरह इलैया राजा और ए. आर. रहमान जैसे संगीतकारों के साथ भी उन्होंने समय के साथ खुद को ढालते हुए नई पीढ़ी में अपनी प्रासंगिकता बनाए रखी। उनके जीवन का हर मोड़ मानो उनके गीतों में ढलता चला गया। "पिया तू अब तो आजा" में उनकी आवाज़ की बेचैनी, "दम मारो दम" में विद्रोह की धुन, "इन आंखों की मस्ती" में ठहराव और गहराई, सब उनके अपने जीवन के अलग-अलग रंगों का ही प्रतिबिंब प्रतीत होते हैं। यही कारण है कि उनका संगीत केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि एक जीवंत अनुभव बन जाता है। व्यक्तिगत जीवन में आर. डी. बर्मन के साथ उनका विवाह उनके जीवन का स्थिर और सृजनात्मक दौर साबित हुआ, जहां दोनों ने एक-दूसरे की कला को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। उनके बच्चों, हेमंत भोसले और वर्षा भोसले के साथ उनका संबंध स्नेह और आत्मीयता से भरा रहा, हालांकि जीवन ने उन्हें कई व्यक्तिगत दुःख भी दिए। फिल्म जगत में जहां व्यक्तिगत संबंध एवं पारिवारिक पृष्ठभूमि लाभ का सौदा रहती है और फिल्म जगत से जुड़े हुए लोगों को आसानी से प्रमोशन और किकबैक मिल जाते हैं, लेकिन आशा भोसले को लता मंगेशकर की छोटी बहन होने का लाभ कम और नुक़सान ज़्यादा हुआ। एक ऐसा लंबा दौर उनके जीवन में आया, जब सुरीली आवाज, गायन की गहरी समझ और पूरे समर्पण के साथ हर शैली में गाने की महारत के बावजूद उनकी प्रतिभा का इस्तेमाल उतना नहीं हो पाया जितना होना चाहिए था। कई बार तो कुछ बातों को लेकर उनके लता मंगेशकर के साथ गहरे मतभेद भी चर्चा में रहे, लेकिन उनके समर्पण और श्रेष्ठ गायन के चलते समय के साथ उन्हें दादा साहेब फाल्के पुरस्कार और पद्म विभूषण जैसे सर्वोच्च सम्मानों से नवाजा गया, लेकिन उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि वह प्रेम है जो उन्हें करोड़ों श्रोताओं से मिला। उम्र और स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों के बावजूद उनका संगीत के प्रति समर्पण कभी कम नहीं हुआ। उनकी विरासत केवल परिवार तक सीमित नहीं रही, बल्कि संपूर्ण भारतीय संगीत जगत में व्यापक रूप से फैली हुई है। आज जब उनकी धुनें स्मृतियों में गूंजती हैं, तो नई पीढ़ी उन्हें एक प्रेरणास्त्रोत के रूप में देखती है। उनका जीवन यह संदेश देता है कि कला समय की सीमाओं से परे होती है और स्वर कभी समाप्त नहीं होते, वे केवल रूप बदलकर सदा जीवित रहते हैं। वह आख़िरी समय तक सुरों की साधना में लीन रहीं। आशा भोसले केवल एक गायिका नहीं, बल्कि एक पूरे युग की प्रतिनिधि गायिका रही हैं, एक ऐसा युग, जिसकी हर धुन, हर गीत और हर स्वर भारतीय संगीत की आत्मा में हमेशा गूंजता रहेगा, जैसे कोई मधुर पुकार-"पिया तू...अब तो आजा..."।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## नमन

कृति जैन




# आशा भोसले : सुरों की वह शक्ति, जो इतिहास बन गई

आज का संगीत संसार एक ऐसी रिक्तता के सामने खड़ा है, जिसे शब्दों में समेटना कठिन है। आशा भोसले के निधन ने भारतीय संगीत की उस धड़कन को मौन कर दिया है, जो कई पीढ़ियों की भावनाओं में जीवित रही। 12 अप्रैल 2026 को मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में 92 वर्ष की आयु में उनका निधन केवल एक कलाकार का अंत नहीं, बल्कि एक युग का शांत हो जाना है। फेफड़ों के संक्रमण, थकान और बढ़ती उम्र ने शरीर को दुर्बल किया, पर उनकी स्वर-छवि स्मृतियों में अमर है। ओ. पी. नैय्यर से लेकर आर. डी. बर्मन तक, उनकी गायकी ने हर दौर को नई पहचान और रंग दिया। इस शोक में भी ऐसा लगता है मानों उनकी धुनें अब भी हवा में तैर रही हों- जैसे संगीत उन्हें पूरी तरह विदा करने को तैयार न हो। बचपन की कठिनाइयों से उभरकर आशा ने संगीत को ही अपना सहारा बना लिया। 8 सितंबर 1933 को महाराष्ट्र के सांगली में मंगेशकर परिवार में जन्मी आशा केवल नौ वर्ष की थीं, जब उनके पिता दीनानाथ मंगेशकर का निधन हो गया। इसके बाद परिवार मुंबई आ गया, जहां अभाव और संघर्ष के बीच उन्होंने बड़ी बहन लता मंगेशकर के साथ संगीत की शिक्षा ली। सोलह वर्ष की आयु में 1949 में उन्होंने गणपतराव भोसले से विवाह किया, जिसे परिवार की स्वीकृति नहीं मिली, फिर भी उन्होंने कठिन परिस्थितियों में अपने संकल्प को बनाए रखा। 1948 में फिल्म 'चुनरिया' के गीत 'सावन आया' से उन्होंने पार्श्वगायन की शुरुआत की, जो आगे चलकर एक ऐतिहासिक संगीत यात्रा बनी। यह शुरुआत एक ऐसी सशक्त आवाज़ का उदय थी, जिसने भारतीय सिनेमा संगीत को नई दिशा और पहचान दी। उनके करियर में सफलता और ऊंचाइयों की श्रृंखला मिलती है। ओ. पी. नैय्यर के साथ गीतों में चंचलता उभरी, जबकि आर. डी. बर्मन के साथ उन्होंने प्रयोगधर्मिता का नया दौर शुरू किया। 'तीसरी मंजिल' का 'आजा आजा', 'हरे राम हरे कृष्णा' का 'दम मारो दम' और 'उमराव जान' का 'दिल चीज क्या है' भारतीय संगीत की पहचान बन गए। उन्होंने 12,000 से अधिक गीत हिंदी, मराठी, बंगाली, तमिल और गुजराती सहित कई भाषाओं में गाए। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में उन्हें सबसे अधिक गीत रिकॉर्ड करने वाली गायिका का दर्जा मिला। शंकर-जयकिशन, खय्याम, इलैयाराजा और ए. आर. रहमान जैसे संगीतकारों के साथ उनकी आवाज़ ने नया जादू रचा। वे केवल पार्श्वगायिका नहीं, बल्कि एक स्वर-शक्ति थीं, जिसने हर शैली को नया रूप दिया। 1980 के आसपास आर. डी. बर्मन के साथ उनके संबंधों ने उनके जीवन में भावनात्मक मोड़ जोड़ा, जिसकी चर्चा हुई। उन्होंने 'आशा' नाम से रेस्तरां श्रृंखला शुरू की, जिसने दुबई से दोहा तक पहचान बनाई। 2013 में फिल्म 'माई' से उन्होंने अभिनय में भी कदम रखा। उनका यह बहुआयामी व्यक्तित्व उन्हें एक सशक्त और प्रेरक हस्ती बनाता है। आशा भोसले को उनके योगदान के लिए पद्म विभूषण, दादासाहेब फाल्के पुरस्कार, सात फिल्मफेयर और दो राष्ट्रीय पुरस्कार सहित कई सम्मान मिले। उन्होंने भजन, ग़ज़ल, पॉप और वेस्टर्न संगीत में भी अपनी सशक्त आवाज़ दी, जिससे उनका प्रभाव राष्ट्रीय सीमाओं से आगे बढ़कर वैश्विक स्तर तक पहुंचा। 'ये मेरा दिल' जैसे गीतों में हेलेन के लिए उनकी गायकी ने अलग पहचान बनाई, वहीं 'लगान' जैसे प्रोजेक्ट्स में उनकी उपस्थिति ने नई ऊर्जा दी। कॉर्नरशॉप के 'ब्रिमफुल ऑफ आशा' और क्रोनोस क्वार्टेट के साथ सहयोग ने उन्हें अंतरराष्ट्रीय मंच पर विशिष्ट स्थान दिलाया। उनकी सॉप्रानो आवाज़ ने भारतीय संगीत की सीमाएं लांघकर विश्व संगीत में भी अमिट छाप छोड़ी। वे हर शैली में सहज रहीं और हर प्रयोग को सफलता में बदलती रहीं।

जीवन के अंतिम वर्षों में भी आशा भोसले पूरी तरह सक्रिय रहीं। उन्होंने डिजिटल मंचों पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। 2026 में गोरिलाज जैसे अंतरराष्ट्रीय समूह के साथ उनका अंतिम सहयोग उनकी प्रयोगधर्मिता और नवाचार के प्रति समर्पण का सशक्त प्रमाण बना। उनकी पोती जनाई भोसले भी संगीत की परंपरा को आगे बढ़ा रही हैं, जिससे यह धरोहर पीढ़ी दर पीढ़ी जीवित है। आशा भोसले का जाना केवल एक कलाकार की विदाई नहीं, बल्कि भारतीय संगीत के स्वर्णिम युग के एक महत्वपूर्ण अध्याय का अवसान है। फिर भी यह अंत पूर्ण नहीं, क्योंकि उनके गीत समय के साथ अमर रहेंगे। आज देश और दुनिया भर में उन्हें श्रद्धा और सम्मान के साथ स्मरण किया जा रहा है। उनका नाम आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणा का स्त्रोत रहेगा। आशा भोसले-एक स्वर-आत्मा, जो समय से परे जाकर भी अमर है और सुरों की दुनिया में सदा प्रकाश बनकर चमकती रहेगी।

( लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## मेहनत के बाद भी नहीं मिल रही सफलता?



संकलित
**दर्शन**

संसार में किसी भौतिक वस्तु या सुख प्राप्त करने के लिए पुरुषार्थ की आवश्यकता होती है। पुरुषार्थ प्राथमिक आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त वांछित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए ऊर्जा, कौशल, दैव (प्रारब्ध या सौभाग्य) और तत्परता (इच्छाशक्ति) भी आवश्यक है। ये पांच तत्व अत्यंत अनिवार्य हैं। अतः पुरुषार्थ करें। यह विश्वास रखें कि सौभाग्य आपके साथ है और फिर कौशल अर्जित करें।

**अपनी ऊर्जा और कौशल को कैसे बढ़ाया जाए?** जब आप ध्यान और मंत्रोच्चार के द्वारा अपने भीतर की सकारात्मकता को जाग्रत करते हैं, तो यह आपके कौशल, ऊर्जा और सौभाग्य में वृद्धि करता है। इन तीनों के होने के पश्चात भी, आपको पुरुषार्थ करना होगा और फिर यह फलीभूत होने में अपना नियत समय भी लेगा। हमें अपना ध्यान लक्ष्य पर केंद्रित रखते हुए निरंतर कर्म करते रहना होगा; प्रारंभिक समय में बार-बार मिलने वाली असफलता की परवाह किए बिना हमें सतत प्रयास करते रहना चाहिए। प्राचीन वेदों एवं शास्त्रों, वैदिक अनुष्ठानों में, आरंभ में संकल्प का विधान है। संकल्प लें-एक दृष्टि और एक लक्ष्य चुनें और फिर उसे समर्पित कर दें। समर्पण अर्थात उसे ईश्वर को अर्पित करना। यह कहना-"यह मेरी इच्छा है, किन्तु आप जो मेरे लिए श्रेष्ठ समझें। यदि यह या इससे भी उत्तम कुछ हो, तो मैं उसे स्वीकार करने को तत्पर हूं।"


## मृत्यु अटल है, जो ये बात समझते हैं, वे प्रसन्न रहेंगे



संकलित
**प्रेरणा**

एक प्रवचन के बाद एक व्यक्ति तुकाराम के पास आया और बोला कि आप इतने आनंद में और शांत कैसे रहते हैं? तुकाराम जी ने उस व्यक्ति की बातें ध्यान से सुनीं और अचानक बोले कि भाई सात दिनों के बाद तुम्हारी मृत्यु होने वाली है। ये बात सुनते ही तुरंत ही उस व्यक्ति की हालत खराब हो गई। क्योंकि वह मानता था कि तुकाराम जी बहुत सिद्ध संत हैं, इनकी बात गलत नहीं हो सकती है। उसने तय किया कि जीवन के सात दिन बचे हैं तो अब आनंद के साथ ही जीना चाहिए। उस व्यक्ति ने अपनी जीवन शैली ही बदल दी। सभी के साथ प्रेम से रहने लगा। उसने जो गलतियां की थीं, उनमें सुधार किया। जिन लोगों को उसकी वजह से नुकसान हुआ था, उनसे क्षमा मांगी। हर पर प्रसन्न रहने लगा। इसी तरह सातवां दिन आ गया। उनसे सोचा कि अंतिम दिन अपने गुरु से भी मिल लेना चाहिए। वह तुरंत ही तुकाराम जी के पास पहुंच गया। उसने कहा कि जैसा आपने कहा था कि मेरी सात दिन बात मृत्यु होगी। आज सातवां दिन है। अंतिम दिन मैं आपसे मिलने आया हूं। तुकाराम जी ने उसकी बात सुनी और कहा कि जुग-जुग जियो। ये बात सुनकर उस व्यक्ति ने कहा कि गुरु जी मैं अगले दिन तो मैं मर जाऊंगा तो आप ऐसा आशीर्वाद क्यों दे रहे हैं? तुकाराम जी ने कहा कि मैंने तो तुम्हें तुम्हारे ही सवाल का जवाब दिया था, तुमने मेरे प्रसन्न रहने का रहस्य पूछा था।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### सांझा चूल्हा से होगी ऊर्जा की बचत

रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों को लेकर समय-समय पर देश में राजनीतिक बहस तेज हो जाती है। विपक्ष इसे आम आदमी पर बढ़ते आर्थिक बोझ के रूप में उठाता है, तो सत्ता पक्ष अंतरराष्ट्रीय बाजार और वैश्विक परिस्थितियों का हवाला देता है। यह बहस लोकतंत्र का स्वाभाविक हिस्सा है, क्योंकि महंगाई और जीवनयापन की लागत सीधे जनता के जीवन को प्रभावित करती है। लेकिन इस पूरे विमर्श में अक्सर एक महत्वपूर्ण पक्ष छूट जाता है- समाज की अपनी सामूहिक शक्ति और संकट के समय मिल-जुलकर समाधान खोजने की क्षमता। भारतीय समाज की मूल संरचना ही सामूहिकता पर आधारित रही है। इसी सामाजिक संस्कृति का एक महत्वपूर्ण प्रतीक रहा है- 'सांझा चूल्हा'। - **संतोष परमार**, भिलाई

## करंट अफेयर

# अमेरिका में विवेकानंद की पहली आदमकद प्रतिमा



अमेरिका में स्वामी विवेकानंद की पहली आदमकद प्रतिमा का सिएटल में अनावरण किया गया। यह प्रतिमा प्रसिद्ध भारतीय दार्शनिक और आध्यात्मिक नेता स्वामी विवेकानंद के सम्मान में स्थापित की गई है। अधिकारियों ने बताया कि सिएटल शहर में 'वेस्टलेक स्क्वायर' पर स्थापित आदमकद कांस्य प्रतिमा अमेरिका में किसी नगर प्रशासन की ओर से लगाई गई अपनी तरह की पहली प्रतिमा है। भारतीय कलाकार नरेश कुमार कुमावत द्वारा बनाई गई इस प्रतिमा का सिएटल की महापौर केटी विल्सन और सिएटल में भारत के महावाणिज्य दूत प्रकाश गुप्ता ने शनिवार को संयुक्त रूप से अनावरण किया। सिएटल में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, ''शिकागो 1893 से सिएटल 2026 तक! ...सिएटल का प्रशासन शहर के मध्य क्षेत्र में स्वामी विवेकानंद स्मारक स्थापित करने वाला पहला नगर प्रशासन बन गया है।'' विल्सन ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि यह स्मारक सिएटल की समावेशी भावना को दर्शाता है और भारत एवं अमेरिका के प्रशांत उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र के इस विविधतापूर्ण महानगरीय प्रौद्योगिकी केंद्र के बीच सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करता है।

## ऑफ बीट

# सौ वर्षों से हम तारों की दुनिया से हो रहे रूबरू



तारीख थी सात मई 1925। प्राचीन काल से ही लोग तारों और ग्रहों को अपने-अपने तरीके से समझने का प्रयास करते आएं हैं। 1700 के दशक में, सौरमंडल का एक घड़ीनुमा मॉडल, ऑरेरी, विकसित किया गया। "प्लैनेटोरियम" यानी तारामंडल शब्द का आविष्कार ग्रहों को दर्शाने वाले 'ऑरेरी' का वर्णन करने के लिए किया गया था। खगोलशास्त्री ईसे ईसिंगा ने एक कमरे के आकार का ऑरेरी मॉडल तैयार किया था। यह आज भी नीदरलैंड के फ्रैनेकर में काम कर रहा है। इस दृश्य को देखने के लिए कोई भी मनुष्य सौरमंडल के आसपास नहीं गया है। ऑरेरी और ब्रह्मांड के अन्य यांत्रिक मॉडल जैसे आकाशीय ग्लोब ही बाहरी परिप्रेक्ष्य से दृश्य प्रस्तुत करते हैं। तारों और ग्रहों को वास्तविक रूप से देखने की इच्छा 20वीं सदी की शुरुआत में तेजी से बढ़ी, क्योंकि बढ़ते शहरीकरण से होने वाले प्रदूषण ने रातों में दिखने वाले आकाश को धुंधला कर दिया था। जर्मनी के म्यूनिख में स्थित डॉयचे संग्रहालय के प्रथम निदेशक ओस्कर वॉन मिलर जैसे लोग तारों और ग्रहों से सभी को रूबरू कराना चाहते थे। दिलचस्प बात यह है कि वॉन मिलर के करियर की शुरुआत एक इलेक्ट्रिकल इंजीनियर के रूप में हुई थी।

## ट्रेंड

### कस्टम रेंटल सेंटर



हर किसान के लिए बड़ी मशीनें खरीदना संभव नहीं होता, इसलिए पंचायत स्तर पर कस्टम रेंटल सेंटर और मशीन बैंक विकसित किए जाएंगे। इससे किसानों को उचित किराए पर आधुनिक मशीनों का उपयोग करने में सुविधा मिलेगी।
- **शिवराज सिंह चौहान**, केंद्रीय कृषि मंत्री

### महिला नेतृत्व में विकास



अब महिलाओं की शक्ति ही देश की दिशा तय करेगी। देश के विभिन्न वर्गों की महिलाएं आज प्रधानमंत्री मोदी को सशक्तिकरण के ऐतिहासिक अवसर के लिए धन्यवाद दे रही हैं। चर्चा केवल महिलाओं के विकास तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि महिला नेतृत्व में विकास की होगी।
-**अन्नपूर्णा देवी**, केंद्रीय महिला विकास मंत्री

### सदा अमर रहेंगी आशा



पद्म विभूषण आशा भोसले के निधन की खबर सुनकर गहरा दुख हुआ। आज संगीत जगत ने एक महान व्यक्तित्व को खो दिया है। उनका जाना देश के लिए अपूरणीय क्षति है। वे अपने अनगिनत मधुर गीतों के माध्यम से सदा अमर रहेंगी।
-**अरविंद केजरीवाल**, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### महिला विधायक



राज्य में चल रहे चुनावों के बीच विशेष सत्र बुलाना इस बात की और पुष्टि करता है कि मोदी सरकार महिलाओं को वास्तव में सशक्त बनाने के बजाय राजनीतिक लाभ उठाने के लिए इस विधेयक को जल्दबाजी में लागू कर रही है।
- **मल्लिकार्जुन खड़गे**, अध्यक्ष, कांग्रेस

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने उन्नत कृषि महोत्सव में किसानों से संवाद किया

## शिवराज ने चार जिलों सीहोर, देवास, विदिशा और रायसेन का कृषि रोडमैप किया जारी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मध्य प्रदेश के रायसेन में आयोजित उन्नत कृषि महोत्सव के दूसरे दिन किसानों को एक बड़ी सौगात देते हुए सीहोर, रायसेन, विदिशा और देवास इन चार जिलों का समग्र कृषि रोडमैप जारी किया। साथ ही इस अवसर पर उन्होंने आधुनिक कृषि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इंटीग्रेटेड फार्मिंग मॉडल का निरीक्षण भी किया। वहीं केन्द्रीय मंत्री ने महोत्सव में फसल बीमा योजना और इंटीग्रेटेड फॉर्मिंग पर आयोजित विशेष सत्र के दौरान किसानों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और वैज्ञानिकों, विशेषज्ञों के साथ उनके समाधान पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि कृषि को लाभकारी



बनाने के लिए नई तकनीकों, विविध फसलों और एकीकृत खेती पद्धतियों को अपनाना बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि, किसान पारंपरिक खेती के साथ-साथ पशुपालन, बागवानी, मधुमक्खी पालन और जैविक खेती को भी अपनाएं, ताकि कम लागत में अधिक लाभ प्राप्त हो सके।
सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर बैठे किसान तक पहुंचे, इसके लिए हर स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं।

### योजनाओं को जमीन पर लागू किया जाएगा

चौहान ने कहा कि उन्नत कृषि महोत्सव का यह आयोजन केवल औपचारिक कार्यक्रम नहीं बल्कि देश की कृषि व्यवस्था में सुधार लाने का एक गंभीर प्रयास है। आज विदिशा, रायसेन, सीहोर और देवास जिलों के लिए कृषि विकास का रोडमैप तैयार किया गया है। आगे मध्यप्रदेश के सभी जिलों के लिए इसी प्रकार की योजना बनाई जाएगी। इन योजनाओं को जमीन पर लागू किया जाएगा। केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के समन्वय से किसानों को इसका लाभ पहुंचाया जाएगा। अब जरूरत इस बात की है कि किसान अपनी मिट्टी, जलवायु, पानी की उपलब्धता और संसाधनों के आधार पर वैज्ञानिक तरीके से खेती करें। सही फसल और टिकाऊ खेती पर ध्यान देना आवश्यक है।

### हर ब्लॉक में बनेगा बीज ग्राम

केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि उत्पादन बढ़ाने के लिए अच्छा बीज सबसे महत्वपूर्ण आधार है। विभिन्न फसलों, फल और सब्जियों के साथ-साथ नई संभावनाओं वाली खेती जैसे ड्रैगन फ्रूट, एवोकाडो और ब्लूबेरी को भी रोडमैप में शामिल किया गया है। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि यदि प्रत्येक ब्लॉक में लगभग 10 गांवों को बीज ग्राम बनाकर किसानों को वहीं से अच्छे बीज उपलब्ध कराए जाएं, तो इससे उत्पादन में करीब 20 प्रतिशत तक वृद्धि संभव है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि बीज ग्राम विकसित करने के लिए केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का उपयोग किया जाएगा। 'बीज और रोपण सामग्री उप-मिशन' के तहत आवश्यक वित्तीय सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी, जिसमें भारत सरकार और मध्यप्रदेश सरकार मिलकर सहयोग करेंगी।

### कृषि रोडमैप में वैल्यू एडिशन पर फोकस

इन चार जिलों की जलवायु, मिट्टी और तापमान को ध्यान में रखते हुए एक समग्र कृषि रोडमैप तैयार किया गया है। इसका उद्देश्य खेती को अधिक लाभकारी बनाना, जल के कुशल उपयोग को बढ़ावा देना और उपलब्ध संसाधनों के बेहतर इस्तेमाल से उत्पादन बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि इस योजना का फोकस जलवायु-सहिष्णु खेती, उत्पादकता में वृद्धि, किसानों की आय बढ़ाना, जल संरक्षण, फसल विविधीकरण और बाजार से बेहतर जुड़ाव सुनिश्चित करना है।

# खरगे की पाती पीएम के नाम... नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर नहीं उठाएं सियासी लाभ

## 2023 में सर्वसम्मति से पारित किया गया था, लेकिन अब तक लागू नहीं किया गया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली



राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखकर प्रस्तावित विशेष संसद सत्र और नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 के क्रियान्वयन को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। खरगे ने अपने पत्र में कहा कि उन्हें 16 अप्रैल से प्रस्तावित विशेष सत्र के बारे में प्रधानमंत्री का पत्र प्राप्त हुआ है, जिसमें इस कानून पर चर्चा की बात कही गई है। उन्होंने याद दिलाया कि यह विधेयक सितंबर 2023 में संसद द्वारा सर्वसम्मति से पारित किया गया था और उस समय तत्काल प्रभाव से इसे लागू करने की मांग की गई थी, लेकिन अब तक इसे लागू नहीं किया गया।

### 30 महीने बाद भी लागू नहीं हुआ कानून

खरगे ने लिखा कि इस कानून के पारित होने के लगभग 30 महीने बीत चुके हैं, लेकिन सरकार ने इसे लागू करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि अब अचानक विशेष सत्र बुलाया गया है, जबकि विपक्ष को विश्वास में नहीं लिया गया और परिसीमन से जुड़ी कोई स्पष्ट जानकारी भी साझा नहीं की गई।

### परिसीमन पर जानकारी की मांग

पत्र में खरगे ने कहा कि बिना परिसीमन की विस्तृत जानकारी के इस महत्वपूर्ण कानून पर सार्थक चर्चा संभव नहीं है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सरकार ने राजनीतिक दलों के साथ संवाद करने का जो दावा किया है, वह वास्तविकता से परे है।

### सर्वदलीय बैठक की मांग

खरगे ने सुझाव दिया कि 29 अप्रैल को मौजूदा चुनावी प्रक्रिया समाप्त होने के बाद सरकार को सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिए, ताकि प्रस्तावित संवैधानिक संशोधनों और परिसीमन के मुद्दे पर व्यापक चर्चा हो सके।

### सरकार पर राजनीतिक लाभ लेने का आरोप

उन्होंने कहा कि चुनावों के दौरान विशेष सत्र बुलाना इस बात की ओर इशारा करता है कि सरकार इस कानून के क्रियान्वयन में जल्दबाजी कर राजनीतिक लाभ उठाना चाहती है, न कि वास्तव में महिलाओं को सशक्त बनाना।

### सरकार के पिछले फैसलों पर भी उठाए सवाल

खरगे ने अपने पत्र में नोटबंदी, जीएसटी, जनगणना और वित्त आयोग की सिफारिशों जैसे मुद्दों का हवाला देते हुए कहा कि इन मामलों में सरकार का रिकॉर्ड भरोसेमंद नहीं रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे संवेदनशील विषयों पर केंद्र और राज्यों सहित सभी पक्षों की राय लेना लोकतंत्र के लिए जरूरी है।

### लोकतंत्र मजबूत करने की अपील

पत्र के अंत में खरगे ने कहा कि यदि सरकार वास्तव में "लोकतंत्र को मजबूत करने" और "सभी को साथ लेकर चलने" के अपने दावे पर कायम है, तो उसे पारदर्शिता दिखानी चाहिए और सभी दलों के साथ मिलकर आगे बढ़ना चाहिए।

## कांग्रेस नेता ने 'छिपा एजेंडा' बताया

# जाति जनगणना पर केंद्र के मंसूबे पर जयराम के सवाल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

जयराम रमेश के ताज़ा बयान ने एक बार फिर जाति जनगणना को लेकर सियासी बहस तेज कर दी है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि सरकार का 'छिपा हुआ एजेंडा' जाति जनगणना को टालना है। जयराम रमेश ने अपने बयान में कई तारीखों और घटनाओं का हवाला देते हुए सरकार की मंशा पर सवाल उठाए। उन्होंने एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए लिखा, 20 जुलाई 2021 को लोकसभा में सरकार ने स्पष्ट कहा था कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के अलावा अन्य जातियों की गणना नहीं की जाएगी। उसी साल 21 सितंबर को सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा देकर इसे 'नीतिगत निर्णय' बताया। 28 अप्रैल 2024 को प्रधानमंत्री ने एक टीवी इंटरव्यू में जाति जनगणना की मांग को "अर्बन नक्सल मानसिकता" से जोड़ दिया। 30 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद, सरकार ने अचानक घोषणा की कि आगामी जनगणना में जाति आधारित डेटा भी शामिल होगा। एक के बाद तारीख के क्रम को सामने रखते हुए जयराम ने लिखा, 30 मार्च 2026 को रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त ने कहा कि डिजिटल प्रक्रिया के कारण 2027 के अधिकांश नतीजे उसी वर्ष उपलब्ध हो जाएंगे।

### नया विवादः अनुच्छेद 334-ए में संशोधन

अब विवाद की जड़ है संविधान के अनुच्छेद 334-ए में प्रस्तावित संशोधन। जयराम रमेश का आरोप है कि सरकार यह कहकर संशोधन करना चाहती है कि जाति जनगणना के परिणाम कई वर्षों तक उपलब्ध नहीं होंगे। उन्होंने सवाल उठाया कि जब बिहार और तेलंगाना जैसे राज्यों ने महज छह महीने से भी कम समय में व्यापक जातिगत सर्वेक्षण पूरा कर लिया, तो केंद्र सरकार क्यों देरी की बात कर रही है? उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी का पहले दिन से मानना है कि सरकार पहले जाति जनगणना के खिलाफ थी। फिर अचानक इसके पक्ष में घोषणा की और अब परिणामों में देरी का आधार तैयार किया जा रहा है। जयराम रमेश के अनुसार, यह 'जनता को गुमराह करने और भ्रम फैलाने' की कोशिश है।

## केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान की देखरेख में होगी विधायक दल की बैठक

# बिहार को जल्द मिलेगा नया मुख्यमंत्री, भाजपा ने शिवराज को बनाया केंद्रीय पर्यवेक्षक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को पार्टी ने बड़ी जिम्मेदारी दी है। भारतीय जनता पार्टी के संसदीय बोर्ड ने बिहार में पार्टी विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है।

इसके साथ ही, पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के बाद पार्टी ने बिहार में नई सरकार के गठन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने एक अधिसूचना में कहा कि भारतीय जनता पार्टी के संसदीय बोर्ड ने कृषि एवं किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान को बिहार में भाजपा के विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है।जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने कहा कि बिहार में नई सरकार के गठन की प्रक्रिया 13 अप्रैल के बाद शुरू होगी। हालांकि बताया यह भी जा रहा है कि मुमकिन है कि 13 अप्रैल को ही संभवतः मौजूदा सरकार की अंतिम कैबिनेट बैठक हो। इसके बाद खरमास खत्म होते ही 14 अप्रैल को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंप देंगे।

इसके बाद एनडीए विधायक दल की बैठक होगी, जिसमें नए नेता का चयन किया जाएगा। इसके बाद 15 अप्रैल को नई सरकार के शपथ ग्रहण का कार्यक्रम प्रस्तावित है।गौरतलब है कि बिहार के दोनों उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा शनिवार की शाम 5.30 बजे मुख्यमंत्री आवास पहुंचे थे। करीब 30 मिनट सभी की मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात हुई थी।

# एचआरटीसी बस का ब्रेक फेल पहाड़ी से टकराई, 12 लोग जख्मी

**कांगड़ा।** मुबारिकपुर-भरवाई रोड पर रविवार को धर्मशाला से होशियारपुर जा रही हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस के अचानक ब्रेक फेल हो गए। चालक ने खाई में गिरने से बचाने पहाड़ी से टकरा दिया। बस में लगभग 50 यात्री थे। 12 से ज्यादा घायल हो गए हैं।




# 12 हजार करोड़ की कंपनी 74 रुपये में बेचनी पड़ी, कॉरपोरेट इतिहास का सबसे बड़ा नुकसान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

शेट्टी ने एक समय हेल्थकेयर और फाइनेंस सेक्टर में अपना 10 अरब डॉलर यानी करीब 93 हजार करोड़ रुपए का अम्पायर खड़ा किया था। लेकिन, कुछ गलतियों की वजह से उनके इस अम्पायर का एक हिस्सा पूरी तरह ढह गया और महज 74 रुपए में बेचना पड़ा। यह कोई अचानक आया तूफान नहीं था, बल्कि कंपनी के डॉक्यूमेंट की बड़ी खामी की वजह से हुआ नुकसान था।

बीआर शेट्टी का जन्म 1 अगस्त, 1942 को उडुपी में हुआ था। उन्होंने मनिपाल से फार्मा की पढ़ाई पूरी की और परिवार में आर्थिक दिक्कत होने की वजह से साल 1973 में यूएई चले गए। वहां सबसे पहले उन्होंने मेडिकल रीप्रेजेंटेटिव यानी एमआर की नौकरी की और साल 1975 में न्यू मेडिकल सेंटर में छोटी सी क्लीनिक शुरू कर दी, जहां उनकी डॉक्टर पत्नी चंद्रकुमारी शेट्टी प्रैक्टिस करती थीं। उन्होंने इलाके के लोगों को सस्ती मेडिकल सर्विस देनी शुरू की जिससे जल्द ही उनकी क्लीनिक काफी पॉपुलर हो गया।

समय के साथ उनकी क्लीनिक की लोकप्रियता बढ़ती गई और सऊदी अरब, ओमान, यूरोप के साथ लैटिन अमेरिका में भी हेल्थकेयर कारोबार पहुंच गया। पैसा आने पर उन्होंने हेल्थकेयर के अलावा साल 1980 में यूएई में मनी ट्रांसफर सर्विस शुरू कर दी। यहां खाड़ी देशों में काम करने वालों को अपने घर पैसे भेजने में मदद की जाती थी। साल 2003 में शेट्टी ने नियोफार्मा नाम से अबु धाबी में फार्मा मैन्युफैक्चरिंग यूनिट शुरू की।

## हेल्थकेयर और फाइनेंस सेक्टर में अपना 10 अरब डॉलर का अम्पायर तैयार किया था

### लंदन स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट हो गई कंपनी

साल 2012 में एनएमसी हेल्थ यूएई की पहली हेल्थकेयर कंपनी बनी जो लंदन स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट हुई। शुरुआत में इसका मार्केट कैप 1 अरब डॉलर था, जो बाद में बढ़कर 10 अरब डॉलर यानी करीब 93 हजार करोड़ रुपए पहुंच गया। तब शेट्टी की व्यक्तिगत नेट वर्थ बढ़कर करीब 4 अरब डॉलर यानी करीब 38 हजार करोड़ रुपए पहुंच गया था। तब उन्हें भारत सरकार ने पद्म श्री पुरस्कार से भी नवाजा था। शेट्टी के बाद बुर्ज खलीफा में भी लग्जरी प्रॉपर्टी थी।



### टूटा भरोसा और ढहने लगा कारोबार

शेट्टी की कंपनी में शुरू हुए फर्जीवाड़े का असर जल्द ही व्यापक रूप से फैलने लगा और यूएई एक्सचेंज के साथ होल्डिंग कंपनी फिनाब्लर पर भी इसका असर पड़ा। 8 अप्रैल, 2020 को यूके हाईकोर्ट ने एनएमसी हैल्थ के खिलाफ प्रशासन पर जांच बैठा दी। 80 से ज्यादा बैंकों ओर कर्जदाताओं को इससे बड़ा नुकसान हुआ।

### 2019 से शुरू हुआ पतन

शेट्टी के पतन की कहानी साल 2019 से शुरू हुई, जब अमेरिका स्थिति एक शॉर्ट सेलिंग फर्म मडी वॉटर रिसर्च ने एनएमसी हेल्थ के खिलाफ एक रिपोर्ट जारी की। इसमें कहा गया कि कंपनी ने अपने कैश बैलेंस और कर्ज के बारे में निवेशकों से जानकारी छुपाई है। साल 2020 की शुरुआत में एनएमसी हेल्थ ने स्वीकार किया की उस पर 4 अरब डॉलर यानी करीब 38 हजार करोड़ रुपए का कर्ज है। जांच में फर्जी दस्तावेज, अनाधिकृत लोन और कमजोर कॉरपोरेट प्रबंधन का भी पता चला। फरवरी 2020 में उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया।

## खबर संक्षेप



### टाटा मोटर्स ने इलेक्ट्रिक ट्रक की आपूर्ति शुरू की

**मुंबई।** वाणिज्यिक वाहन विनिर्माता टाटा मोटर्स ने कहा कि उसने अपने मालवाहक इलेक्ट्रिक ट्रक प्राइमा ई.55एस की आपूर्ति बिलियन-ई मोबिलिटी को शुरू कर दी है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि उसे 250 अतिरिक्त इलेक्ट्रिक ट्रकों की आपूर्ति का भी ऑर्डर मिला है, जिन्हें चरणबद्ध ढंग से गुजरात, राजस्थान, तमिलनाडु, कर्नाटक, महाराष्ट्र, दिल्ली-एनसीआर और हरियाणा के प्रमुख मालढुलाई गलियारों में तैनात किया जाएगा। इन ट्रकों का इस्तेमाल इस्पात, सीमेंट और अन्य औद्योगिक उत्पादों को लंबी दूरी तक पहुंचाने के लिए किया जाएगा।

### सिग्नेचर ग्लोबल का शुद्ध कर्ज 77% घटा

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी सिग्नेचर ग्लोबल लिमिटेड का बेहतर नकदी प्रवाह के कारण वित्त वर्ष 2025-26 में शुद्ध कर्ज 77 प्रतिशत घटकर 200 करोड़ रुपये रह गया। सिग्नेचर ग्लोबल लिमिटेड द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, 31 मार्च, 2026 तक कंपनी का शुद्ध कर्ज 200 करोड़ रुपये रहा, जो एक साल पहले 31 मार्च, 2025 को 880 करोड़ रुपये था।

### बाजार में उथल-पुथल के बीच तेल के दाम गिरे

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में टकराव के कारण बाजार में उथल-पुथल की स्थिति के बीच देश के तेल-तिलहन बाजारों में बीते सप्ताह अधिकांश तेल-तिलहनों के भाव गिरावट दर्शाते बंद हुए। सप्ताह के दौरान सरसों, सोयाबीन एवं मूंगफली तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल की कीमतों में गिरावट रही। केवल सोयाबीन दाना (तिलहन) के दाम स्थिर दिखे। बाजार सूत्रों ने कहा कि बीते सप्ताह विदेशी बाजारों में भी गिरावट रही।

टीसीएस के मुख्य कार्यकारी व एमडी कृतिवासन ने कहा

# टीसीएस ने 25,000 नए स्नातकों को नौकरी की पेशकश की, और भर्तियां मांग पर निर्भर

एजेंसी ▶▶| मुंबई

देश की सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 25,000 नए स्नातकों (फ्रेशर) को नौकरी देने की पेशकश की है। कंपनी ने संकेत दिया है कि आगे कॉलेज स्नातकों की नियुक्तियां बाजार में मांग की स्थिति पर निर्भर करेंगी। टीसीएस के मुख्य कार्यकारी एवं प्रबंध निदेशक के कृतिवासन ने साक्षात्कार में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कंपनी ने वित्त वर्ष 2025-26 में 44,000 नए स्नातकों की नियुक्ति की थी, जो देश में निजी क्षेत्र में किसी कंपनी द्वारा की गई भर्तियों का सबसे ऊंचा आंकड़ा है।

एमडी ने कहा कि 2026-27 के दौरान हमने 25,000 नए स्नातकों को नौकरी देने की पेशकश की है। मांग पर स्थिति स्पष्ट होने के बाद हम और नियुक्तियां करेंगे। पिछले तीन वर्षों से टीसीएस हर साल 40,000 से अधिक 'फ्रेशर्स' को नौकरी दे रही है।




वित्त वर्ष 2025-26 में 44,000 नए स्नातकों की नियुक्ति की थी

### अनुभवी कर्मचारियों की भर्ती बढ़ाने की कोई योजना नहीं

कृतिवासन ने कहा कि अनुभवी कर्मचारियों की भर्ती को बढ़ाने की कोई योजना नहीं है। नए स्नातकों को किसी परियोजना में जोड़ने से पहले करीब नौ महीने का प्रशिक्षण दिया जाता है, जबकि अनुभवी कर्मचारी तुरंत काम शुरू कर सकते हैं। ऐसे में भर्ती रणनीति पूरी तरह व्यावसायिक जरूरतों पर निर्भर करती है।

### कंपनी के पास परियोजनाओं की पाइपलाइन स्थिर

कारोबारी माहौल पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि कंपनी के पास परियोजनाओं की पाइपलाइन 'स्थिर' है, जो वर्तमान वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों में सकारात्मक संकेत है। उन्होंने बताया कि नई मांग विभिन्न क्षेत्रों और भौगोलिक बाजारों से आ रही है, जिसमें लागत अनुकूलन और डिजिटल बदलाव से जुड़े सौदे शामिल हैं।

### वरिष्ठ स्तर के अधिकारियों की आवश्यकता कम हुई

वित्त वर्ष 2025-26 में हुई लगभग 12,000 कर्मचारियों की छंटनी के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि कंपनी में अच्छा प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों के लिए लंबे समय तक करियर के अवसर उपलब्ध हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कृत्रिम मेधा (एआई) का इस छंटनी से कोई सीधा संबंध नहीं था, बल्कि परियोजनाओं के क्रियान्वयन के तरीके में बदलाव के कारण वरिष्ठ स्तर के कर्मचारियों की आवश्यकता कम हुई है।

### 40 अरब डॉलर के अनुबंध हासिल किए

टीसीएस ने वित्त वर्ष 2025-26 में कुल 40 अरब डॉलर के नए अनुबंध हासिल किए हैं। उन्होंने कोई आंकड़ा दिए बिना कहा कि नए अनुबंधों को राजस्व में बदलने की दर भी बढ़ी है। कंपनी के मुख्य वित्त अधिकारी समीर सेकसरिया ने कहा कि टीसीएस विभिन्न उपायों से मुनाफा मार्जिन में वृद्धि पर ध्यान केंद्रित करेगी।

अप्रैल के पहले 10 दिन में यह राशि निकाली गई

# एफपीआई ने शेयर बाजार से निकाले 48,213 करोड़

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने भारतीय शेयर बाजार से अप्रैल महीने में भी अपनी बिकवाली जारी रखी है। बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक वृहद आर्थिक अनिश्चितता के बीच निवेशकों ने अप्रैल के पहले 10 दिन में ही 48,213 करोड़ के शेयर बेचे हैं। इससे पहले मार्च में एफपीआई ने रिकॉर्ड 1.17 लाख करोड़ की निकासी की थी, जो अब तक का निकासी का सबसे बड़ा मासिक आंकड़ा है। हालांकि, फरवरी में उन्होंने 22,615 करोड़ का निवेश किया था, जो पिछले 17 माह का उच्चस्तर है। एनएसडीएल के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2026 में अब तक विदेशी निवेशकों की कुल निकासी बढ़कर 1.8 लाख करोड़ से अधिक हो चुकी है। केवल अप्रैल में ही 10 तारीख तक उन्होंने 48,213 करोड़ निकाले हैं। विश्लेषकों के अनुसार, यह लगातार बिकवाली वैश्विक आर्थिक दबाव और बढ़ते भू-राजनीतिक जोखिमों का परिणाम है। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के प्रमुख शोध प्रबंधक हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आई है, जिससे वैश्विक स्तर पर महंगाई को लेकर चिंताएं फिर बढ़ गई हैं।



### विदेशी निवेश में सुधार की उम्मीद

हाल ही में अमेरिका-ईरान के बीच युद्धविराम की घोषणा के बावजूद बिकवाली पर कोई खास असर नहीं पड़ा। एंजल वन के वरिष्ठ विश्लेषक वकार जावेद खान के अनुसार, निवेशकों ने शेयर बाजार में तेजी का इस्तेमाल अपनी हिस्सेदारी घटाने के अवसर के रूप में किया है।

## सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## तेल की कीमतें व महंगाई के आंकड़े तय करेंगे शेयर बाजार की दिशा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ईरान और अमेरिका के बीच पाकिस्तान में हुई वार्ता बेनतीजा समाप्त होने से सोमवार को शेयर बाजार खुलने पर निवेशकों की धारणा पर असर पड़ सकता है। विश्लेषकों ने यह अनुमान जताया है। विश्लेषकों ने कहा कि पश्चिम एशिया से जुड़े घटनाक्रमों के अलावा कच्चे तेल की कीमतें भी इस सप्ताह बाजार की दिशा तय करेंगी। यह सप्ताह अवकाश के कारण छोटा रहेगा, क्योंकि मंगलवार को डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती के कारण बाजार बंद रहेंगे। ईरान के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को कहा कि अमेरिकी पक्ष की अत्यधिक मांगों के कारण वार्ता बिना किसी समझौते के समाप्त हो गई। हालांकि, ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बकाई ने कहा कि कूटनीति कभी समाप्त नहीं होती। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जे डी वेंस ने कहा कि ईरान द्वारा अपने परमाणु कार्यक्रम से पीछे न हटने के कारण शांति समझौता नहीं हो सका। उपराष्ट्रपति जे डी वेंस ने अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। बकाई ने कहा कि अमेरिकी पक्ष ने अपना अंतिम और सर्वोत्तम प्रस्ताव रखा था, लेकिन उसे स्वीकार नहीं किया गया। वहीं, ईरानी पक्ष ने कहा कि कुछ मुद्दों पर सहमति बनी, लेकिन दो से तीन महत्वपूर्ण विषयों पर मतभेद बने रहे।

# भारत के फाउंड्री उद्योग पर लागत और लॉजिस्टिक का दबाव बढ़ा


## ईरान-अमेरिका संघर्ष से कच्चे लोहे के दाम 13 फीसदी बढ़े

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

ईरान-अमेरिका संघर्ष के कारण धातुओं की ढलाई के उद्योग (फाउंड्री) पर लागत का भारी दबाव और लॉजिस्टिक संबंधी बाधाएं उत्पन्न हो गई हैं। पिछले तीन महीनों में कच्चे लोहे के दाम 13 प्रतिशत से अधिक बढ़ गए हैं जबकि माल ढुलाई की दरें 60 प्रतिशत तक उछल गई हैं।

फाउंड्री एंड कास्टिंग्स डेवलपमेंट एसोसिएशन (एफसीडीए), इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन फाउंड्रीमेन (आईआईएफ) और इंडियन फाउंड्री एसोसिएशन (आईएफए) जैसे हितधारकों ने एक संयुक्त बयान में यह जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि इस्पात श्रेणी के कच्चे लोहे की कीमतें जनवरी 2026 के 36,500 रुपये प्रति टन से बढ़कर 10 अप्रैल तक 41,500 रुपये प्रति टन हो गई हैं।

इस दौरान ढलाई श्रेणी का कच्चा लोहा 40,000 रुपये से बढ़कर 45,000 रुपये प्रति टन हो चुका है। बयान के मुताबिक, पश्चिम एशिया संघर्ष की वजह से माल ढुलाई लागत में वृद्धि और युद्ध से जुड़े अधिभार के कारण घरेलू ''हार्ड कोक'' की कीमतों में भी 2,000-3,000 रुपये प्रति टन की बढ़ोतरी हुई है।



रेजिन की कीमतें जनवरी के 100 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़कर 160 रुपये प्रति किलोग्राम से अधिक हो गई हैं, जबकि कैटलिस्ट की कीमतें 50 रुपये से बढ़कर 75 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई हैं। रेजिन का इस्तेमाल फाउंड्री उद्योग में ढलाई के सांचों को मजबूती देने के लिए किया जाता है। वहीं ''कैटलिस्ट'' सांचे को सुखाने या सख्त करने की प्रक्रिया की गति को बढ़ा देता है।

### विदेशी खरीदारों की ओर से नए ऑर्डर की गति धीमी

विदेशी खरीदारों की ओर से परिस्थितियों के आकलन की नीति अपनाने के कारण नए ऑर्डर की गति भी धीमी हो गई है। वाहन और निर्माण क्षेत्र से जुड़ी ढलाई की मांग में मामूली गिरावट देखी जा रही है जबकि तेल एवं गैस, पंप और वाल्व कलपुर्जों की मांग स्थिर बनी हुई है। सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र की ढलाई इकाइयों ने अपने मार्जिन में गिरावट, कार्यशील पूंजी के दबाव और भुगतान चक्र लंबा होने की जानकारी दी है।

### लॉजिस्टिक लागत में भी बढ़ोतरी

अमेरिका, यूरोप और पश्चिम एशिया के लिए माल ढुलाई की दरें 50-60 प्रतिशत तक बढ़ गई हैं, जिससे कुल लॉजिस्टिक लागत में 40-100 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह वृद्धि युद्ध जोखिम अधिभार, आपातकालीन संघर्ष अधिभार, मालवाहक जहाज के बीमा प्रीमियम में 5-10 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी और लाल सागर गलियारे में बढ़ते जोखिम के कारण जहाजों के मार्ग परिवर्तन की वजह से और अधिक बढ़ गई है।

## राशिफल

| | |
|---|---|
| मेष | रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। |
| वृष | परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी,परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे। |
| मिथुन | तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।सेहत का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर सकती हैं। |
| कर्क | आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। |
| सिंह | कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। |
| कन्या | परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें। |
| तुला | धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। |
| वृश्चिक | भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। |
| धनु | कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। |
| मकर | व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। |
| कुंभ | तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे। |
| मीन | दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में मधुरता रहेगी। |


# फरवरी में उच्च भंडार के कारण कोयला आयात 8.5 फीसदी घटा

## कोयला आयात घटकर 1.65 करोड़ टन रहा

**नई दिल्ली।** देश में घरेलू कोयले के रिकॉर्ड भंडार और समुद्री मार्ग से ढुलाई की कीमतों में मजबूती के कारण फरवरी में भारत का कोयला आयात 8.5 प्रतिशत घटकर 1.65 करोड़ टन रह गया। एमजंक्शन सर्विसेज लिमिटेड के अनुसार, फरवरी 2024-25 में यह आयात 1.81 करोड़ टन था। वहीं, जनवरी 2026 के 1.66 करोड़ टन के मुकाबले फरवरी में आयात लगभग स्थिर रहा। एमजंक्शन सर्विसेज एक बी2बी ई-कॉमर्स मंच है। यह टाटा स्टील और सेल का संयुक्त उद्यम है। कंपनी के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विनय वर्मा ने कहा कि घरेलू कोयले का भंडार अधिक होने और समुद्री मार्ग से ढुलाई की कीमतों के ऊंचे बने रहने से तापीय कोयले के आयात में कमी आई है। उन्होंने कहा कि घरेलू खनन कंपनियां अपने भंडार को कम करने की कोशिश कर रही हैं, इसलिए इस महीने भी आयात कमजोर रह सकता है।



## शब्द पहेली - 6194




**बाएँ से दाए**
1. असहकार-5
4. शत्रुता, दुश्मनी-4
7. नाच, नृत्य (उर्दू-2)
8. विष्णु का वाहन-3
9. मादा का विलोम-2
10. ईश्वर, शिव-4
11. संज्ञा, संबोधन-2
13. वेग, गति-3
14. महसूल, राहदरी-2
15. अंधकार, अंधेरा-3
17. कुंजी, ताली-2
19. गोलाकार-5
22. इतरता, बेगानापन-5
25. समय, वक्त-2
26. स्याही का पात्र-3
28. अच्छा, सद् पुरुष-2
29. अदृश्य-3
30. मिट्टी, धूल-2
32. नट, बाजीगरी करने वाला-4
34. टैक्स, हाथ-2
36. बोलने का तरीका-3
37. खदान-2
38. जो जायज न हो-4
39. श्री रामचंद्र का नाम-5

**ऊपर से नीचे**
1. तराजू डंडा, पासा-2
2. पराजित करना-3
3. बहुत लंबा -5
4. रुकना, अड़ जाना-3
5. जंगल, कानन-2
6. तीर रखने का पात्र-4
7. सार-संभाल-2,3
10. पूंजी, धन-4
12. वोट, राय-2
16. राजा, महाराजा-3
17. चतुर्थ, चौथा-2
18. हलवा-2
20. पक्षाघात-3
21. तन, देह-2
22. क्षण-2
23. स्मारक-4
24. चोर, लुटेरा-5
25. जैकी श्राफ, अनिल कपूर, किमी काटकर व फराह अभिनीत फिल्म -5
26. टूटना, बिखरना-4
27. पानी से सराबोर-2
31. कमल, नीरज-3
33. बादलों की गड़गड़ाहट-3
35. छुट्टी, अवकाश-2
37. राख, मिट्टी-2

### शब्द पहेली - 6193 का हल





मैच प्रीव्यू...

# विजय रथ पर सवार रॉयल्स, सनराइजर्स के सामने बड़ी चुनौती!

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

बेहतरीन फॉर्म में चल रही राजस्थान रॉयल्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को जब सनराइजर्स हैदराबाद से भिड़ेगी तो उसकी नजरें शीर्ष स्थान पर अपनी पकड़ मजबूत करने पर टिकी होंगी।

रॉयल्स ने मौजूदा सत्र में लगभग हर विभाग में अपना दबदबा दिखाया है। चार मैच में चार जीत टीम के दबदबे को दिखाती है। टीम के पास खतरनाक शीर्षक्रम और बेहद संतुलित गेंदबाजी आक्रमण है। टीम की सफलता में यशस्वी जायसवाल और किशोर स्टार वैभव सूर्यवंशी की धमाकेदार सलामी जोड़ी की अहम भूमिका रही है, जिन्होंने पावरप्ले में लगातार विरोधी टीम के आक्रमण को ध्वस्त किया है। जायसवाल और सूर्यवंशी की निडर बल्लेबाजी ने उन्हें मौजूदा सत्र की सबसे खतरनाक जोड़ियों में से एक बना दिया है। तीसरे नंबर पर ध्रुव जुरेल ने स्थिरता दी है और यह सुनिश्चित किया है कि टीम लय नहीं खोए।

### रॉयल्स की गेंदबाजी में सुधार

*रॉयल्स की गेंदबाजी में हालांकि मौजूदा सत्र में काफी सुधार दिख रहा है। पिछले सत्र में गेंदबाजों की नाकामी के कारण नौवें स्थान पर रहने के बाद वे कहीं अधिक अनुशासित और खतरनाक आक्रमण के रूप में लौटे हैं। जोफ्रा आर्चर ने तेजी और सटीकता के साथ गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई की है जबकि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज नांद्रे बर्गर ने कोण और उछाल का इस्तेमाल करके विरोधी बल्लेबाजों को काफी परेशान किया है। संदीप शर्मा और तुषार देशपांडे ने उनका अच्छा साथ दिया है। बीच के ओवरों में रवि बिश्नोई सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे हैं। वह नौ विकेट लेकर सबसे सफल गेंदबाजों की सूची में सबसे ऊपर हैं जबकि रविंद्र जडेजा के टीम से जुड़ने से स्पिन विभाग को और मजबूती मिली है।*

**आज शाम 7.30 बजे से हैदराबाद में वैभव और ईशान की टीम के बीच रोमांचक मैच**





### हैदराबाद टीम का कमजोर पक्ष गेंदबाजी

गेंदबाजी हालांकि टीम का कमजोर पक्ष है और नियमित कप्तान पैट कमिंस की गैरमौजूदगी ने टीम की परेशानियों को बढ़ा दिया है। गेंदबाजी आक्रमण विरोधी बल्लेबाजों को रोकने में जूझ रहा है विशेषकर बल्लेबाजी के अनुकूल हालात में जिससे बल्लेबाजों पर और दबाव पड़ रहा है। सनराइजर्स को अगर रॉयल्स की लय बिगाड़नी है तो शुरुआती विकेट और चटकाने होंगे तथा गेंदबाजी में एकजुट प्रदर्शन करना होगा।

### हैदराबाद का प्रदर्शन उतार-चढ़ाव वाला

इसके उलट सनराइजर्स हैदराबाद का प्रदर्शन उतार-चढ़ाव वाला रहा है। टीम लगातार अच्छा प्रदर्शन करने में विफल रही है। अपने चार में से तीन मैच हारने के बाद पूर्व चैंपियन टीम छठे स्थान पर हैं। टीम अपनी पुरानी रणनीति पर चल रही है। वे तेज शुरुआत के लिए ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा की तूफानी जोड़ी पर निर्भर हैं लेकिन दोनों ही लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। कार्यवाहक कप्तान इशान किशन भी अपनी शुरुआती पारी के बाद खराब फॉर्म में हैं। रन बनाने की जिम्मेदारी अधिकतर समय हेनरिक क्लासेन ने निभाई है, जिन्होंने चार पारियों में 184 रन बनाए हैं और सनराइजर्स को कछ मौकों पर वापसी दिलाने में सफल रहे हैं।

**मैच का समय : 7 बजकर 30 मिनट पर शुरू**

## खबर संक्षेप



### बरवाल ने मैराथन में तोड़ा 48 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा

**रोटरडैम।** सावन बरवाल ने रोटरडैम एनएन मैराथन में भारतीय एथलेटिक्स के इतिहास में सबसे लंबे समय से कायम 48 साल पुराने राष्ट्रीय मैराथन रिकॉर्ड को तोड़कर इतिहास रच दिया। हिमाचल प्रदेश के इस लंबी दूरी के धावक ने दो घंटे 11 मिनट और 58 सेकंड का समय लेकर इस शीर्ष स्तर की मैराथन में 20वां स्थान हासिल किया और शिवनाथ सिंह के नाम 1978 से कायम दो घंटे 12 मिनट के पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ दिया।

### केकेआर के लिए राहत, 18 करोड़ के खिलाड़ी को मिली एनओसी

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मैच से पहले कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए अच्छी खबर है। तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना को श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड से आईपीएल में खेलने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र मिल गई है। पथिराना को नीलामी में कोलकाता नाइट राइडर्स ने 18 करोड़ रुपए में अपने साथ जोड़ा था। रिपोर्ट के अनुसार पथिराना 14 अप्रैल को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मैच में उपलब्ध रहेंगे।



### राष्ट्रीय सर्फिंग के चैंपियन बने शिवराज और कमाली

**नई दिल्ली।** शिवराज बाबू और कमाली मूर्ति ने लिटिल अंडमान प्रो 2026 टूर्नामेंट में क्रमशः पुरुषों और महिलाओं का ओपन सर्फिंग खिताब जीत लिया। शिवराज 13.63 के स्कोर के साथ राष्ट्रीय चैंपियन बने। उन्होंने श्रीकांत डी को सिर्फ 0.30 अंक के अंतर से हराया, जिनका स्कोर 13.33 रहा। किशोर कुमार 12.87 अंकों के साथ उनके ठीक पीछे रहे जबकि संजय सेल्वमणि ने एक कड़े मुकाबले में 9.30 अंक बनाए। महिलाओं के ओपन सर्फिंग फाइनल में कमाली का दबदबा देखने को मिला।



## टाइटंस ने सुपर जायंट्स को 7 विकेट से दी शिकस्त

# गुजरात की दूसरी जीत, लखनऊ ढेर बटलर-गिल की फिफ्टी, कृष्णा का कहर

एजेंसी ▶▶ लखनऊ


तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा (चार ओवर में 28 रन पर चार विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद कप्तान शुभमन गिल और जोस बटलर की कमाल की बल्लेबाजी से गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में रविवार को लखनऊ सुपर जायंट्स को 7 विकेट से शिकस्त दी।

सुपर जायंट्स को 8 विकेट पर 164 रन पर रोकने के बाद टाइटंस ने 18.4 ओवर में तीन विकेट पर 165 रन बनाकर आसानी से लक्ष्य हासिल कर चार मैचों में दूसरी जीत दर्ज की। गिल ने 40 गेंद की पारी में छह चौके और एक छक्के की मदद से 56 रन बनाने के अलावा पहले विकेट के लिए साई सुदर्शन (15) के साथ 31 गेंद में 45 और दूसरे विकेट के लिए जोस बटलर (60) के साथ 58 गेंद में 84 रन की साझेदारी की। बटलर ने 37 गेंद की पारी में 11 चौके लगाए। सुपर जायंट्स के लिए दिग्वेश राठी, मोहम्मद शमी और प्रिंस यादव को एक-एक सफलता मिली। सुपर जायंट्स के लिए एडेन मारक्रम ने सबसे ज्यादा 30 रन का योगदान दिया। उनके अलावा कोई भी बल्लेबाज 20 रन के आंकड़े तक नहीं पहुंच पाया। कप्तान ऋषभ पंत (18), निकोलस पूरन (19), अब्दुल समद (18) और मुकुल चौधरी (18) ने क्रीज पर समय बिताने के बाद अपने विकेट गंवा दिए।

### कृष्णा ने फेंका सबसे बेहतरीन स्पेल

प्रसिद्ध कृष्णा ने अपने आईपीएल करियर का सबसे बेहतरीन स्पेल फेंका। प्रसिद्ध ने एडेन मार्करम, आयुष बदोनी, निकोलस पूरन और मुकुल चौधरी का विकेट चटकाया और एलएसजी को 164 रनों के स्कोर पर रोकने में अहम भूमिका निभाई। इससे पहले साल 2022 में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेलते हुए कृष्णा ने 4 ओवर में 22 रन देकर 3 विकेट निकाले थे, जो इस मुकाबले से पहले उनका बेस्ट बॉलिंग स्पेल था।





### कोहली से आगे निकले गिल

गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ आईपीएल के 19वें मैच में कप्तानी पारी खेली और अर्धशतक लगाया। गिल ने अपनी इस अर्धशतकीय पारी के दम पर एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया और विराट कोहली को पीछे छोड़ दिया। गिल अब आईपीएल में सबसे कम पारियों में 4000 रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाजों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर आ गए। गिल ने इस मैच में अपना अर्धशतक 34 गेंदों पर पूरा किया और 56 रन की पारी खेली। इस पारी के दम पर उन्होंने आईपीएल में अपने 4000 रन भी पूरे कर लिए। गिल ने ये कमाल 118 पारियों में किया और इस लीग में सबसे कम पारियों में 4000 रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर आ गए और विराट कोहली को तीसरे नंबर पर धकेल दिया।

### जोस बटलर की खास उपलब्धि

इकाना क्रिकेट स्टेडियम में हुए मुकाबले में जोस बटलर ने टी20 क्रिकेट में खास उपलब्धि हासिल कर ली है। उन्होंने क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में 14 हजार रन पूरे कर लिए हैं। बटलर टी20 क्रिकेट में 14 हजार रन बनाने वाले महज पांचवें बल्लेबाज हैं। बटलर से पहले यह मुकाम सिर्फ क्रिस गेल, कीरोन पोलार्ड, एलेक्स हेल्स और डेविड वॉर्नर ही हासिल कर सके हैं। टी20 क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड गेल के नाम है, जिन्होंने 463 मुकाबलों में 144 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 14,562 रन बनाए हैं। वहीं, पोलार्ड ने 735 मुकाबलों में 150 के स्ट्राइक रेट से 14,482 रन बनाए हैं। हेल्स के नाम 14,449 दर्ज हैं तो वॉर्नर ने 14,121 रन बनाए हैं। बटलर टी20 क्रिकेट में 14 हजार रन पूरे करने वाले इंग्लैंड के महज दूसरे बल्लेबाज हैं।

## स्कोर बोर्ड

| लखनऊ सुपर जायंट्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मारक्रम का सुंदर बो कृष्णा | 30 | 21 | 5 | 1 |
| मार्श का गिल बो रबाडा | 11 | 4 | 1 | 1 |
| पंत का तेवतिया बो सिराज | 18 | 11 | 2 | 1 |
| बडोनी का फिलिप्स बो कृष्णा | 9 | 11 | 1 | 0 |
| निकोलस पूरन का गिल बो कृष्णा | 19 | 21 | 0 | 2 |
| समद का फिलिप्स बो अशोक | 18 | 22 | 2 | 0 |
| मुकुल चौधरी का बटलर, बो प्रसिद्ध | 18 | 4 | 1 | 1 |
| लिंडे का स्थानापन्न बो अशोक | 16 | 10 | 3 | 0 |
| मोहम्मद शमी नाबाद | 12 | 5 | 1 | 1 |
| आवेश खान नाबाद | 4 | 1 | 1 | 0 |

**अतिरिक्त: 9 कुल योग: (20 ओवर में 8 विकेट पर 164 रन)**
**गेंदबाजी:** सिराज 4-0-19-1, रबाडा 4-0-54-1, अशोक 4-0-32-2, प्रसिद्ध 4-0-28-4, राशिद 4-0-25-0.

| गुजरात टाइटंस | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सुदर्शन का आवेश बो राठी | 15 | 14 | 3 | 0 |
| गिल का पंत बो प्रिंस | 56 | 40 | 6 | 1 |
| बटलर का मारक्रम बो शमी | 60 | 37 | 11 | 0 |
| वाशिंगटन सुंदर नाबाद | 21 | 13 | 2 | 1 |
| राहुल तेवतिया नाबाद | 10 | 8 | 1 | 0 |

**अतिरिक्त 03 कुल योग: (18.4 ओवर में तीन विकेट पर) 165 रन**
**गेंदबाजी:** शमी 4-0-36-1, प्रिंस4-0-31-1, राठी 4-0-31-1, लिंडे3-0-28-0, आवेश2-0-24-0, मारक्रम 1.4-0-15-0.



## रॉयल चैलेंजर्स 18 रन से जीती मुंबई लगातार तीसरा मैच हारी

**मुंबई।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने फिल सॉल्ट, कप्तान रजत पाटीदार और विराट कोहली के अर्धशतकों से रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के टी20 मैच में मुंबई इंडियंस को 18 रन से हरा दिया। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद आरसीबी ने शीर्ष क्रम में सॉल्ट (78 रन), पाटीदार (53 रन) और कोहली (50 रन) की बदौलत चार विकेट पर 240 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया।

**सॉल्ट, कोहली और पाटीदार की फिफ्टी**

इसके जवाब में पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस की टीम 20 ओवर में पांच विकेट पर 222 रन बना सकी। उसके लिए शेरफाने रदरफोर्ड ने 31 गेंद में 71 रन (नौ छक्के, एक चौका) की नाबाद पारी खेली और शीर्ष स्कोरर रहे। कप्तान हार्दिक पंड्या ने 40 रन, रेयान रिकलटन ने 37 रन और सूर्यकुमार यादव ने 33 रन का योगदान दिया। आईपीएल के 13 सत्र में पहली दफा टूर्नामेंट की शुरूआत जीत से करने के बावजूद मुंबई इंडियंस की टीम इस लय को जारी नहीं रख सकी जिससे उसे लगातार तीसरी हार झेलनी पड़ी।

वहीं गत चैंपियन आरसीबी की यह चार मैच में तीसरी जीत है जिससे वह छह अंक लेकर तीसरे स्थान पर है। मैच में कई वाइड और नो-बॉल हुईं तथा कई रिव्यू लिए गए जिससे मैच खत्म होने में काफी समय लगा। सॉल्ट और कोहली ने पहले विकेट के लिए 65 गेंद में 120 रन की भागीदारी निभाई। सॉल्ट ने 36 गेंद का सामना करते हुए छह छक्के और इतने ही चौके जमाए।

## आरित ने किया आईएम नॉर्म हासिल बने सबसे कम उम्र के भारतीय

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के 10 वर्षीय आरित कपिल स्पेन के मेनोरका में आयोजित अंतरराष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता के अंतिम दौर में ऑस्ट्रेलिया के सैमुअल असाका के साथ ड्रॉ खेलकर अंतरराष्ट्रीय मास्टर (आईएम) नॉर्म हासिल करने वाले भारत के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने महज 10 वर्ष सात महीने की उम्र में इस उपलब्धि को हासिल कर नया रिकॉर्ड बनाया। आरित ने प्रतियोगिता की शुरुआत शानदार तरीके से करते हुए दूसरे दौर में कजाखस्तान के पूर्व विश्व अंडर-20 चैंपियन और ग्रैंडमास्टर नोगरबेक काजीबेक को हराया।



### 2015 में जन्मे खिलाड़ियों की विश्व रैंकिंग में दूसरे नंबर पर

दिल्ली के इस खिलाड़ी के लिए पिछले साल अंडर-11 राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीतना उनके करियर के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुआ। वह वर्तमान में 2015 में जन्मे खिलाड़ियों की विश्व रैंकिंग में दूसरे नंबर पर हैं। इस प्रतियोगिता में आरित का सबसे यादगार प्रदर्शन अर्जेंटीना के 12 वर्षीय अंतरराष्ट्रीय मास्टर ओरो फॉस्टिनो के खिलाफ रहा, जिन्हें 'शतरंज की दुनिया का मेसी' कहा जाता है।

## महिला अंतरराष्ट्रीय मास्टर बनीं शिविका



**बुडापेस्ट।** भारत की शिविका रोहिल्ला यहां संपन्न पहले सैटरडे शतरंज टूर्नामेंट के अंतिम दौर में क्रोएशिया के अंतरराष्ट्रीय मास्टर रुडोल्फ सेर्टिक के खिलाफ ड्रॉ खेलकर महिला अंतरराष्ट्रीय मास्टर बन गईं। वर्ष 2023 में अपना पहला नॉर्म हासिल करने वाली शिविका पिछले 10 टूर्नामेंट में अंतिम नॉर्म हासिल करने में करीब पहुंचीं थी लेकिन उन्होंने मौके गंवा दिए। इस बार टूर्नामेंट की शुरुआत में बड़ी जीत की बदौलत उन्होंने आत्मविश्वास हासिल किया और अंतिम चरण में लड़खड़ाने के बावजूद दिल्ली की यह खिलाड़ी अंतिम नॉर्म हासिल करने में सफल रहीं। शिविका ने नौ बाजियों में 4.5 अंक जुटाए, जिससे उन्हें रेटिंग में भी फायदा हुआ। उन्होंने महिला अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स के लिए जरूरी रेटिंग अंक 2025 में पोलैंड में टूर्नामेंट में बाद हासिल कर लिए थे। इस 18 वर्षीय खिलाड़ी की नजरें अब महिला ग्रैंडमास्टर बनने पर टिकी हैं।

## शेट्टी को सिल्वर मेडल से करना पड़ा संतोष

एजेंसी ▶▶ निंगबो

भारत के आयुष शेट्टी को रविवार को बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के फाइनल में दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी शी युकी के खिलाफ सीधे गेम में हार के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा। मंगलुरु के 20 साल आयुष को लय हासिल करने में परेशानी हुई और वह चीन के मौजूदा विश्व चैंपियन से 8-21, 10-21 से हार गए, जिससे इस प्रतियोगिता में भारत का पुरुष एकल स्वर्ण पदक का 61 साल का इंतजार जारी रहा। हार के बावजूद आयुष का अभियान शानदार रहा। वह दिनेश खन्ना के बाद इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचने वाले सिर्फ दूसरे भारतीय पुरुष एकल खिलाड़ी बने। खन्ना इस प्रतियोगिता में एकमात्र भारतीय एकल चैंपियन हैं। उन्होंने 1965 में यह खिताब जीता था। खन्ना के अलावा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने भी 2023 में यह खिताब जीता था।

- फाइनल में दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी शी युकी से हारे
- प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय पुरुष एकल खिलाड़ी बने आयुष



### प्रतियोगिता में आयुष का शानदार सफर

आयुष ने हालांकि इस हफ्ते अधिक नियंत्रण और आक्रामकता के साथ खेला और फाइनल के अपने सफर के दौरान दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी कुनलावत वितिदसार्न, दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी जोनाथन क्रिस्टी और वर्ल्ड सातवें नंबर के खिलाड़ी ली शी फेंग को हराया। आयुष ने हालांकि शी की कड़ी चुनौती के सामने घुटने टेक दिए। चीन के खिलाड़ी ने उन्हें अपना स्वाभाविक आक्रामक खेल खेलने का मौका नहीं दिया। शी ने अपने खेल की विविधता से भारतीय खिलाड़ी पर दबाव बनाया और कुछ सटीक स्मैश भी लगाए। चीन के खिलाड़ी ने दो बढ़िया नेट ड्रिबल से शुरुआती अंक हासिल किए और 4-0 की बढ़त बना ली। आयुष के स्मैश शुरू में सटीक नहीं थे और वह पिछड़ गए।

## हरियाणा के मुक्केबाज दक्ष ने महाराष्ट्र में लगाया गोल्डन पंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

हरियाणा के बॉक्सर दक्ष पंवार ने 48 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया दक्ष पंवार ने फाइनल में आंध्र प्रदेश के मुक्केबाज साईं लोहित को 5-0 से पराजित किया। दक्ष ने अपनी जीत का श्रेय आर्यन बॉक्सिंग क्लब के संचालक अंतराराष्ट्रीय कोच अपने गुरु संजीव कुमार को दिया और साथ ही अनिल धनखड़ कोच के मार्गदर्शन में अपने खेल को निखारा। इस उपलब्धि के पीछे उनके बड़े भाई एवं व गुरु समान बाक्सर आशिष छिक्कारा, गौदुग्ध और आर्यसमाज बोहर रोहतक की प्रेरणा और आशीर्वाद का भी अहम योगदान रहा। अपनी आगामी प्रतियोगिता को ध्यान में रखते हुए पटियाला में आयोजित नेशनल बॉक्सिंग कैंप में मेहनत करके उज्बेकिस्तान में आयोजित जूनियर एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक लाने का वादा किया और साथ ही आर्यन बॉक्सिंग क्लब रोहतक, प्रदेश,देश का नाम रोशन करने का भी वादा किया।





## एशियन कुश्ती प्रतियोगिता में भारत ने जीते 17 पदक

### अंतिम दिन अमन और मुकुल ने रजत व दिनेश ने कांस्य पदक जीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

एशियन कुश्ती प्रतियोगिता में रविवार को अंतिम दिन भारत के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। इसमें झज्जर के अमन सेहरावत और सोनीपत मुकुल दहिया ने रजत पदक जीता। वहीं, झज्जर दिनेश ने कांस्य पदक जीता। यह प्रतियोगिता किर्गिस्तान के बिश्केक में आयोजित की गई। अंतिम दिन मिले तीन पदकों दो रजत और एक कांस्य - के साथ एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में भारत के कुल पदकों की संख्या 17 हो गई। भारत के ग्रीको-रोमन पहलवानों ने पांच पदक जीते दो रजत और तीन कांस्य, जबकि महिला दल ने भी पांच पदक जीते, जिनमें एक रजत और चार कांस्य शामिल थे। भारतीय फ्रीस्टाल में पहलवानों ने दो स्वर्ण, तीन रजत और दो कांस्य सहित सात पदक जीते। भारत ने 2026 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में 30 पहलवानों को भेजा था, जिनमें से 10 पुरुष फ्रीस्टाइल, 10 महिला और 10 ग्रीको-रोमन वर्ग में थे। ओलंपिक पदक विजेता अमन सेहरावत ने पुरुषों के फ्रीस्टाइल 61 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में हारने के बाद रजत पदक जीता। 22 वर्षीय अमन सेहरावत फाइनल में डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया के क्वांग म्योंग किम से 13-10 से हार गए। सेमीफाइनल में अमन ने इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के अहमद जवान को कड़ी टक्कर देकर हराया। मुकुल दहिया को भी पुरुषों के 86 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक से ही संतोष करना पड़ा, क्योंकि उन्हें ईरान के दो बार के एशियाई चैंपियन कामरान गसेमपोर से 7-0 से हार का सामना करना पड़ा। इस बीच, दिनेश ने बहरीन के शमिल शरीपोव पर 7-1 से जीत हासिल करने के बाद 125 किलोग्राम वर्ग में कांस्य पदक जीता।







**वैश्विक तेल व्यापार मार्ग सुरक्षित होगा**

# अमेरिका ने होर्मुज में बारूदी सुरंग हटाने का अभियान शुरू किया उन्नत युद्धपोत, रोबोटिक ड्रोन और हेलिकॉप्टर तैनात किए गए

*अमेरिकी सेना के मुताबिक, यह अभियान खास तौर पर उन सुरंगों को हटाने के लिए है जिन्हें ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) से जोड़ा जा रहा है। ये सुरंगें बड़े जहाजों और तेल टैंकरों के लिए गंभीर खतरा बन सकती हैं*

*दो गाइडेड मिसाइल विध्वंसक युद्धपोत इस ऑपरेशन में शामिल*

*यूयूवी ड्रोन समुद्र में सोनार तकनीक से समुद्र की सतह का नक्शा बना रहे*

*हेलिकॉप्टर खास लेजर सिस्टम की मदद से मौजूद सुरंगों की पहचान कर रहे*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में सुरक्षा बढ़ाने के लिए बड़ा कदम उठाया है। अमेरिकी सेना ने इस अहम समुद्री रास्ते में बिछी संभावित बारूदी सुरंगों को हटाने की तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए उन्नत युद्धपोत, ड्रोन और हेलिकॉप्टर तैनात किए गए हैं। अमेरिकी केंद्रीय कमान (सेंटकॉम) के तहत दो गाइडेड मिसाइल विध्वंसक युद्धपोत इस ऑपरेशन में शामिल हैं। इनका मुख्य काम समुद्र में छिपी बारूदी सुरंगों का पता लगाना और उन्हें नष्ट करना है, ताकि जहाजों की आवाजाही सुरक्षित हो सके। अमेरिकी सेना के मुताबिक, यह अभियान खास तौर पर उन सुरंगों को हटाने के लिए है जिन्हें ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) से जोड़ा जा रहा है। ये सुरंगें बड़े जहाजों और तेल टैंकरों के लिए गंभीर खतरा बन सकती हैं।

### सुरक्षा के साथ-साथ रक्षा भी

ये युद्धपोत सिर्फ सुरंग हटाने में मदद नहीं कर रहे, बल्कि सुरक्षा भी दे रहे हैं। इनमें आधुनिक एजिस कॉम्बैट सिस्टम और इंटरसेप्टर मिसाइलें लगी हैं, जो हवाई या समुद्री हमलों को रोक सकती हैं। अमेरिकी एडमिरल ब्रैड कूपर ने कहा कि नया सुरक्षित समुद्री रास्ता तैयार किया जा रहा है, जिसे जल्द ही जहाजों के लिए खोला जाएगा ताकि व्यापार सामान्य हो सके।



स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में बारूदी सुरंग हटाता अमेरिकी युद्धपोत

### ड्रोन से होगी समुद्र की जांच

अमेरिका इस काम के लिए सीधे जहाजों को खतरे में नहीं डाल रहा है। इसके बजाए पानी के अंदर चलने वाले रोबोटिक ड्रोन यानी यूयूवी (अनमैन्ड अंडरवाटर व्हीकल) का इस्तेमाल किया जा रहा है। ये ड्रोन टॉरपीडो के आकार के होते हैं और अपने आप समुद्र में घूमकर हाईटेक सोनार तकनीक से समुद्र की सतह का नक्शा बनाते हैं। इससे छिपी हुई बारूदी सुरंगों का पता लगाया जाता है।

### हेलिकॉप्टर भी निभा रहे अहम भूमिका

इसके अलावा अमेरिका ने एमएच-60एस जैसे हेलिकॉप्टर भी तैनात किए हैं। ये हेलिकॉप्टर खास लेजर सिस्टम (एएलएमडीएस) की मदद से समुद्र की सतह या उसके ठीक नीचे मौजूद सुरंगों को पहचान सकते हैं। जब किसी सुरंग का पता चलता है, तो उसे नष्ट करने के लिए एक और रिमोट कंट्रोल सिस्टम (एएमएनएस) का इस्तेमाल किया जाता है। यह छोटा रोबोट सुरंग के पास जाकर उसे विस्फोट से खत्म कर देता है।

## अमेरिकी पोतों का होर्मुज में दाखिल होने का दावा गलतः ईरान

ईरान की संयुक्त सैन्य कमान के एक प्रवक्ता ने अमेरिका के उस दावे का खंडन किया है जिसमें कहा गया था कि अमेरिकी नौसेना के दो विध्वंसक पोत होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरे थे।प्रवक्ता ने कहा कि किसी भी पोत के गुजरने पर निर्णय लेने का अधिकार ईरान के सशस्त्र बलों के पास है। इससे पहले, अमेरिकी सेना ने कहा था कि ईरान के खिलाफ युद्ध शुरू होने के बाद से पहली बार उसकी नौसेना के दो विध्वंसक पोत होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरे। हालांकि, ईरान के सरकारी मीडिया ने कहा कि ईरान ने जलडमरूमध्य पार करने की कोशिश कर रहे अमेरिकी सैन्य पोत को वापस लौटने पर मजबूर कर दिया।

## दक्षिण लेबनान में इजराइली हमला, 5 लोगों की मौत



लेबनान के दक्षिणी शहर काना में इजराइली हमले में 5 लोगों की मौत और कई अन्य के घायल होने की खबर है। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, बचाव दल घायलों को अस्पताल पहुंचाने में जुटे हुए हैं। इसके अलावा टायर जिले के अन्य इलाकों में भी हमलों की खबरें सामने आई हैं, जहां कई लोग घायल हुए हैं। काना शहर पहले भी 1996 और 2006 में बड़े हमलों का गवाह रहा है। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, संघर्ष की शुरुआत से अब तक हजारों लोग प्रभावित हुए हैं, जिनमें बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे और स्वास्थ्यकर्मी शामिल हैं। हालिया हमलों में भी कई लोगों की मौत और घायल होने की पुष्टि की गई है।

**दिल्ली में ईरानी दूतावास ने लगाई मार्मिक प्रदर्शनी**

## मिनाब स्कूल के मलबे से मिली ड्राइंग शामिल




नई दिल्ली में ईरानी दूतावास में 'एंजल्स ऑफ मिनाब' नाम की एक प्रदर्शनी लगाई गई है। इस प्रदर्शनी में बच्चों की बनाई ड्रॉइंग दिखाई गई हैं। इसके अलावा, मिनाब में एलिमेंट्री स्कूल के मलबे से निकाली गई आर्टवर्क दिखाई गई। बता दें, 28 फरवरी को ईरान पर अमेरिका और इजराइल के एयरस्ट्राइक के बाद यह स्कूल तबाह हो गया था जिसमें 165 से ज्यादा बच्चों और स्टाफ सदस्यों की मौत हो गई थी। प्रदर्शनी के जरिए, ईरानी दूतावास ने इस संघर्ष में इंसानी मूल्यों की ओर ध्यान खींचने की कोशिश की और बरामद ड्रॉइंग्स को एक ऐसी दुनिया की झलक के तौर पर पेश किया।

**तुर्किए के राष्ट्रपति एर्दोगन की चेतावनी**

## इजराइल पर हमला करना हमारा कर्तव्य



तुर्किए के राष्ट्रपति रेसेप तईप एर्दोगन ने इजराइल को सख्त चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि अगर कूटनीतिक प्रयासों से तनाव कम नहीं हुआ तो तुर्किए कार्रवाई करने से पीछे नहीं हटेगी। इस बयान में एर्दोगन ने इजराइल पर पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ाने और मानवीय मूल्यों की अनदेखी करते हुए हमले करने का आरोप लगाया। हालिया हिंसा का जिक्र करते हुए एर्दोगन ने इजराइल की तीखी आलोचना की। उन्होंने लेबनान में सीजफायर वाले दिन नागरिकों की हत्या की निंदा की। एर्दोगन ने इजराइल के इन कृत्यों को जनसंहार नेटवर्क का हिस्सा बताया और तुर्किए की तरफ से और आक्रामक रुख अपनाने का संकेत दिया।

**राष्ट्रपति ट्रंप यूएफसी इवेंट में हुए शामिल**

## लोगों ने की आलोचना, नजरिए पर उठाए सवाल



फ्लोरिडा अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप शनिवार को फ्लोरिडा में यूएफसी इवेंट में शामिल हुए। भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने इवेंट का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया। ट्रंप मियामी में यूएफसी 327 में पहुंचे, जहां फाइट देखने के लिए एरीना में जाने से पहले यूएफसी के अध्यक्ष डाना व्हाइट ने उनका स्वागत किया। इस दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के साथ उनकी बेटी इवांका ट्रंप, पोती काई ट्रंप उनके परिवार के कई सदस्य भी मौजूद रहे। अमेरिकी विदेश सचिव मार्को रुबियो और भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर भी शामिल थे। आलोचकों का कहना है कि एक संवेदनशील भू-राजनीतिक समय के दौरान एक बड़े स्पोर्टिंग इवेंट में राष्ट्रपति की मौजूदगी से गलत मैसेज गया। कई लोगों ने बढ़ते अंतरराष्ट्रीय तनाव के बीच एक हाई-एनर्जी फाइट नाइट में शामिल होने के नजरिए पर सवाल उठाए।

**अमेरिका ने तीन ईरानी ग्रीन कार्ड रद्द किए**

## सैयद हाशमी, पत्नी और बेटा हिरासत में

अमेरिकी विदेश विभाग ने शनिवार को राष्ट्रीय सुरक्षा और ऐतिहासिक शत्रुता के मद्देनजर 1979 के ईरान बंधक संकट की प्रवक्ता मासूमेह इब्तेकर के बेटे सैयद ईसा हाशमी पर कार्रवाई की है। अमेरिकी विदेश विभाग ने सैयद ईसा हाशमी और उनके परिवार का कानूनी स्थायी निवासी दर्जा (ग्रीन कार्ड) रद्द कर दिया है। विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने तीन ईरानी नागरिकों सैयद ईसा हाशमी, उनकी पत्नी और बेटे के खिलाफ यह कार्रवाई की है। ये सभी ईरानी मूल के हैं और संयुक्त राज्य अमेरिका के वैध स्थायी निवासी हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो के निर्देश पर की गई इस कार्रवाई के तहत हाशमी, उनकी पत्नी और बेटे को हिरासत में ले लिया गया है और उन्हें जल्द ही देश से निकाला जाएगा।

**सऊदी अरब से दुबई जाने वाली उड़ान रद्द**

## जेद्दा जा रहे विमान से उतारे गए 54 यात्री

रविवार को लखनऊ एयरपोर्ट पर दुबई जा रहे 54 यात्रियों को विमान से उतार दिया गया। ये यात्री सऊदी एयरलाइंस की उड़ान संख्या एसवी 893 में सवार थे, जो लखनऊ से जेद्दा के लिए उड़ान भरती। इन यात्रियों को दुबई जाना था, लेकिन सऊदी अरब से दुबई जाने वाली आगे की उड़ान रद्द हो गई थी। इस वजह से यात्रियों को लखनऊ में ही उतारना पड़ा।

## काठमांडू जा रहे विमान की इमरजेंसी लैंडिंग

इससे पहले, लखनऊ एयरपोर्ट पर एक और अंतरराष्ट्रीय विमान की इमरजेंसी लैंडिंग भी करानी पड़ी। यह विमान दुबई की उड़ान संख्या एफजेड 1133 थी, जो दुबई से काठमांडू जा रही थी। विमान में ईंधन कम होने की वजह से पायलट ने आपातकालीन लैंडिंग का फैसला लिया। शाम करीब 8:22 बजे इस विमान को सुरक्षित उतारा गया। इसमें कुल 154 यात्री सवार थे।

## खबर संक्षेप

### निजार अमेदी बने इराक के नए राष्ट्रपति

**बगदाद।** ईराक में हुए संसदीय चुनावों के बाद, देश की संसद ने कुर्द राजनेता निजार अमेदी को देश का नया राष्ट्रपति चुना। अमेदी देश के पूर्व पर्यावरण मंत्री थे। वे वर्ष 2024 से बगदाद में कुर्दिस्तान पैट्रियटिक यूनियन के राजनीतिक कार्यालय के प्रमुख भी रहे हैं। इराक में अब पीएम का चुनाव होना है। ईराक में पीएम का शिया मुस्लिम, संसदीय अध्यक्ष का सुन्नी मुस्लिम और राष्ट्रपति का कुर्द होना अनिवार्य है।



### न्यू जर्सी में गोलीबारी से 1 की मौत, कई घायल

**न्यू जर्सी।** अमेरिका के न्यू जर्सी के यूनियन टाउनशिप के फास्ट-फूड रेस्टोरेंट 'चिक-फिल-ए' में शनिवार रात करीब 8:40 बजे अचानक गोलीबारी शुरू हो गई। हमलावर रेस्तरां के अंदर घुसे और काउंटर के पीछे पहुंचकर अंधाधुंध गोलियां चलानी शुरू कर दीं। हमले में छह लोगों को गोली लगी है। इनमें से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



### मणिपुर में सुरक्षा बलों ने 21 अवैध बंकर नष्ट किए

**इंफाल।** मणिपुर के उखरुल जिले में सुरक्षा बलों ने 21 अवैध बंकर नष्ट कर दिए है। सुरक्षा बलों ने शनिवार को लिटान थाना क्षेत्र के सिकिबंग गांव में 14 और मोंगकोट चेपु गांव में 7 बंकर को नष्ट किया। पुलिस ने बताया कि ये बंकर सशस्त्र उपद्रवियों द्वारा अवैध रूप से बनाए गए थे।



**वैश्विक और क्षेत्रीय हालात पर होगा विचार-विमर्श**

# फ्रांस पहुंचे विदेश सचिव विक्रम मिस्री, सिविल न्यूक्लियर एनर्जी पर होगी चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री रविवार को भारत-फ्रांस विदेश कार्यालय वार्ता में शामिल होने के लिए पेरिस पहुंचे। फ्रांस में भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया 'एक्स' में एक पोस्ट में बताया कि विदेश सचिव विक्रम मिस्री भारत-फ्रांस विदेश कार्यालय वार्ता के लिए पेरिस पहुंचे हैं। यह दौरा फरवरी 2026 में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के भारत दौरे के बाद हो रहा है। यह भारत और यूरोप के बीच लगातार हो रहे उच्च-स्तरीय संपर्कों को दिखाता है।

### रक्षा, सिविल न्यूक्लियर एनर्जी समेत कई अहम मुद्दों पर होगी चर्चा

विदेश मंत्रालय के मुताबिक, मिस्री फ्रांस के विदेश मंत्रालय के सेक्रेटरी जनरल मार्टिन ब्रिएंस के साथ मिलकर इस बैठक की सह-अध्यक्षता करेंगे। इसमें रक्षा, सिविल न्यूक्लियर एनर्जी, अंतरिक्ष, साइबर और डिजिटल क्षेत्र, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), इनोवेशन और लोगों के बीच आपसी संपर्क और सांस्कृतिक रिश्तों जैसे कई मुद्दों पर चर्चा होगी।

साथ ही, दोनों देश वैश्विक और क्षेत्रीय हालात पर भी बात करेंगे। फ्रांस में अपने दौरे के दौरान मिस्री कई अन्य वरिष्ठ अधिकारियों और गणमान्य लोगों से भी मुलाकात करेंगे।



### जर्मनी भी जाएंगे

विक्रम मिस्री फ्रांस के बाद जर्मनी जाएंगे, जहां वह जर्मन विदेश मंत्रालय के स्टेट सेक्रेटरी गेजा एंड्रियास वॉन गेर के साथ विदेश कार्यालय वार्ता की सह-अध्यक्षता करेंगे। उनका दोनों देशों का दौरा जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के 2026 की शुरुआत में भारत दौरे के बाद हो रहा है। यह भारत और यूरोप के बीच नियमित उच्च-स्तरीय बातचीत का हिस्सा है। इससे दोनों देशों के साथ भारत के रिश्तों की पूरी तस्वीर की समीक्षा करने और अहम क्षेत्रों में सहयोग को आगे बढ़ाने का मौका मिलेगा।

## नाइजीरियाई वायुसेना ने अपने ही लोगों को बनाया निशाना, 200 की मौत

एजेंसी ▶▶ मैदुगुरी

नाइजीरिया के पूर्वोत्तर इलाके में आतंकियों का पीछा कर रहे सेना के लड़ाकू विमानों की गलत बमबारी ने बाजार को श्मशान में तब्दील कर दिया। योबे राज्य के सीमावर्ती इलाके में स्थित एक साप्ताहिक बाजार पर हुई इस बमबारी में कम से कम 200 लोगों के मारे जाने की आशंका जताई जा रही है। घटना शनिवार रात की है, जब नाइजीरियाई वायुसेना के जेट विमान कट्टरपंथी संगठन बोको हराम के आतंकियों की तलाश में थे। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, विमानों ने बोर्नो और योबे राज्य की सीमा पर स्थित जिल्ली नामक गांव के बाजार को निशाना बनाया।

# रेलमंत्री जी कृपया ध्यान दें... मप्र की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने उठाया झांसी स्टेशन के अव्यवस्था का मामला

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधाओं और व्यवस्थाओं को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। मध्यप्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने झांसी रेलवे स्टेशन पर अपने साथ हुई घटना का विस्तृत विवरण साझा करते हुए रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से इस मुद्दे पर गंभीरता से ध्यान देने की मांग की है।

### समय पर पहुंचने के बावजूद छूटी ट्रेन

*उमा भारती ने सोशल मीडिया के माध्यम से रेलमंत्री को बताया, वह झांसी रेलवे स्टेशन पर निर्धारित समय से पहले पहुंच गई थीं। हालांकि, जिस ट्रेन पंजाब मेल में उन्हें सवार होना था, वह तय समय से पहले ही स्टेशन पर पहुंची और निर्धारित समय से लगभग 2 मिनट पहले ही प्रस्थान कर गई। बैटरी कार से प्लेटफॉर्म बदलते समय आई बाधाएं उन्होंने बताया कि उनकी शारीरिक असमर्थता को देखते हुए रेलवे अधिकारियों ने बैटरी कार की व्यवस्था की थी, जिससे उन्हें प्लेटफॉर्म नंबर 1 से प्लेटफॉर्म नंबर 4 तक ले जाया जा रहा था। लेकिन इसी दौरान कई अप्रत्याशित बाधाएं सामने आईं। जिस ट्रैक को पार करना था, उस पर एक ट्रेन लंबे समय तक गुजरती रही, जिससे उन्हें रुकना पड़ा। आगे बढ़ने पर ट्रैक पर एक हाथ ठेला फंसा हुआ मिला, जिसे हटाने में उनके साथ मौजूद सुरक्षाकर्मियों को मदद करनी पड़ी। इन देरी के कारण जब तक वह प्लेटफॉर्म नंबर 4 पर पहुंचीं, उनकी ट्रेन समय से पहले आई और समय से पहले निकल चुकी थी।*

### किसी की व्यक्तिगत गलती नहीं, व्यवस्था जिम्मेदार

*उमा भारती ने स्पष्ट किया कि वह न तो झांसी रेलवे के स्थानीय अधिकारियों को दोषी मानती हैं और न ही खुद को। उनके अनुसार, "यह पूरी समस्या रेलवे की व्यवस्था और संचालन प्रणाली में व्यावहारिक संवेदनशीलता की कमी के कारण हुई है।" उन्होंने यह भी कहा कि रेलवे के आधुनिकीकरण के साथ-साथ पुरानी व्यवस्थाओं को भी सजग और सुचारू बनाए रखना जरूरी है।*

### आम यात्रियों, दिव्यांगों और महिलाओं की परेशानी पर चिंता

*यात्री ने विशेष रूप से आमजन, दिव्यांगजनों, बुजुर्गों और छोटे बच्चों के साथ यात्रा करने वाली महिलाओं की समस्याओं को उठाया। उन्होंने कहा कि भारी सामान और अव्यवस्थित प्लेटफॉर्म के कारण ये वर्ग सबसे अधिक प्रभावित होते हैं।*

### रेल मंत्री से हस्तक्षेप की मांग

*उमा भारती ने रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव और रेलवे मंत्रालय से अपील की है कि वे इस तरह की अव्यवस्थाओं पर तत्काल ध्यान दें और सुधारात्मक कदम उठाएं। साथ ही उन्होंने संकेत दिया कि वह मथुरा और झांसी स्टेशन की घटनाओं को लेकर व्यक्तिगत रूप से भी अधिकारियों से मिलकर चर्चा करेंगी। यह घटना रेलवे के बुनियादी ढांचे और संचालन में मौजूद कमियों को उजागर करती है। खासकर समय प्रबंधन, प्लेटफॉर्म कनेक्टिविटी और यात्रियों के लिए सुरक्षित व सुलभ सुविधाओं को लेकर सुधार की आवश्यकता एक बार फिर सामने आई है।*




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109